सुप्रभात
रांची, बुधवार
09.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

आजादी का अमृत महोत्सव

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, अष्टमी/नवमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 30

06 आदिवासी समाज अपनी पहचान बचा पायेगा?

## उद्घाटन समारोह

# झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023

समृद्ध **आदिवासी जीवन दर्शन** की झलकियां

### मुख्य आकर्षण

- **जनजातीय इतिहास, साहित्य, मानवशास्त्र आदि पर संगोष्ठियां**
  आदिवासी अर्थव्यवस्था, आदिवासी इतिहास, आदिवासी ज्ञान और मानवविज्ञान, आदिवासी साहित्य
- **सांस्कृतिक कार्यक्रम**
  आंध्र प्रदेश का कोम्मु कोया नृत्य
  ओडिशा का परोजा नृत्य
  राजस्थानी वालार नृत्य
  केरल का पालियन नृत्य
  सरायकेला का छऊ नृत्य
  नागपुरी लोक नृत्य
  पाइका नृत्य
  उरांव समुदाय का लोक नृत्य
  गोंड आदिवासी समुदाय का किहो नृत्य
  कर्नाटक का दमनी लोक नृत्य
  अरुणाचल प्रदेश का रेखम पड़ा नृत्य
  असम का का लेवा टाना एवं बिहू नृत्य
  गुजरात का सिद्धी धमाल नृत्य
- **राष्ट्रीय आदिवासी चित्रकला शिविर**
  गोंड पेंटिंग, वारली पेंटिंग, सउरा पेंटिंग और झारखण्ड की समकालीन पेंटिंग
- **आदिवासी फिल्म महोत्सव**
  कैमरा से कविताई
- **परिधान फैशन शो**
  आदिवासी परिधान का प्रदर्शन
- **खान-पान**
  आदिवासी व्यंजन

**मुख्य अतिथि**
**श्री शिबू सोरेन**
माननीय **अध्यक्ष, राज्य समन्वय समिति**
सह **सांसद, राज्यसभा**

**अध्यक्षता**
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय **मुख्यमंत्री, झारखण्ड**



9 अगस्त 2023
समय: अपराह्न 12:00 बजे से
**बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, रांची**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 304244 (IPRD) 23-24

## भाजपा एससी मोर्चा की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को पूरा करना प्राथमिकता : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपनों को पूरा करना पार्टी की प्राथमिकता है। श्री मरांडी मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पार्टी के एससी मोर्चा की आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक भोजन, आवास, शिक्षा, चिकित्सा आदि का लाभ पहुंचना भाजपा के कार्यकर्ताओं की प्राथमिकता होनी चाहिये। इसके लिए जरूरी है कि कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को जोड़ने का काम करें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज पूरे विश्व को बता दिया है कि नया भारत है। जिस वक्त पूरा विश्व कोरोना की संकट से जूझ रहा था, उस वक़्त नरेंद्र मोदी ने अपने देश को मुफ्त में टीका दिया। उन्होंने कहा कि पीएम नमो ने दूसरे देशों को भी टीका उपलब्ध कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के दलित, शोषित, वंचित लोगों को सम्मान देने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इस पार्टी की रीढ़ कार्यकर्ता हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को कहा कि हमे समाज के बीच जाकर केंद्र सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि आज देश और राज्य मे कई ऐसे संगठन सक्रिय हैं जो दलित समाज को धर्म के नाम पर तोड़ने का काम कर रहे हैं। ऐसे संगठन से अपने समाज को बचाने के साथ-साथ उन्हें जागरूक भी करें। उन्होंने कहा कि आज भाजपा के पास 9 में 6 अनुसूचित जाति के आरक्षित विधान सभा सीट है। साथ ही, एक मात्र अनुसूचित जाति की लोक सभा की सीट भी है। ऐसे में इस बार के चुनाव में सभी 9 विधान सभा सीट और एक लोक सभा की सीट भाजपा के खाते में जाये, इसके लिए अभी से प्रयास करना है।

मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मोर्चा ने पिछले तीन वर्षों में राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के सभी कार्यक्रमों को पूर्ण किया है। समय समय पर प्रदेश, जिला और मंडल स्तर पर बैठकें आयोजित करती रही है। दलितों के खिलाफ जब भी कोई अत्याचार हुआ है, उसके खिलाफ मोर्चा ने सड़क से सदन तक आंदोलन किया है। उन्होंने बताया कि 17 अगस्त 2023 से दो महीने के लिए राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का प्रवास होना है। मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री जीतू चरण राम ने कार्यकर्ताओं को पार्टी से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे के विषय मे बताया।

कार्यक्रम में नीरज पासवान, सीताराम रवि, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री, प्रदेश मंत्री आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रंजय भारती ने किया।

# 13 जिलों में बिना प्लेसमेंट एजेंसी के बेची जा रही शराब, 31 अगस्त को खत्म हो जायेगी डेडलाइन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में शराब बेचने के लिए प्लेसमेंट एजेंसियों की डेडलाइन 31 अगस्त को समाप्त हो जाएगी। ऐसे में शराब बिक्री में संकट आने की संभावना व्यक्त की गई है। हालांकि, शराब बिक्री के लिए प्लेसमेंट एजेंसियों के नहीं मिलने पर दैनिक मजदूरों से शराब की बिक्री की जा रही है। अबतक झारखंड के 13 जिले ऐसे हैं, जहां शराब बिक्री के लिए कोई एजेंसी सामने नहीं आयी है। ऐसे जिलों में राज्य सरकार के आदेश पर आगामी 31 अगस्त तक के लिए उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग को दैनिक मानदेय पर सेल्समैन रखकर शराब बेचने की अनुमति है। यह चार महीने की डेडलाइन भी समाप्त होने के कगार पर है। बता दें कि 31 अगस्त को डेडलाइन समाप्त हो जाएगी। इसके बाद इन जिलों में शराब कैसे बिकेगी, यह निर्णय अभी नहीं लिया जा सका है। हो सकता है राज्य सरकार राजस्व हित को ध्यान में रखते हुए डेडलाइन आग भी बढ़ाए। फिलहाल, कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है।

**जोखिम उठाने से बच रही राज्य सरकार :** छत्तीसगढ़ मॉडल के आधार पर गत वित्त वर्ष में शुरू हुई उत्पाद नीति से राज्य में शराब बिक रही है। हालांकि राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ की परामर्शी व प्लेसमेंट एजेंसी को पहले ही हटा दिया है। वहां शराब घोटाला उजागर होने के बाद उसकी हलचल झारखंड में भी दिखी, जिसके बाद से ही विभाग फूंक-फूंककर आगे बढ़ रहा है।

**शराब बिक्री के लिए प्लेसमेंट एजेंसियों ने नहीं ली रुचि :** राज्य में दस-दस टेंडर के बावजूद खुदरा शराब दुकानों के संचालन के लिए प्लेसमेंट एजेंसियों ने रुचि नहीं ली है। वर्तमान में धनबाद, बोकारो, प. सिंहभूम चाईबासा, हजारीबाग, रामगढ़, सरायकेला-खरसांवा, कोडरमा, दुमका, पाकुड़, जामताड़ा, साहिबगंज, गोड्डा व चतरा जिले में एक मई से झारखंड बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से ही दैनिक मानदेय पर मजदूर रखकर शराब बेची जा रही है।

**हर दिन औसतन आता है 5 करोड़ का राजस्व :** राज्य में शराब की बिक्री से प्रतिदिन औसतन पांच करोड़ का राजस्व आता है। यही वजह है कि सरकार ने एक मई से दुकान बंद करने का जोखिम नहीं उठाया। प्लेसमेंट एजेंसियों के नहीं मिलने के बावजूद 31 अगस्त तक खुदरा शराब दुकानों का संचालन दैनिक मानदेय पर कराया जा रहा।

## खबर एक नजर में

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 11 अगस्त को

**रांची।** झारखंड मंत्रिमंडल की बैठक 11 अगस्त को होगी। प्रोजेक्ट भवन में शाम 4 बजे से होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर मंजूरी दी जाएगी। राज्य में कई जलापूर्ति योजनाओं की भी स्वीकृति दी जाएगी। इसके अलावा सड़क निर्माण सहित अन्य योजनाओं की भी मंजूरी मिलेगी। बैठक संबंधी सूचना मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग में जारी कर दी है और सभी विभागों से प्रस्ताव मांगा गया है।

### अब मुफ्त में मिलेगी कोर्ट आदेश की कॉपी

**हाईकोर्ट ने सिविल कोर्ट को दिया निर्देश**

**रांची।** अब सिविल कोर्ट द्वारा जिन अभियुक्तों की जमानत अर्जी खारिज होगी, उन्हें बिना किसी शुल्क के न्यायालय के आदेश की कॉपी मिलेगी। झारखंड हाईकोर्ट ने आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि जो भी विचाराधीन कैदी जेल में बंद हैं, वह जमानत अर्जी रद्द होने पर उसकी कॉपी नि:शुल्क प्राप्त करने के अधिकारी हैं इसलिए राज्य के सभी ट्रायल कोर्ट को यह निर्देश दिया जाता है कि जमानत याचिका रद्द होने पर अभियुक्त के वकील को बिना किसी शुल्क के रिजेक्शन ऑर्डर की कॉपी मुहैया करायें। यह कॉपी सभी न्यायिक कार्यों में सर्टिफाइड कॉपी के रूप में भी इस्तेमाल की जा सकेगी।

### दाहू की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई 14 को

**रांची।** आर्म्स एक्ट एवं हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी दाहू यादव उर्फ राजेश यादव की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई अब 14 अगस्त को होगी। दरअसल 14 अगस्त को इस मामले के अन्य आरोपियों की भी अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई होनी है, जिस कारण कोर्ट ने इस मामले की भी सुनवाई उसी दिन निर्धारित की है। दाहू यादव 1000 करोड़ रुपए के अवैध खनन मामले में आरोपी पंकज यादव का सहयोगी है।

### राजू गोप का केस ट्रायल तीन माह में हो पूरा

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में कुख्यात अपराधी राजू गोप की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई हुई। अदालत ने एक ही केस में दो बार आरोप गठित करने के निचली अदालत के एक फैसले को रद्द करते हुए तीन महीने में ट्रायल पूरा करने का निर्देश दिया। उसके खिलाफ रांची की निचली अदालत ने 23 अगस्त 2021 को आरोप गठित किया था। राजू गोप के खिलाफ रांची समेत अन्य जिलों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### बनहोरा में कांग्रेस की आदिवासी गौरव महासभा

**रांची।** विश्व आदिवासी दिवस पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने बुधवार को अगस्त क्रांति के अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद अपराह्न 12.30 बजे से बनहोरा स्थित मैदान में आदिवासी गौरव महासभा का आयोजन किया है। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित मंत्री एवं पार्टी के नेता उपस्थित रहेंगे।

### आदिवासियों के विकास का संकल्प लें : लंबोदर

**रांची।** आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने विश्व आदिवासी दिवस पर झारखंडवासियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि हमसब को आदिवासियों की भाषा, संस्कृति, परंपरा का संरक्षण एवं विकास के साथ-साथ नयी पीढ़ियों के उत्थान, भलाई व सर्वांगीण विकास के लिए संकल्प लेने की जरूरत है। संस्कृति व परंपराओं के संरक्षक आदिवासी समाज ने पूरी दुनिया को सीख दी है। खेल के विभिन्न क्षेत्रों में इस समाज के खिलाड़ियों ने एक खास मुकाम हासिल किया है। ग्रामीण परिवेश में सीमित संसाधन के बावजूद कई आदिवासी पुरुष व महिलाओं ने खेल के क्षेत्र में झारखंड का मान बढ़ाया है।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा

# श्री सोरेन पहले सिटिंग सीएम, जिन्हें पूछताछ के लिए ईडी ने दो बार बुलाया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी से दोबारा समन जारी किये जाने पर प्रतिक्रिया दी है। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सिटिंग सीएम के रूप में ईडी के समक्ष प्रस्तुत होने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि इस बार हेमंत सोरेन पर जो आरोप लगे हैं वे मनी लॉड्रिंग के हैं, उसके बारे में इडी उनसे पूछताछ करेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें जवाब देना ही होगा कि उनके खानदान ने एवं उन्होंने गरीब आदिवासी की जमीन पर गड़बड़झाला किया है या नहीं। उन्होंने कहा कि अब कोई आदिवासी कार्ड सीएम हेमंत के काम नही आयेंगे क्योंकि आदिवासी समाज भी उनको समझ चुका है।

# धनबाद में वायु गुणवत्ता में सुधार नहीं होने तक किसी भी नये हार्ड या सॉफ्ट कोक इकाई की स्थापना नहीं हो : राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष

**रांची।** झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद अध्यक्ष शशिकर सामंता ने धनबाद शहर की वायु गुणवत्ता की स्थिति में सुधार को लेकर मंगलवार को डोरंडा स्थित पलाश सभागार में बैठक की। बैठक में धनबाद शहर की वायु गुणवत्ता की स्थिति पर चर्चा की गयी। अध्यक्ष शशिकर सामंता ने सभी संबंधित खनन इकाइयों को वायु गुणवत्ता सुधार करने की दिशा में उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही उनका अनुपालन सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया। पर्षद ने निर्णय लिया कि धनबाद जिले के वायु गुणवत्ता में सुधार दर्ज नहीं किये जाने तक जिले में किसी भी नये हार्ड कोक एवं सॉफ्ट कोक इकाई को स्थापना सहमति आदेश न दिये जायें। साथ ही अध्यक्ष ने बीसीसीएल, सेल एवं टाटा स्टील के प्रतिनिधियों को यह सुझाव दिया कि वायु गुणवत्ता से संबंधित शोध/अनुसंधान हो जिससे इस दिशा में अन्य महत्वपूर्ण कदम उठाये जा सकें। सभी इकाइयों ने इस प्रस्ताव पर सहमति जतायी। बता दें कि धनबाद में छोटी-बड़ी 130 कोलियरी खदान है।

बैठक में वाईके दास सदस्य सचिव झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, धनबाद, खनन विभाग, बीसीसीएल, सेल, टाटा स्टील के उच्च पदाधिकारी एवं पर्षद के अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी उपस्थित हुए।

# मिशन 2024 की तैयारी में जुटे राजनीतिक दल मतदाताओं को साधने के लिए निकालेंगे यात्रा

सत्येन्द्र

**रांची।** मिशन 2024 को लेकर झारखंड में लगभग सभी राजनीतिक दल अपनी जीत का परचम लहराने के लिए जोड़-घटाव में जुट गये हैं। एनडीए बनाम आइएनडीआईए की 2024 में होने वाली चुनावी संघर्ष से पहले यात्रा के माध्यम से सभी दलों के नेताओं ने जनता के बीच जाने का मन बनाया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी एक बार फिर झारखंड भारत जोड़ो यात्रा 2-0 की तैयारी में है। वहीं प्रदेश कांग्रेस आदिवासी वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए विश्व आदिवासी दिवस पर 9 अगस्त को राजधानी रांची के बनहोरा में आदिवासी गौरव महासभा का आयोजन कर आदिवासियों के बीच संदेश देना चाह रही है। वहीं झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण की तैयारी में लगे हैं। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जहां 17 अगस्त से राज्य के 81 विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की संकल्प यात्रा पर निकलेंगे, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो जहां हल्ला बोल जन पंचायत यात्रा कर रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव और जदयू भी इसी तरह की राजनीतिक यात्रा की तैयारी में लगे हैं। नेताओं की चुनावी यात्रा से पहले ही आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। लोकसभा के चुनावी मैदान मे उतरने वाले झारखंड के सभी राजनीतिक दल राज्य के 14 में 14 लोकसभा सीट को जीतने का दावा करने में कोताही नहीं बरत रहे हैं।

### चुनावी यात्रा की कवायद नयी नहीं

चुनावी यात्रा के सहारे वोटरों को साधने की कवायद कोई नयी नहीं है। अंतर सिर्फ इतना है कि पहले यात्रा राष्ट्रीय स्तर पर होती थी। चाहे लालकृष्ण आडवाणी की भारत उदय यात्रा हो, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा फिर काफी पहले की गई चंद्रशेखर की यात्रा हो। अब इस तरह की यात्रा का छोटा प्रारूप खासकर झारखंड में भी मतदाताओं को देखने के लिए मिलेगा।

### कांग्रेस का बीजेपी पर तंज

बीजेपी के संकल्प यात्रा पर तंज कसते हुए कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी लगातार यात्रा करते रहती हैं। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा निकाले उसका स्वागत है। लेकिन राज्य की जनता उनसे उम्मीद कर रही है कि वह देश के बदतर आर्थिक स्थिति, मणिपुर पर पीएम के मौन रहने, बेरोजगारी, महिलाओं पर जुल्म सहित कई मुद्दों पर अपनी बात कहेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि बाबूलाल मरांडी अपनी संकल्प यात्रा के दौरान यह भी जनता को बताएंगे कि उन्होंने इससे पहले भाजपा में नहीं जाने और कुतुब मीनार से कूद जाने का संकल्प लिया था उस संकल्प से वह पीछे क्यों हट गए।

# पश्चिमी सिंहभूम में पांच नक्सली गिरफ्तार, क्लेमोर बम बरामद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम जिला पुलिस को नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान में एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सीआरपीएफ की मदद से भाकपा माओवादी संगठन के पांच नक्सलियों को भारी मात्रा में बम व अन्य सामानों के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने इस संबंध में प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि टोटों थाना क्षेत्र के गौबुरु में भाकपा माओवादी के सदस्यों का एक ग्रुप पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए जगह-जगह आईईडी बम लगाकर गांव के आसपास रहकर पुलिस की गतिविधि पर निगरानी रख रहा था। इस सूचना पर तत्काल एक टीम का गठन अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में किया गया और गौबुरु के आसपास में सर्च अभियान चलाया गया। सर्च अभियान के दौरान ही गौबुरु गांव से जयसिंह अंगरिया उर्फ राउतु अंगरिया, मदन अंगरिया, अभिषेक हांसदा उर्फ मटलू उर्फ चौड़े , सुकलाल बानरा उर्फ चाड़ा, मोने तियु को पकड़ा गया। पुलिस द्वारा जब इनकी तालाशी ली तो संदिग्ध वस्तु बरामद हुई। पूछताछ करने पर बताया कि ये लोग प्रतिबंधित भा०क०पा० माओवादी के साथ पुलिस बल को क्षति पहुंचाने के लिए गौबुरू के जंगल में कई जगह पर आइइडी बम लगाये हैं। पकड़ाये पांचो नक्सली भाकपा माओवादी के सक्रिय अश्विन, सुशांत, अपटन दा के दस्ता के सदस्य हैं। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर दो केन प्रेशर आइइडी, दो केन प्रेशर आइइडी, 01 पाईप आइइडी (क्लेमोर बम) कमांड मैकानिज्म, केन प्रेशर आइइडी बरामद हुआ। नक्सलियों ने बताया कि ये झीलरुवां हथियार लूट कांड में एवं मोने, सुखलाल बानरा उर्फ चाड़ा एवं अभिषेख हांसदा उर्फ चौड़े ये तीनों बलजोड़िया, मेरलगाड़ा मैगजीन लूट कांड में भी शामिल थे।

# राज्य के सरकारी स्कूल के बच्चों का बनेगा आभा कार्ड

**रांची।** रांची के नेपाल हाउस स्थित विकास आयुक्त सभागार में मंगलवार को स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम की राज्यस्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कार्यक्रम की सफलता के लिए गहन मॉनिटरिंग पर जोर दिया। स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने की योजना बनाने की बात कही। साथ ही हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की संख्या बढ़ाने का सुझाव दिया। आरबीएस के चिकित्सकों द्वारा स्कूली बच्चों का आभा कार्ड बनाने का निर्देश दिया। झारखंड विद्यालय स्वास्थ्य अभियान के तहत द्वितीय चरण की शुरूआत 5 सितंबर से करने की बात कही। बैठक में एनएचएम के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ बीरेंद्र सिंह, आदिवासी कल्याण विभाग के प्रतिनिधि और राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ आरएन शर्मा समेत कई विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## डुमरी विधानसभा उपचुनाव को लेकर नेताओं के ताबड़तोड़ दौरे शुरू, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी हुए रेस

# डुमरी में बजा चुनावी डंका, सीएम हेमंत और बाबूलाल का होगा लिटमस टेस्ट

**05 सितंबर को मतदान**

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी 17 अगस्त से करेंगे प्रवास**

उदय चौहान



**रांची।** झारखंड की राजनीतिक फिजां में फिर एक बार उपचुनाव का डंका बजने लगा है। चुनाव आयोग ने डुमरी उपचुनाव के मतदान की तिथि पांच सितंबर तय कर दी है। इसी के साथ राजनीतिक दलों की रणनीतिक धमा-चौकड़ी भी शुरू हो गयी है। सीएम हेमंत सोरेन ने महागठबंधन की ओर से पहले ही डुमरी में योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन कर मास्टर स्ट्रोक डाल दिया है। अब, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी 17 अगस्त से प्रवास कर सकते हैं। एनडीए व आइएनडीआइए की ओर से उपचुनाव में भिडंत होना तय है। आइएनडीआइए की ओर से सीएम हेमंत सोरेने ने दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरन्नाथ महतो की बेवा बेबी देवी को मंत्री बना कर अपना मजबूत दांव खेला है। जाहिर है कि इस उपचुनाव में सत्ताधारी दल की ओर से मंत्री बेबी देवी ही प्रत्याशी होंगी। वहीं, एनडीए की ओर से अभी भाजपा और आजसू के बीच मंथन का दौर ही चल रहा है। अभी यह तय नहीं हो सका है कि विपक्ष की ओर से भाजपा या आजसू किसका प्रत्याशी होगा। बावजूद इसके सीएम हेमंत सोरेन और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का चुनावी लिटमस टेस्ट होना तय है।

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार इस उपचुनाव में सीधे तौर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भाजपा के नवमनोतीत प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की प्रतिष्ठा दांव पर है। डुमरी का चुनावी माहौल इमोशन और करप्शन शब्द के ईर्द गिर्द घूम रहा है। चुनावी तारीख के ऐलान से पहले सीएम ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र के नावाडीह में मौजूद बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में योजनाओं की झोली खोल कर अपना दांव चल दिया है। उन्होंने 17097.82 लाख की अलग-अलग योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर बता दिया कि यह सीट उनके लिए कितने मायने रखती है। उन्होंने बीते सोमवार को भी बोकारो में पांच सौ बेड का हॉस्पिटल खोलने की घोषणा कर चुनावी बढ़त हासिल करने की कोशिश की है। इस मौके पर सीएम ने सावित्री बाई फुले योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम जैसी योजनाओं का जिक्र कर वोटरों को लुभाने का भी प्रयास किया है। साथ ही, निजी क्षेत्रों में स्थानीय को 75 प्रतिशत आरक्षण के लिए उठाये गये कदम की जानकारी दी। उन्होंने सौ यूनिट तक फ्री बिजली देने, छात्रों को विदेश में पढ़ाई का मौका देने और उच्च शिक्षा के लिए कम ब्याज पर ऋण देने के लिए किये जा रहे कार्यों को गिनाया। उन्होंने जगरनाथ महतो को अमर रखने के लिये बेबी देवी को जीताने की अपील की है।

### झामुमो को इमोशन का सहारा

झामुमो ने इमोशन का फॉमूर्ला मधुपुर में भी आजमाया था। झामुमो नेता हाजी हुसैन अंसारी के निधन के बाद उनके पुत्र हफीजुल हसन को मंत्री बना कर उपचुनाव में विजय हासिल की थी। लेकिन सवाल है कि क्या डुमरी में भी वही फायदा मिल सकता है। जानकारों का कहना है कि हाजी हुसैन के पुत्र काफी पहले से राजनीति कर रहे थे। उनकी क्षेत्र में अच्छी पकड़ थी। लेकिन बेबी देवी के लिये यह सब बिल्कुल नया है। वह अचानक घर की चहारदीवारी से बाहर निकलीं हैं। पार्टी के आंतरिक खींचतान को समझना और सुलझाना आसान काम नहीं होता है। दरअसल, 6 अप्रैल को जगरनाथ महतो के निधन की खबर चेन्नई से आई थी।सीएम ने जगरनाथ महतो के निधन के तीन माह पूरा होने से पहले ही उनकी पत्नी बेबी देवी को 11वें मंत्री के रूप में शपथ दिला दी। उसी वक्त पार्टी ने साफ कर दिया था कि वह बेबी देवी को आगे करके ही चुनाव लड़ेगी।

### भाजपा ने भ्रष्टाचार को बनाया है मुद्दा

भाजपा ने उपचुनाव को लेकर भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाया है। हालांकि, 2019 के विधानसभा चुनाव के बाद दुमका, मधुपुर, बेरमो, मांडर और रामगढ़ में उपचुनाव हो चुके हैं। सिर्फ रामगढ़ को छोड़ दें तो सभी सीटों को बचाने में सत्ताधारी दल सफल रहे हैं। लेकिन डुमरी उपचुनाव के वक्त की तस्वीर अलग है। झारखंड में चल रही ईडी की कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। दो आईएएस अधिकारी समेत कई पत्थर कारोबारी और ब्रोकर सलाखों के पीछे हैं। स्वयं सीएम को ईडी ने दो बार समन किया है। बाबूलाल मरांडी भ्रष्टाचार के हवाले से सरकार को खासकर सोरेन परिवार को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं।

## केंद्रीय रेल मंत्री से मिले सांसद संजय सेठ

# एनाकुर्लम और अहमदाबाद के लिए जन साधारण एक्सप्रेस : संजय सेठ



### रांची में रेल सुविधाओं को मिलेगा नया विस्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सांसद संजय सेठ ने कहा है कि जल्द ही एनाकुर्लम व अहमदाबाद के लिये जन साधारण एक्सप्रेस दौड़ेगी। यहां रेल यात्री सुविधाओं का विस्तार होने वाला है। इस निमित्त सांसद श्री सेठ के द्वारा विगत एक पखवाड़े में संसद सत्र के दौरान लगातार प्रयास का प्रतिफल सामने आया है। लंबे समय से प्रतिक्षित हटिया से कोयंबटूर होते हुये एनाकुर्लम के लिए जनसाधारण एक्सप्रेस का परिचालन और हटिया से अहमदाबाद के लिए जनसाधारण एक्सप्रेस का परिचालन बहुत जल्द आरंभ होगा। यह सफलता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसके माध्यम से दक्षिण भारत सहित गुजरात तक की झारखंड के लोगों की यात्रा सुगम और आसान हो सकेगी। इसके अलावे रांची लोहरदगा पैसेंजर ट्रेन में 12 डिब्बों को बढ़ाकर 16 डब्बा करने का मामला पूर्ण हो चुका है। कई स्टेशनों पर 12 डब्बों के रुकने तक की लंबाई के ही प्लेटफार्म हैं।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, बुधवार

09.08.2023

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

* नगर संस्करण । पेज : 12 | श्रावण (मलमास), कृष्ण पक्ष, अष्टमी/नवमी, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 30 | khabarmantra.net

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में आज भी बहस

**नयी दिल्ली।** अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच मंगलवार को तीखी बहस हुई। विपक्ष के सुप्रिया सूले, डिंपल यादव समेत कई और दलों के नेताओं ने हमला बोला। वहीं सत्ता पक्ष से निशिकांत दुबे, किरेण रिजीजू समेत कई और नेताओं ने विपक्ष को करारा जवाब दिया। बुधवार को भी चर्चा जारी रहेगी।

### चाईबासा में पांच नक्सली गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम।** चाईबासा में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों ने पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनमें जय सिंह अंगरिया उर्फ राउतु अंगरिया, मदन अंगरिया, अभिषेक हंसदा उर्फ मटलू उर्फ चौड़े, सुकलाल बानरा उर्फ चाड़ा व मोने तियू शामिल हैं।

### झारखंड में लंपी वायरस की दस्तक

**रांची।** झारखंड में लंपी वायरस ने फिर से दस्तक दे दी है। लोहरदगा जिले में कई जगहों पर इस वायरस की मौजूदगी के निशान मिले हैं। इसे लेकर एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं। इस दौरान मवेशियों से सैंपल एकत्र किये गये हैं, जिनकी जांच भोपाल में करायी जायेगी।

### डीएसपी पर गोली चलाने के आरोपी का सरेंडर

**रांची।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) में पदस्थापित डीएसपी नीरज और पतरातू थाना के दारोगा सोनू साव पर गोली चलाने के आरोपित रवि मुंडा ने मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। अन्य आरोपितों सिद्धार्थ कुमार उर्फ बॉबी और रंजन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### धनबाद में बदमाशों ने चलायी 3 राउंड गोली

**धनबाद।** जिले के भूली थाना क्षेत्र स्थित आरा मोड़ के समीप जिया साइबर कैफे संचालक परवेज पर मंगलवार को दिनदहाड़े दो हथियारबंद अपराधियों ने फायरिंग की। घटना में कैफे संचालक बाल-बाल बच गया। पुलिस ने मौके से तीन खोखा भी बरामद किया है।

### दंत चिकित्सा आयोग को संसद की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग, दंत चिकित्सा सलाहकार परिषद और दंत चिकित्सा शिक्षा को निगमित करने वाला राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक 2023 मंगलवार को राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसके साथ ही इस पर संसद की मुहर लग गयी। लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

राजधानी में दो दिवसीय विश्व आदिवासी महोत्सव आज से दिशोम गुरु करेंगे उद्घाटन

# आदिवासी नृत्य-संगीत, कला-संस्कृति की दिखेगी झलक

### महोत्सव की सभी तैयारी पूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दो दिवसीय विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रांची में झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन 9 और 10 अगस्त को होना है। इसके आयोजन की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। सूत्रों के अनुसार महोत्सव का उद्घाटन बुधवार को एक बजे दिशोम गुरु शिबू सोरेन करेंगे। वहीं समापन समारोह गुरुवार को अपराह्न एक बजे सीएम हेमंत सोरेन की उपस्थिति में होगा। यह आयोजन बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान (जेल पार्क) में होगा। समारोह में झारखंड की परंपराओं, संघर्षों और इतिहास को जानने का अवसर देगा फिल्म फेस्टिवल। उभरते युवा फिल्म निमार्ताओं को महोत्सव के जरिये मंच मिलेगा। साल 2019 के बाद लगातार ये दूसरा मौका है, जब झारखंड में आदिवासी महोत्सव का आयोजन हो रहा है। (शेष पेज 11 पर)



### आदिवासी कला-संस्कृति पर होगी संगोष्ठी

इस महोत्सव में आदिवासी कला-संस्कृति, नृत्य-संगीत, फैशन शो में झारखंड की परंपराओं की झलक दिखेगी। आदिवासी व्यंजन का मजा एक ही परिसर में उठा सकते हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली गयी है। कार्यक्रम में आदिवासी इतिहास, साहित्य, मानवशास्त्र पर संगोष्ठी, पैनल चर्चा, परिधान फैशन शो, आदिवासी व्यंजन, सांस्कृति कार्यक्रम, कला, संगीत एवं शिल्प प्रदर्शनी, राष्ट्रीय आदिवासी चित्रकला शिविर तथा आदिवासी फिल्म महोत्सव का आयोजन होगा। कार्यक्रम में सभी मंत्री, सांसद, विधायक व अन्य गणमान्य लोग शामिल रहेंगे।

**सेमिनार में शामिल होंगे प्रमुख साहित्यकार :** राष्ट्रीय सेमिनार में जनजातीय अर्थव्यवस्था, आदिवासी साहित्य, जनजातीय ज्ञान, मानवविज्ञान के अतीत और भविष्य आदि विषयों पर चर्चा की जायेगी। एक राष्ट्र के आर्थिक विकास में जितना महत्वपूर्ण योगदान शहरी अर्थव्यवस्था का होता है। उतना ही जनजातीय अर्थव्यवस्था का भी होता है। इस सेमिनार में आर्थिक व्यवस्था के दोहरे उद्देश्यों पर विशेष चर्चा की जायेगी। सेमिनार में डॉ सीपी चंद्रशेखर, डॉ जयति घोष, डॉ अमित भादुरी, डॉ प्रवीण झा, डॉ अरुण कुमार, डॉ ज्यां द्रेज, डॉ बेला भाटिया, डॉ रमेश शरण, डॉ जया मेहता और पी साईनाथ आदि अपनी बात रखेंगे।

## पांच सितंबर को होगा डुमरी उपचुनाव, 8 को मतगणना

### निर्वाचन आयोग ने जारी की अधिसूचना

- 17 अगस्त तक हो सकेगा नामांकन
- 18 को नामांकन पत्रों की जांच
- 21 अगस्त तक नाम वापस लेने का समय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन से खाली हुई डुमरी विधानसभा सीट पर पांच सितंबर को उपचुनाव होगा। आठ को मतों की गिनती होगी। मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। अधिसूचना के अनुसार 17 अगस्त कर नामांकन हो सकेगा। 18 को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 21 अगस्त तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। मालूम हो कि 6 अप्रैल को तत्कालीन शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का चेन्नई में इलाज के दौरान निधन हो गया था। तब से डुमरी विधानसभा सीट खाली है। लगभग चार महीने के बाद इस सीट पर निर्वाचन आयोग ने उपचुनाव का



एलान किया है। 10 सितंबर तक उपचुनाव से संबंधित सभी प्रकियाएं पूरी हो जायेंगी। निर्वाचन आयोग डुमरी के साथ-साथ त्रिपुरा, केरल, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की रिक्त सीटों पर भी पांच सितंबर को ही उपचुनाव कराने की घोषणा है।

### चार बार जीते थे टाइगर

झारखंड बनने के बाद से ही इस सीट पर झामुमो का कब्जा रहा है। अब तक हुए चार विधानसभा चुनाव में टाइगर के नाम से चर्चिच जगरनाथ महतो यहां से लगातार जीतते आये थे। अब यहां पर झामुमो की तरफ से उनकी पत्नी बेबी देवी को उम्मीदवार बनाना तय माना जा रहा है। फिलहाल, बेबी देवी सरकार में उत्पाद और मद्य निषेध मंत्री हैं। बेबी देवी ऐसी दूसरी मंत्री हैं जिन्हें विधानसभा सदस्य होने से पहले मंत्री बनाया गया है। इससे पहले हफीजुल हसन भी जीत से पहले ही मंत्री बनाये गये थे।

जबतक झारखंड रहेगा, निर्मल दा अमर रहेंगे : हेमंत सोरेन

# हर चेहरे पर खुशी हमारी प्रतिबद्धता



36वें शहादत दिवस पर बोले सीएम

- झारखंडियों के सच्चे मार्गदर्शक थे निर्मल दा
- अद्भुत थी उनकी निर्णय क्षमता
- उनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर, रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार हर वह काम कर रही है, जो राज्य की जनता के मान-सम्मान और हक-अधिकार से जुड़ा है। हर चेहरे पर मुस्कान लाना हमारी प्रतिबद्धता है। वे मंगलवार को वीर शहीद निर्मल महतो के 36वें बलिदान दिवस के अवसर पर उलियान, जमशेदपुर में आयोजित शहादत दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर सीएम ने शहीद निर्मल महतो के समाधि स्थल में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक झारखंड रहेगा, शहीद निर्मल महतो अमर रहेंगे। सही अर्थों में निर्मल दा झारखंडियों के मार्गदर्शक थे। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार अपने वीर शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बनाने में जुटी है।

**निर्मल दा की जगह कोई भर नहीं सकता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कुछ ऐसी चीजें हैं जो यहां के इतिहास में पत्थर की लकीर बन चुकी है। उन्हीं में से एक हैं शहीद निर्मल महतो। (शेष पेज 11 पर)

# जमीन घोटाले में छवि रंजन की जमानत याचिका खारिज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सेना के कब्जेवाली 4.55 एकड़ जमीन समेत अन्य भू-खंडों की अवैध खरीद-बिक्री मामले में जेल में बंद निलंबित आइएएस अधिकारी व रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी गयी। मंगलवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने यह फैसला सुनाया है। 5 अगस्त को कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। उस दौरान प्रार्थी के वकील ने कहा था



कि छवि रंजन मामले में निर्दोष हैं। उन पर मनी लाउंड्रिंग का केस नहीं बनता है, इसलिये उन्हें जमानत दी जाये। इसका विरोध ईडी के वकील शिव कुमार काका ने किया था। (शेष पेज 11 पर)

# नौ महीने के बाद सीएम को इडी का एक बार फिर समन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में मनी लांड्रिग और जमीन घोटाले की चल रही जांच में इडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सीएम हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया है। इडी ने उन्हें पूछताछ के लिए 14 अगस्त को बुलाया है। इडी ऑफिस में मंगलवार की सुबह से ही गतिविधि बढ़ी हुई थी। सीएम हेमंत सोरेन को दोपहर बाद इडी ने नोटिस भेजा।

हालांकि, इडी की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पायी है। इससे पहले मुख्यमंत्री से 18 नवंबर, 2022 इडी ने लंबी पूछताछ की थी। 6 मई 2022 को इडी ने मनरेगा घोटाले में राज्य की तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान इडी ने 19.41 करोड़ जब्त किया था।

जांच के बाद इडी ने बताया था कि जब्त पैसों में अधिकांश राशि राज्य के बड़े राजनीतिज्ञों और नौकरशाहों की है। इसके बाद आठ जुलाई 2022 को इडी ने अवैध खनन के मामले में पंकज मिश्रा और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में इडी ने 19 जुलाई 2022 को पंकज मिश्रा को मास्टरमाइंड बताते हुए गिरफ्तार किया था। बाद में इडी ने 25 अगस्त को सत्ता के गलियारे में चर्चित रहे प्रेम प्रकाश, सीए जे जयपुरिया के ठिकानें पर छापेमारी की।

### गुजरात से मेघालय तक पदयात्रा करेंगे राहुल

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी की अगुआई में भारत जोड़ो यात्रा पार्टी-2 की शुरुआत अगले महीने यानी सितंबर से शुरू हो सकती है। राहुल गांधी ने इस दौरान गुजरात से पदयात्रा शुरू कर कई राज्यों से होते हुए मेघालय तक पहुंचेंगे। लोकसभा की सदस्यता बहाल होने के पार्टी ने राहुल गांधी को लेकर एक खबर दी है। कांग्रेस सांसद गुजरात से मेघालय तक पदयात्रा करने की तैयारी में हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने राहुल की यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए बताया, राहुल की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण गुजरात से शुरू होगी।

इंडिया नहीं ये घमंडिया गठबंधन है, पार्टी बैठक में मोदी का कटाक्ष

# अविश्वास से भरा हुआ है विपक्षी गठबंधन : पीएम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने मंगलवार को विपक्षी गंठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस यानी इंडिया पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष खुद अविश्वास से भरा हुआ है, इसलिए वह संसद में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया है। सरकार के खिलाफ उनका अविश्वास प्रस्ताव यही दिखा रहा है। संसद के मानसून सत्र के 14वें दिन भाजपा संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही। बैठक को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि विपक्ष का नया गंठबंधन इंडिया नहीं घमंडिया गठबंधन है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आखिरी गेंद पर छक्का मारना है। इस घमंडिया गठबंधन को एकता से जवाब देना है। (शेष पेज 11 पर)

### पार्टी संसदीय दल की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



बैठक में मोदी ने विपक्ष की जमकर आलोचना की। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बैठक में पार्टी के सभी बड़े नेताओं ने भाग लिया। बैठक में सदन चलाने की रणनीति पर चर्चा की गयी। खासकर विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव से निपटने के लिए रणनीति तैयार की गयी। विपक्ष मणिपुर के मुद्दे को लेकर सरकार पर हमलावर है। मानसून सत्र 2023 के शुरू होने के दिन से विपक्ष मणिपुर मुद्दे को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास कर रहा है। विपक्षी दलों के नेताओं की मांग है कि पीएम मोदी मणिपुर मुद्दे पर संसद में बयान दें। मणिपुर की समस्या को लेकर अपना पक्ष रखें। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष इसपर नहीं माना। विपक्ष इस बात पर अड़ा है कि पीएम मोदी संसद में बयान दें। इसको लेकर सदन में लगातार गतिरोध बना हुआ है।



## स्पीड न्यूज

### पाटन : मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान को लेकर हुई समीक्षा बैठक



**पाटन पलामू।** मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान को लेकर पाटन प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में मुखिया व सभी अधिकारी शामिल थे। बैठक में कहा गया कि पंचायत स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। साथ ही वसुंध वंदना कार्यक्रम होगा। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायतों में मनरेगा अंतगत वृक्षारोपण से संबंधित कार्य किया जायेगा। कहा गया कि ग्राम सभा अंतर्गत मेरी मिट्टी मेरा देश से संबंधित बैठक व प्रचार प्रसार नौ अगस्त से 15 अगस्त तक किया जायेगा। मिट्टी यात्रा पंचायत से प्रखंड होते हुए दिल्ली तक कलश यात्रा होगी। बैठक में कई लोग शामिल थे।

### फाईलेरिया ना जानलेवा है न ही लाईलाज है : सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह



**मेदिनीनगर।** सरकार द्वारा फाईलेरिया उन्मूलन को लेकर कई कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इसके तहत 10 अगस्त से 25 अगस्त तक पलामू जिला के प्रत्येक गांवों में उन्मूलन हेतू कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे। इस कार्यक्रम के तहत अल्बेंडाजोल एवं डीईसी की गोली उम्र के अनुसार दिया जायेगा। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं में एक फाइलेरिया उन्मूलन भी महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने कहा कि फाईलेरिया एक गंभीर बीमारी है इसमें हाथ पैर का फुलना, हाइड्रोशील का बड़ा होना प्रमुख है। उन्होंने कहा कि हाईड्रोशिल का उपचार ऑपरेशन से संभव है। लेकिन हाथ पैर से ग्रसित रोगी जीवन काल तक इस बीमारी से ग्रसित रहते हैं। फाईलेरिया उन्मूलन के लिए पलामू जिला में कुल जनसंख्या के 19 लाख 91 हजार 297 लक्ष्य रखा गया है जिसकी शत प्रतिशत उपलब्धि के लिए जिला स्तर पर 2231 बूथ बनाये गये हैं। इसमें 4462 दवा प्रशासक रहेंगे। उन्होंने कहा कि एक से दो वर्ष वाले बच्चों को दवा नहीं देना है। प्रेस वार्ता में डीपीएम दीपक कुमार, सुखराम बाबू, जिला समन्वयक अनुप तिवारी, अनिल कुमार गुप्ता, डा मो सुहैल, डा जितेंद्र कुमार, अरबिंद कुमार दूबे, डा रवि व अन्य शामिल थे।

### माइक्रोसॉफ्ट वर्ड पर पांच दिवसीय परिचर्चा पाठ्यक्रम शुरू



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआइटी के सभागार में माइक्रोसॉफ्ट वर्ड पर पांच दिवसीय परिचर्चा पाठ्यक्रम मंगलवार से शुरू हुआ। जिसका आयोजन सतत शिक्षा एवं उद्यमिता केंद्र के द्वारा किया गया। इस कोर्स के संचालक अरविंद घोष है। वहीं इसका नेतृत्व आरसीयू के कुलपति डॉ कल्याण कुमार व कुलसचिव डॉ देवाशीष मंडल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। परिचर्चा कार्यक्रम का उदघाटन कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर व माइक्रोसॉफ्ट की जानकारी आज की अहम जरूरत बन चुकी है। परिचर्चा पाठ्यक्रम में कम्प्यूटर का बुनियादी संचालन, माइक्रोसॉफ्ट वर्ड का फॉर्मेटिंग व लेटर ताइपिंग की शिक्षा प्रतिभागियों को दी जायेगी। कोर्स के समापन पर पांचवे दिन सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा। परिचर्चा के प्रथम दिन कुलपति डॉ कल्याण कुमार ने माईक्रो प्रोफेसर के बारे में बताया। वहीं कुलसचिव देवाशीष मंडल ने माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस की जानकारी प्रतिभागियों को दी। परिचर्चा में डॉ जय प्रकाश, पीजी समन्वयक डॉ अशोक कुमार, डॉ आरके सिन्हा, प्रो गोविंद सिंह, डॉ संदेश कुमार, डॉ आरके तिवारी,खुशबू कुमारी, नीतू कुमारी, श्रीद्धि कुमारी, रचना कुमारी, ज्योति सिंह, अभिमन्यु ठाकुर, अमित कुमार, नारद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को लेकर हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखण्ड में बैठक



**हुसैनाबाद पलामू।** मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंगलवार को हुसैनाबाद, हैदरनगर प्रखण्ड परिषर में सभी पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। हुसैनाबाद में सभी पंचायत के मुखिया,एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रतन कुमार सिंह, बीपीओ, विष्णु मिश्रा, पंचायत सचिव व अन्य उपस्थित थे। जिसमें प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने यह कार्यक्रम के उद्देश्यों को विस्तृत जानकारी दिया एवं बारी बारी सभी पंचायत प्रतिनिधियों से अपने अपने पंचायत क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानी एवं थल सेना, नव सेना, वायु सेना या राज्य सरकार के जिला बल केंद्रीय बल स्पेश सुरक्षा बल जिन्हें शाहिद का दर्जा मिला है उनकी जानकारी लिया एवं स्थान चयन किया। यह कार्यक्रम 9 अगस्त से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक चलेगा। बीपीओ ने कार्यक्रम के स्वरुप की जानकारी देते हुए कहा कि सभी चिन्हित स्थलों जहां पर स्मारक बनाना है उस जगह पर स्वतंत्रता संगोष्ठी भी करना है। मौके पर मुखिया श्रवण राम, अमरेंद्र ठाकुर, सुदामा यादव, ओम प्रकाश राजवंशी, ममता देवी, नरेश पासवान, पूनम देवी, अवंती देवी, आंचल देवी, मीना देवी, विजय यादव आदि कई मुखिया थे। वहीं हैदरनगर प्रखण्ड परिषर में भी प्रखण्ड प्रमुख, बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, संसद प्रतिनिधि एवं पंचायत सेवक व कई मुखिया लोगो के अंचल पदाधिकारी नीरज कुमार एवं बीपीओ अमन कुमार ने बैठक किया एवं कार्यक्रम की जानकारी दिया।

### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का पर्यवेक्षण करेगी जांच टीम



**मेदिनीनगर।** फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2024 के पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों का पर्यवेक्षण जांच टीम करेगी। पुनरीक्षण संबंधी सभी कार्यों के उचित पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तर पर 11 जांच टीम का गठन किया जायेगा। जांच टीम मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों के तहत बीएलओ, पर्यवेक्षक, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर से संपादित किए जा रहे कार्यों का सतत पर्यवेक्षण करते हुए जांच प्रतिवेदन जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त को समर्पित करेंगे। उपायुक्त शशि रंजन ने निर्वाचन संबंधी समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिया। उपायुक्त ने फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में जिम्मेवारी पूर्वक एवं तत्परता के साथ कर्तव्य निर्वहन करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने मतदाता पुनरीक्षण संबंधित गतिविधियों में प्रगति लाने का सख्त निदेश दिया है। निर्वाचन संबंधी बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकरी प्रीति किस्को, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मिशन समृद्धि ने मनाया सावन महोत्सव



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था ने धूमधाम से हरियाली सावन महोत्सव अहिल्या गिरी के आवास पर मनाया। महिलाएं हरी पोशाकों में प्रकृति से गुहार लगाते हुए खुशी से झूमते हुए देश में हरियाली और समृद्धि बना रहे इसकी कामना की। शालिनी श्रीवास्तव और रेणुवाला सहाय के गायन में सबों ने अपना सुर मिलाया और जमकर झूमा। ढोलक की थाप देकर भूपेश जी ने सभी गानों को और भी सुंदर बनाया। मौके पर सैकत व दिवाकर को बधाई दी गई। कार्यक्रम में वीणा मिश्रा, रेणुवाला सहाय, निर्मला पाण्डेय, स्मृति लाल, अनुराधा झा, संध्या शेखर, मधु , इन्दु सिंह, इन्दु तिवारी , लीलावती, सीमा श्रीवास्तव, शीला गोस्वामी, वन्दना श्रीवास्तव, रंजीता, बैजन्ती गुप्ता, शैलेन्द्र कुमार, डॉ देव, ऋषि कुमार आदि शामिल है।

# पलामू और गढ़वा जिला में जनता की पेयजल समस्या गंभीर

**पेयजल समस्या समाधान के लिए वर्षो से हैं प्रयासरत : सांसद बीडी राम**

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू और गढ़वा जिला के जनता की पेयजल समस्या गंभीर है। प्रचंड गर्मी में पानी के अधिकांश क्षेत्र सूख जाते हैं, यहां तक की कोयल और अमानत नदी तक सूख जाती है। लोगों को खरीद कर पानी पीना पड़ता है वह भी आसानी से और समय पर उपलब्ध नही हो पाता है। उक्त बातें पलामू सांसद बिष्णुदयाल राम ने कही। सांसद राम ने कहा कि इस समस्या से पलामू वासियों को निजात दिलाने के लिए मैं वर्षो से प्रयासरत हूं परंतु अपेक्षित सफलता अभी तक नही मिल पायी है। हलांकि पूरे मेहनत के साथ इस दिशा में प्रयासरत हूं। जिन योजनाओं को मूर्त रूप देने का प्रयास जारी है उनकी प्रगति से जनता को अवगत करा रहे हैं। मेदिनीनगर पेयजल आपूर्ति योजना की कुल लागत 192.45 करोड़ रुपए है। इस योजना का जल स्त्रोत कोयल नदी है। इस योजना की निविदा निकल चुका था परंतु टेंडर डालने वाली कम्पनियों ने बहुत ज्यादा राशि क्यूट कर दी जिसके चलते विभाग इसे रि टेंडर करने जा रहा है। एसएस पर्यावरण कम्पनी को कायार्देश मिला था परंतु यह कम्पनी कार्य नही कर सकी। दुबारा मशक्कत करना पड़ा, परंतु वर्तमान सरकार द्वारा विगत चार वर्षो से आजतक निविदा का निष्पादन नही किया जा सका है। उम्मीद है कि निविदा का निष्पादन एक महीने के भीतर हो जाएगा और अगले एक महीने में कार्यादेश निर्गत हो जाएगा और कार्य प्रारम्भ हो जाएगा। उक्त योजना के निर्माण से 24711 घरों को वाटर कनेक्शन दिया जाएगा। विश्रामपुर पेयजल आपूर्ति योजना की निविदा निकल चुकी है। इस योजना पर कुल लागत 123.39 करोड़ होगी। हरिहरगंज जलापूर्ति योजना का डीपीआर बन रहा है। इस पर 92.57 करोड़ की लागत आएगी। इसका जलश्रोत बटाने डैम होगा। छतरपुर जलापूर्ति योजना का डीपीआर बन रहा है। इस पर 126.49 करोड़ रुपए की लागत आएगी। श्री वंशीधर नगर जलापूर्ति योजना पर 92.57 करोड़ की लागत आएगी। इसका डीपीआर बन रहा है। इसका जलश्रोत सोन नदी है। उक्त योजना से 8549 घरों को वाटर कनेक्शन दिया जाएगा। सांसद ने कहा कि उपरोक्त पांचों योजनाओं को धरातल पर उतार दिये जाने से बहुत हद तक पलामू एवं गढ़वा जिला के निवासियों की समस्या दूर हो जाएगी। सौभाग्यवश गढ़वा जिला के विधायक मिथलेश ठाकुर ही पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री हैं। वैसी परिस्थिति में उनसे आग्रह है कि पलामू एवं गढ़वा जिला की जनता की पेयजल की समस्या दूर करायें। सरकार के पास ये योजनाएं वर्षो से लंबित है। इसका क्रियान्यवन शीघ्र मंत्री के आदेश से हो सकता है।

# विधायक डॉ मेहता समेत 4 बरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला ब्यवहार न्यायालय के एम पी एम एल ए कोर्ट के स्पेशल मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने मंगलवार को एक मामले में पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता, राजकमल मेहता, इम्तेयाज अहमद नाजमी व मो आजाद को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। उपरोक्त चारो पर आरोप था कि आठ अक्टूबर 2007 को वन भूमि पर अवैध पत्थर खनन कर परिवहन करने के पेशेवर अपराधी अमारीक भुईया को सहयोग करने वास्ते अन्य 30-40 ब्यक्तियों के साथ मिलकर जब्त किए गए टैक्टर टेलर सहित पथर लदा हुवा बाजबरजस्ती लूट कर ले गए थे। जिसकी प्राथमिकी सदर थाना में कांड संख्या 408/2007 दर्ज की गई थी जिसमें अनुसंधान उपरांत अंतिम प्रतिवेदन असत्य समर्पित किया गया था तथा मुकदमा समाप्त किया गया था।परन्तु अदालत में इस मामले में आठ गवाहो की गवाही हुई थी। परंतु साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने शशिभूषण मेहता समेत चार लोगों को बरी कर दिया हैं।

# सीबीएसई सहोदया के पदाधिकारियों ने की उपायुक्त एवं एसपी से मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** सीबीएसई पीजीएल सहोदया पलामू का एक शिष्टमंडल ने उपायुक्त शशी रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन से शिष्टाचार भेंट किया। पीजीएल सहोदया के अध्यक्ष एवं सिटी कोऑर्डिनेटर सीबीएसई पलामू सह प्राचार्य एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर डॉ जी एन खान एवं सहोदया के महासचिव सह रोटरी पब्लिक स्कूल चैनपुर के प्राचार्य अश्लेष पांडेय के नेतृत्व में गए शिष्टमंडल ने पुष्पगुच्छ देकर नवागंतुक पदाधिकारियों का स्वागत किया। अधिकारियों से बातचीत करते हुए उपायुक्त ने बताया कि हम सितंबर महीने में बैठक कर पलामू में कैरियर काउंसलिंग क्लासेस शुरू करेंगे। यह काउंसलिंग बारहवीं कक्षा में शुरू करने का उन्होंने सुझाव दिया, जिससे बच्चे गलत करियर चुनकर अपना भविष्य न बिगाड़े। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों से उनके विद्यालयों में गरीब बच्चों के प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी ली, तथा अधिकारियों से भी उनके कठिनाइयों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मैं बीच-बीच में शिक्षा की गुणवत्ता एवं आप लोगों की समस्याओं से अवगत होता रहूंगा। पुलिस अधीक्षक ने भी मुलाकात के दौरान अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए उचित मार्गदर्शन किया। शिष्टमंडल ने डीडीसी रवि आनंद से भी मुलाकात किया तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन प्राप्त किया। पी.जी.एल सहोदया के अध्यक्ष सह सिटी कोआर्डिनेटर प्राचार्य एमके डीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के नेतृत्व में पहुंचे। इस दल में अशलेश पांडेय, पी पी गुप्ता उपाध्यक्ष सहोदय प्राचार्य गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, राहुल सिंह प्राचार्य ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल, बरुचि राकेश सचिव सहोदया पाठ्येतर क्रियाकलाप सह प्राचार्य एलिट पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद विधायक की बड़ी उपलब्धि, एक दर्जन गांव के किसानों को सिंचाई की मिलेगी सुविधा

>> महत्वकांक्षी हरही बीयर योजना के पुनरुद्धार एवं मुख्य नहर के लाईनिंग कार्य को मिली स्वीकृति

>> 2236.78 लाख खर्च के प्राक्कलन को प्रशासनिक स्वीकृति मिली

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने लगातार इतिहास रचने का काम किया है। हुसैनाबाद के आहार तालाबों पाइन का जीर्णोद्धार कर इस सुखाड़ की स्थिति में किसानों को बड़ी राहत देने का काम किया है। अब उन्होंने हुसैनाबाद की महत्वकांक्षी हरही बीयर योजना के पुर्णोद्धार कार्य को स्वीकृत कराकर एक दर्जन गांव के किसानों को सिंचाई का मुकम्मल इंतजाम कराने का काम किया है। यह खबर मिलते ही संबंधित क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल है। इस योजना पर 22 करोड़ 36 लाख 78 हजार रुपए खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, मेदिनीनगर प्रक्षेत्राधीन पलामू जिलान्तर्गत हुसैनाबाद प्रखण्ड में निर्मित हरही बीयर योजना के पुनरुद्धार एवं मुख्य नहर के लाईनिंग कार्य हेतु कुल रू० 2236.78 लाख रुपए के प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। हरही वीयर योजना के दायें तरफ से एकमात्र मुख्य नहर निकलती है जिसकी कुल लम्बाई 7.590 किमी है। उन्होंने बताया कि इस योजना का रूपांकित सिंचाई क्षमता 800 हेक्टेयर है। इस योजना के जीर्णोद्धार से रपुरा, गारहेगोरया, चउवाचट्टान, गम्हरबिगहा, कुर्मिपुर, कमगारपुर, मुबारकपुर, टिकरी, उपरी होलया, लंगरकोट तथा विशुनपुर आदि गांवों में सिंचाई सुविधा बहाल हो सकेगी। वर्तमान समय में 710 मीटर तक ही नहर में पानी पहुंच पाता है।

इसके किमी 0.00 से लेकर 0.710 किमी तक नहर का अधिकांश भाग कटिंग में है, जहां जंगल, झाड़ तथा गाद आदि भरा हुआ है। वर्तमान में नहर का अस्तित्व मात्र 7.500 किमी तक ही है। नहर का जीर्णोद्धार कार्य 7.500 किमी तक ही कराया जाएगा। इस योजना अन्तर्गत वीयर के बेड की सफाई,वीयर के सभी संरचनाओं के मरम्मति कार्य कराया जाएगा।

# बैरांव गांव की स्थिति बेहाल स्कूल जाने का भी नही है रास्ता



**हुसैनाबाद पलामू (गौतम पटेल)।** ऐसे तो जनता की समस्या कोई उठता नही लोकतांत्रिक देश मे आदमी कितना निरंकुश हो गया हैं जब चुनाव आएगा तब द्वारे द्वारे जनता की नेता पैर पकड़ कर विकास करने और उनकी दशा एवं दिशा बदलने की दंभ भरते है। हुसैनाबाद प्रखण्ड में एक पंचायत मुख्यालय ऐसा भी जहां पर स्कूल जाने का भी कोई रास्ता नही,वहां तक पंहुचने के लिए लगभग आधा किलोमीटर दूर अपनी दो पहिया वाहन या साइकल को खड़ा करना पड़ेगा, जी हां यह को आश्चर्यचकित नही बल्कि प्रखण्ड क्षेत्र में नेताओ की नगरी कहे जाने वाली बैंराव गांव हैं जहां पर हर घर मे नेता है हर दल के नेता है लेकिन गांव में सड़क पर आप पैदल भी नही चल सकते है। ग्रामीण बताते है कि हमलोगो की स्थिति इतनी बुरी हो गयी हैं। गांव में कोई हित कुटुम नही आ रहे है सड़क पर अतिक्रमण से लेकर मिट्टी की परत और बरसात के पानी से कीचड़ सब एक हो गया हैं जीना दुर्लभ हो गया हैं। खबरमन्त्र के संवाददाता ने गांव में जायजा लिया तो ग्रामीण बड़बड़ाते हुए नेताओ को कोस रहे थे। नेता लोग खाली वोट मांगे आवलथी। हमन कइसे रहथ ही ई देखे वाला कोई नाइखे।

# अशोका बिल्डकॉन के कर्मियों के लापारवाही से टूटी पईन, हजारों एकड़ भूमि सिंचाई से वंचित

**पईन टूट जाने से खेतों की जगह रेलवे ट्रैक पर बह रहा है पानी**

अमित चौधरी

**उंटारी रोड पलामू।** उंटारी रोड प्रखंड के जोगा गांव अंतर्गत रेलवे ट्रैक के समीप बना पईन पीछले कई दिनों से टूटा हुआ है। पईन टूट जाने से जोगा के हजारों एकड़ भूमि सिंचाई के वंचित है। वही पईन का पानी खेतों की जगह रेलवे ट्रैक पर बह रहा है। जोगा गांव के किसानो ने बताया कि अशोका बिल्डकॉन कंपनी के कर्मियों के लापरवाही से पईन बराबर टूट जा रहा है। इस समस्या को लेकर किसान मंगलवार को पंचायत के मुखिया कमला देवी से मिल अपनी समस्या को रखा। मुखिया श्री देवी ने किसानो को आश्वस्त किया कि इस संबंध में कंपनी के अधिकारियों से बात कर जल्द ही पईन की मरम्मत कराने की मांग की जायेगी। साथ ही करकट्टा रेलवे स्टेशन से जोगा रेलवे क्रासिंग तक सड़क निर्माण कराने कि मांग किया जाएगा। यदि कंपनी के द्वारा पाईन मरम्मती व सड़क का निर्माण नहीं कराया जाता है तो किसानों के साथ मिलकर पुरजोर आंदोलन किया जाएगा।



जोगा में रेलवे किनारे टूटा हुआ पईन।

### टेंपो व ट्रक की टक्कर में घायल की रांची में हुई मौत



**सतबरवा।** बीते 6 अगस्त को सतबरवा थाना क्षेत्र के दुबिया खाड़ में टेंपो ट्रक की टक्कर में गंभीर रूप से जख्मी बारी गांव निवासी उदय नाथ भुइयां के 21 वर्षीय पुत्र नीरज भुइयां उर्फ टेमन की मौत बीते सोमवार को इलाज के दौरान रांची में हो गई। दाह संस्कार मंगलवार को पैतृक गांव बारी में कर दिया गया। दाह संस्कार कार्यक्रम में डाल्टेनगंज भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि के रूप में अमलेश चौरसिया, गुलाब भुइयां, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, आशीष सिन्हा, संजय यादव शामिल हुए और मृतक परिजनों को आर्थिक मदद किया। वही ग्रामीणों की मांग पर श्मशान सेड निर्माण करवाने का आश्वासन प्रतिनिधियों के द्वारा ग्रामीणों को दी गई। मौके पर अमलेश चौरसिया ने कहा कि घटना दुखद है। भगवान मृतक के परिजनों को दुख की घड़ी में दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करें। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों को हर संभव मदद किया जाएगा। राणा प्रताप कुशवाहा ने कहा कि तत्काल परिजनों को अनाज की व्यवस्था किया गया है। हम सभी पीड़ित परिवार के साथ हमेशा खड़े है। मालूम हो कि मृतक की चार माह पहले हुई थी।

### अधिवक्ता शिव कुमार तिवारी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय में मंगलवार को प्रभारी प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार की अध्यक्षता में बरीय अधिवक्ता शिव कुमार तिवारी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मृत आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर प्रभारी प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार ने कहा कि शिव कुमार तिवारी सरल स्वभाव के धनी ब्यक्ति थे। वे सिविल मामले के अच्छे जानकार थे। विदित हो कि शिव कुमार तिवारी का निधन चार अगस्त की रात्रि में हो गया था। वे मूल रूप से रजवाडीह गांव के निवासी थे। वे अधिवक्ता पेशा से अवकाश प्राप्त थे। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने भी उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके सभी न्यायाधीश के अलावे सुबोध कुमार सिन्हा, बरुन कुमार सिंह, महेंद्र तिवारी, गिरिजा प्रसाद सिंह, राजेंद्र तिवारी, बैकुंठ दुबे, कृष्णनंदन प्रसाद शशि भूषण दुबे, ब्रज किशोर पांडेय, अजय कुमार पांडेय, नरेंद्र कुमार पांडेय, मधुलता रानी, जय किशोर पाठक, अमिताभ चन्द सिंह, संतोष कुमार पांडेय,सुधीर कुमार पाठक, राकेश कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### केटीपीएल के कजरी साइट से कॉपर तार की चोरी

**पड़वा पलामू।** मेदिनीनगर–औरंगाबाद मुख्य के किनारे पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी में स्थित केटीपीएल साइट से अज्ञात चोरों ने लगभग 20 लाख की लागत के कॉपर तार की चोरी कर ली गई है। इस संबंध में कंपनी के एचआर युवराज सिंह ने पंडवा थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि रविवार की रात्रि कजरी क्षेत्र केपीटीएल के कैंपस एवं कजरी यार्ड से अज्ञात चोरों द्वारा कॉपर लार्ग स्पेन, कैटनरी वायर, कॉपर जॉपर वायर, स्पेन वायर आदि की चोरी हो गई। जिसकी लागत लगभग 20 लाख है। एचआर युवराज सिंह ने बताया कि पड़वा पुलिस को कैंपस में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज भी उपलब्ध कराया गया है जिसमें घटना को अंजाम देने वाले चोर साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी कंपनी के वरीय पदाधिकारी को भी दिया गया है। पड़वा थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि एचआर युवराज सिंह के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जल्द ही पुलिस घटना में शामिल चोरों को गिरफ्तार करेगी। मालूम हो कि इसके पूर्व भी केटीपीएल के राजहरा साइट से भी तार की चोरी हुई थी।

# उपायुक्त कार्यालय में लगा जनता दरबार

**ग्राम पंचायत उर्दवार मंजूराहा में बिना कार्य कराये राशि निकासी का मामला आया सामने**

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मेदिनीनगर थाना क्षेत्र के दिव्यांग आकाश कुमार रवि ने उपायुक्त से ईलाज हेतु आर्थिक सहयोग करने की गुहार लगाया, जिस पर उपायुक्त ने अपने निजी स्तर से एक हजार रुपये की आर्थिक मदद की। इसी तरह ग्राम पंचायत गुरुद्वार उर्दवार मंजुराहा के ग्रामीणों ने उपायुक्त से अपने ग्राम पंचायत उर्दवार मंजूराहा के प्रत्येक गांव में 14वीं एवं 15वीं वित्त आयोग से होने वाले विकास कार्यों को बिना कार्य किए ही राशि के निकासी कर लेने की शिकायत किया।

# प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय विवि की कंचन ने उंटारी के चेचरिया में मनाई रक्षाबंधन

**सेवानिवृत्त हिंडालको कर्मी गुप्तेश्वर विश्वकर्मा के आवास पर लहराया गया भगवान शिव का ध्वज**



**उंटारी रोड पलामू।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड के चेचरिया में मंगलवार को प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से आई बहन कंचन ने रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। साथ ही चेचरिया में सेवानिवृत हिंडाल्को कर्मी के आवास पर भगवान शिव का ध्वज लहराया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि मध्य विद्यालय चेचरिया के प्रधानाध्यापक विजय यादव शमिल थे। मौके पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से आई हुई सिस्टर कंचन ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को राखी बांधकर समस्त विश्व में अमन चैन और भाईचारगी का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यादव ने कहा कि बहन कंचन की तरह हर एक बहनों को भाईचारगी का संदेश देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि बहन कंचन ने राखी बांधने के बदले में धन दौलत की मांग नहीं की। विद्यमान व्यक्तियों से अपने अंदर की बुराइयों को त्यागने की बात कही साथ ही ईमानदारी और सच्चाई के मार्ग पर चलने की बात कही। कार्यक्रम में रामसुंदर विश्वकर्मा, दरोगा विश्वकर्मा, रामनवमी विश्वकर्मा, रामसुंदर विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष शमिल होकर बहन कंचन के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# निर्मल महतो के विचारों को मरने नहीं देंगे : दिलीप

**आजसू कार्यकर्ताओं ने निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया**

**जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने कहा कि निर्मल महतो का झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में अमूल्य योगदान रहा है, उनके सपनों का झारखंड हम सब मिल कर तैयार करेंगे**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** आजसू केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के आवास पर मंगलवार को निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने कहा कि निर्मल महतो का झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में अमूल्य योगदान रहा है। उनके विचारों को हम मरने नहीं देंगे। उनके सपनों का झारखंड हम सब मिल कर तैयार करेंगे। वहीं जिला सचिव जीतेन्द्र विश्वकर्मा ने कहा कि निर्मल दा के बलिदान से हमें राज्य के नवनिर्माण की प्रेरणा मिलती है। वे युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं। उनके आदर्शों पर चल कर ही सपनों का झारखंड बनाया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने की तथा संचालन प्रखंड सचिव इरशाद आलम ने किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रामजी पासवान, विशाल वर्मा, नगर अध्यक्ष प्रेम गौरव, छात्रसंघ अध्यक्ष आदित्य तिवारी, करण कुमार, इफ्तेखार आलम, मंटू कुशवाहा, सीताराम साव सहित अन्य मौजूद थे।

# केरल की किला टीम पहुंची पलामू चियांकी पंचायत का किया अवलोकन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के चियांकी पंचायत में केरल के किला टीम पहुंच कर आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, विद्यालय एवं स्वास्थ्य उपकेंद्र का अवलोकन किया। चियांकी पंचायत को मॉडल पंचायत के रूप में विकसित करने के लिए पंचायत की मुखिया बिनको उरांव, आंगनबाड़ी सेविका, वार्ड सदस्य, विद्यालय के प्रधानाध्यापक व अन्य प्रतिनिधियों से विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त किया। जानकारी प्राप्त करने के बाद किला के सीपी सुनील ने कहा कि झारखंड राज्य के 150 पंचायतों को आदर्श बनाने के लिए किला टीम के द्वारा अवलोकन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा के कई प्रतिनिधि एवं अधिकारी केरल गये थे। जहां पर पंचायतों का अवलोकन किया। उसी के आधार पर झारखंड के पंचायतों को मॉडल पंचायत के रूप में विकसित किया जाना है। इसमें ग्राम स्वराज की कल्पना को साकार करने में मदद मिलेगा। टीम के लोगों ने अवलोकन के बाद जो खामियां पाया उसे दूर करने को कहा। साथ ही जो कमियां राज्य सरकार के स्तर से है उसे सरकार द्वारा दूर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रथम फेज में झारखंड राज्य के 12 जिलो के 26 पंचायतों को आईएसओ 9001-2015 सर्टिफिकेशन देने की योजना पर काम शुरू किया गया है। जिसमें पलामू जिला भी शामिल है। अवलोकन के दौरान मुखिया बिनको उरांव ने अपने पंचायत से संबंधित आंगनबाड़ी विद्यालय, स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं प्रत्येक वार्डों में संचालित योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान टीम के साथ राज्यस्तरीय दल, पंचायतस्तरीय पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी , डीपीएम, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, एएनएम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# इंडिया गठबंधन देख केंद्र सरकार के हाथ-पांव फूल रहे हैं : हेमंत सोरेन

20 वर्ष बाद झारखंड को मिली असली झारखंडी सरकार : मुख्यमंत्री

शहीद निर्मल महतो के 36 वें शहादत दिवस समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा- अपने वीर शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का बना रहे हैं झारखंड

**झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में शहीद निर्मल दा के योगदान को कभी भूल नहीं सकते**



**उलियान में शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, चंपई सोरेन, बन्ना गुप्ता व अन्य।**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को कहा कि शहीद निर्मल महतो की शहादत को झारखंडवासी और झामुमो कार्यकर्ता हमेशा याद रखेंगे। उनकी शहादत का परिणाम है अलग झारखंड राज्य। इसलिए जब तक झारखंड राज्य और झारखंड मुक्ति मोर्चा रहेगा शहीद निर्मल महतो अमर रहेंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन वीर शहीद निर्मल महतो के 36 वें बलिदान दिवस के अवसर पर उलियान, जमशेदपुर में आयोजित शहादत दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर शहीद निर्मल महतो के समाधि स्थल में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा राज्य की पहली पार्टी है जिसमें झारखंड के आदिवासियों-मूलवासियों के हितों के लिए संघर्ष किया और कुर्बानी दी। निर्मल दा का सपना झारखंड के आदिवासियों और मूलवासियों के लिए था। उनके सपने और मार्गदर्शन के अनुरुप दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा संघर्ष करके अलग राज्य हासिल किया। भाजपा के दो दशक के शासन में झारखंड में खनिजों की अंधाधून लूट हुई और आदिवासियों-मूलवासियों को उनके हक से वंचित करने का काम हुआ। किन्तु काफी संघर्ष के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा ने अपने सहयोगी दलों के साथ मिल कर 2019 में भाजपा गठबंधन सरकार को सत्ता से बाहर करने का काम किया। अब हमारी सरकार आदिवासियों और मूलवासियों की आकांक्षा के अनुरुप काम कर रही है। आम जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं घर-घर पहंचायी जा रही है। सरकार जन-जन तक विकास पहुंचा रही है तो केंद्र सरकार झारखंड सरकार को गिराने में कोई कसर नहीं छोड़ रही। जो विपक्षी दल केंद्र सरकार के खिलाफ बोल रहा है उसे इडी और सीबीआई से परेशान किया जा रहा है। केंद्र सरकार देश का विकास करने की जगह जाति-धर्म के नाम पर झगड़ा लगाने में व्यस्त है। मणिपुर ताजा उदाहरण है। अब केंद्र सरकार को हटाने के लिए इंडिया गठबंधन बन गया है। इंडिया गठबंधन को देख कर केंद्र की भाजपा सरकार के हाथ-पांव फूल रहे हैं।

## बड़े पैमाने पर हो रही नियुक्तियां, जो इसमें गड़बड़ी करेगा वह सलाखों के पीछे होगा

**मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हो रही है। जितने पद पिछले 20 वर्षों में नहीं भरे गए उससे कहीं ज्यादा पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है इन तमाम नियुक्तियों में गड़बड़ी नहीं हो परीक्षाओं में पारदर्शिता बनी रहे और जो होनहार है उन्हें नौकरी मिले इसके लिए सरकार ने एक कानून बनाया है। इस कानून के तहत जो भी प्रतियोगिता परीक्षाओं में गड़बड़ी करेगा या क्वेश्चन पेपर लीक करेगा वह जेल में होगा, चाहे वह कोई भी व्यक्ति , अधिकारी- कर्मचारी और संस्थान ही क्यों ना हो। समारोह को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में झारखंड सरकार जन आकांक्षाओं को पूरा करने का काम कर रही है। आदिवासी कल्याण एवं परिवहन मंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि हेमंत सरकार सही मायने में झारखंड की हितैषी सरकार है। बीडीओ से लेकर डीसी तक अब गांव-गांव पहुंच रहे हैं और जनता की बात सुन रहे हैं। यह बहुत बड़ी बात है। कार्यक्रम में मंत्री जोबा मांझी, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक रामदास सोरेन, विधायक सविता महतो, विधायक संजीव सरदार, विधायक समीर मोहंती, विधायक मंगल कालिंदी और पूर्व सांसद सुमन महतो समेत कई पूर्व सांसद और पूर्व विधायक भी मौजूद थे।**

## आजसू ने जमशेदपुर में निकाली 'निर्मल डहर संकल्प यात्रा', आजसू के हजारों युवा जुटे

# आंदोलन को लक्ष्य तक पहुंचाने को ले निर्मल महतो ने किया था आजसू का गठन : सुदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि झारखंड के माटी पुत्र वीर शहीदों का कर्ज वर्तमान पर है।

यह कर्ज उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। निर्मल महतो की हत्या का सूत्रधार कौन हैं, इसे झारखंड जानना चाहता है। इसका पटाक्षेप होना चाहिए। निर्मल महतो शहादत दिवस पर जमशेदपुर में आयोजित आजसू की 'निर्मल महतो डर संकल्प यात्रा' को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बातें कही। बोधि मैदान (राजेंद्र विद्यालय) से निकली यह यात्रा निर्मल महतो समाधि स्थल उलियान तक गई। इस यात्रा में राज्य के अलग- अलग जगहों से पहुंचे पार्टी के कई नेता और हजारों युवा शामिल हुए। सुदेश महतो की अगुवाई में सभी लोगों ने निर्मल महतो को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।



**निर्मल डहर संकल्प यात्रा को संबोधित करते आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो। साथ में रामचंद्र सहिस व अन्य नेता।**

सभा को संबोधित करते हुए आजसू प्रमुख ने कहा कि निर्मल दा के साहस, मूल्य, आदर्श और विचार हमारे अंतर्मन में हमेशा के लिए बसे होते हैं। आजसू का गठन निर्मल दा की दूरदृष्टि और सोच का ही परिणाम था। दरअसल वे जानते थे कि झारखंड आंदोलन को लक्ष्य तक कौन पहुंचा सकता है। वीर निर्मल ने भाषा, संस्कृति, विचार, अस्मिता की रक्षा के साथ शोषणविहीन अलग प्रदेश की कल्पना की थी। अलग राज्य बना, पर शहीद के सपनों का झारखंड अधूरा है। उन्होंने कहा कि अभी समर शेष है। मौजूदा पीढ़ी और खासकर युवाओं का दायित्व है कि शहीद के अरमानों और राज्य गठन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए संघर्ष पथ चलते हुए इसे अंजाम तक पहुंचाएं।

### निर्मल दा की हत्या का सूत्रधार कौन

सुदेश महतो ने कहा कि निर्मल दा की शहादत जिन परिस्थितियों और अवस्था में हुई, उसमें दशकों बाद भी उनके चाहने और आदर्श मानने वालों का दिल कचोटता है और जानना चाहता है कि किन राजनीतिक षड़यंत्र के तहत उनकी हत्या की कई। इस कांड के सूत्रधार का पटाक्षेप होना चाहिए। शहादत दिवस पर हम सभी संकल्प लें कि सूत्रधार का पटाक्षेप भी होगा। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ किसी खास तारीख पर निर्मल दा को याद नहीं करते। वे हमारे लिए प्रेरणापुंज हैं। शहादत दिवस पर आज श्रद्धांजलि देने कई नामचीन लोग यहां आएंगे। जो पार्टी पांच बार सत्ता शीर्ष पर रही, उसने निर्मल दा को शहीद का दर्जा तक नहीं दिया। हम इसके लिए भी प्रतिबद्ध हैं कि निर्मल दा की शहादत को इतिहास के पन्नों में दर्ज कराकर रहेंगे। संकल्प यात्रा में पूर्व मंत्री रामचंद सहिस, विधायक डॉ लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, डॉ देवशरण भगत, हरेलाल महतो, गौतम सिंह समेत कई नेताओं ने भी संबोधित किया।

स्पीड न्यूज

## यूएस की नौकरी छोड़ अब आइआइटी खडगपुर में सेवा देंगे रोनित मंडल



जमशेदपुर। जब व्यक्ति में देश प्रेम और अपनी मातृभूमि के प्रति स्नेह जागृत हो तो सात समंदर पार से भी लोग स्वदेश को खींचे चले आते हैं ऐसा ही कुछ कदमा उलीयान के रोनित मंडल नामक एक व्यक्ति में अपने देश के मिट्टी की खुशबु से प्रभावित होकर एवं यूनिवर्सिटी ऑफ मैनिसोटा,यूएसए से नौकरी का परित्याग कर स्वदेश आ गए, जबकि आजकल युवाओं में विदेश में नौकरी करने एवं अधिक पैसे उपार्जन की ललक ज्यादा रहती है। रोनित के जमशेदपुर आने पर परिजनों सहित समाजसेवी श्रीकांत देव एवं अन्य ने एक सादे समारोह में रोनित मंडल को सम्मानित कर उसके सोच और देश प्रेम की प्रशंसा की। एक सवाल के जवाब में रोनित मंडल ने बताया कि यूनिवर्सिटी ऑफ कोलंबिया कनाडा से उन्होंने 2022 में पीएचडी करने के पश्चात अमेरिका के उक्त इंस्टिट्यूशन में अगस्त 22 से जुलाई 23 तक सेवा की। उन्होंने कहा कि वे अपनी प्रतिभा से विदेशों के नहीं बल्कि स्वदेश के बच्चों को अपनी प्रतिभाओं से लाभ पहुंचाना चाहते हैं और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना चाहते हैं। इसलिए आईआईटी खरगपुर में सेवा देकर बच्चों को निखरना मेरी प्राथमिकता है।

## रघुवर दास के हस्तक्षेप से 108 एम्बूलेंस चालकों को मिला 1 माह का वेतन



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में 108 एंबुलेंस के सभी ईएमटी (इमर्जेंसी मेडिकल टेक्निशियन) और चालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। ये लोग पिछले पांच माह से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। वेतन ना मिलने के कारण दर्जनों एम्बुलेंस चालक और टेक्नीशियन के समक्ष भुखमरी की स्थिति हो गयी है। इस संबंध में मंगलवार को हड़ताली एम्बुलेंस चालक और टेक्नीशियन ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मिलकर अपनी समस्याओं को रखा। एग्रिको स्थित आवासीय कार्यालय में कर्मियों ने उन्हें एक पत्र सौंपकर इस मामले में हस्तक्षेप कर मदद करने का आग्रह किया। 108 एम्बुलेंस चालकों ने पत्र के माध्यम से बताया कि पिछले 5 महीने से उन्हें वेतन नहीं मिल रहा है। कोविड काल के दौरान जो वेतन दिया जाना था वह भी नहीं दिया गया। रघुवर दास ने सभी बातों को गंभीरतापूर्वक सुनकर राज्य के स्वास्थ्य सचिव अरुण कुमार से फोन पर बात की। उन्होंने इस संबंध में स्वास्थ्य सचिव से तत्काल निर्णय करने का आग्रह किया। जिसपर स्वास्थ्य सचिव ने 3 करोड़ की राशि शीघ्र जारी करने की बात कही। वार्ता के आधे घंटे के भीतर स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी चालकों को एक माह का वेतन भुगतान कर दिया गया। विभाग की ओर से लंबित वेतन भी शीघ्र भुगतान का भरोसा दिया गया। वहीं, वेतन मिलने से 108 एंबुलेंस के चालक एवं टेक्नीशियन काफी खुश दिखाई दिए। सभी कर्मियों ने रघुवर दास जी की संवेदनशीलता और त्वरित संज्ञान हेतु उनके प्रति आभार जताया है।

## निर्मल दा की शहादत दिवस पर गोपाल महतो के नेतृत्व में निकली बाइक रैली



जमशेदपुर। वीर शहीद निर्मल महतो के 36वा बलिदान दिवस पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व नगर सचिव गोपाल महतो के नेतृत्व में सोनारी से कदमा उलियान स्थित वीर शहीद निर्मल महतो के समाधि स्थल तक 500 मोटरसाइकिल रैली निकाला गया जिसमे कई कार्यकताओं ने अहम भूमिका निभाई।

## गोविंदपुर के डेंगू वाले इलाकों में एंटी लार्वा छिड़काव जारी



**जमशेदपुर।** इधरडेंगू के प्रकोप से पीड़ित गोविंदपुर क्षेत्र की बस्तियों शेषनगर एवं अन्य इलाकों में स्वच्छ गोविंदपुर, स्वस्थ गोविंदपुर के तहत दूसरे दिन जिला परिषद डॉ परितोष सिंह एवं पंचायत प्रतिनिधि द्वारा जे सी बी और ट्रैक्टर की मदद से कचरा निस्पादन का कार्य जारी है। पटेल स्कूल के सामने, सामुदायिक विकास मैदान, तीन तल्ला में 3 स्थान सहित अन्य स्थानों में कार्य जारी है। शेष नगर, गिट्टी मशीन में एंटी लार्वा का छिड़काव जिला पार्षद द्वारा करवाया गया। डेंगू संदिध होने के कारण स्वास्थ विभाग को सूचित कर रामपुर गिट्टी मशीन में स्वास्थ कैंप का आयोजन परितोष सिंह एवं सतबीर सिंह बग्गा द्वारा करवाया जा रहा है।

## तख्त श्री हरमंदिर जी प्रबंधन में झारखंड के सिखों के अधिकार की रक्षा होगी : मुख्यमंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सेन्ट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं संस्था सांझी आवाज के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आश्वस्त किया कि झारखंड के सिखों का अधिकार हर हाल में बरकरार रहेगा। जो पूर्व में मिल रहा है, वह मिलता रहेगा। इस संबंध में वे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से संपर्क कर सम्मानजनक समाधान निकालेंगे। प्रतिनिधिमंडल की ओर से पूर्व अध्यक्ष सतबीर सिंह सोमू एवं चेयरमैन जसवीर सिंह सिरे ने ज्ञापन सौंप कर बताया कि गुरु गोविंद सिंह जी की जन्मस्थली की देखरेख एवं प्रबंधन कर रही संस्था 1955 से निबंधित है। पांच निर्वाचन क्षेत्र है उसमें दक्षिण बिहार एक है। दक्षिण बिहार से झारखंड अलग राज्य बनने के बाद भी यहां के गुरुद्वारे की सिंह सभाओं को मताधिकार रहा है परंतु अब काटने की कोशिश हुई है। जबकि बिहार पुनर्गठन अधिनियम के अनुच्छेद 84 एवं अनुच्छेद 85 के प्रावधान के अनुसार जिन विषयों पर नीतिगत फैसला नहीं हुआ है वह विषय यथावत बने रहेंगे। मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया कि सिखों की भावनाओं को विधायक सरयू राय ने विधानसभा में भी रखा है।



## डाक घर जाकर 25 रुपये में खरीदें तिरंगा झंडा, अपने घर पर फहरायें लोग : सरयू राय

डाक विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विधायक सरयू राय से की भेंट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम डाक प्रमंडल, जमशेदपुर के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का एक समूह मंगलवार को बिष्टुपुर स्थित कार्यालय में आकर विधायक सरयू राय से संपर्क किया और आगामी 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा झंडा फहराने का अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जो कोई भी झंडा खरीदना चाहतें हैं वे किसी भी पोस्ट ऑफिस में संपर्क कर 25 रु. प्रति झंडा की दर से झंडा खरीद सकते हैं। कोई व्यक्ति यदि थोक में तिरंगा झंडा खरीदने को इच्छुक हैं तो वे बिष्टुपुर पोस्ट ऑफिस कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। सिंहभूम डाक प्रमंडल, जमशेदपुर के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राय से आग्रह किया कि इस अभियान को और भव्य बनाने के लिए वे अपने विधानसभा क्षेत्र में झंडा लगवाने के लिए प्रोत्साहित करें। विधायक सरयू राय ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक स्थानों पर झंडा फहराने लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए स्थानों को चिन्हित कर एक सूची तैयार कर पोस्ट ऑफिस से तिरंगा झंडों की खरीदारी कर ली जाएगी।



## पीलिया से पटेल स्कूल की छात्रा का निधन



**जमशेदपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल स्मारक विद्यालय की वर्ग तीसरा में पढ़ने वाली छात्रा स्नेहा कुमारी का निधन पीलिया से हो गया है। यद्यपि परिवार का कहना है कि वह तीन चार दिनों से बुखार से पीडिंत थी। स्नेहा रामपुर गिट्टी मशीन छोटा गोविंदपुर के निवासी संजय श्रीवास्तव की बेटी थी। गोविंदपुर अभी डेंगू का हॉट स्पॉट बना हुआ है इस नाते शक है कि उसकी मौत डेंगू से हुई है किन्तु पार्षद डा पारितोष सिंह का कहना है कि यह जांच के बाद ही पता चल पायेगा कि स्नेहा की मौत किसी बीमारी से हुई है। स्नेहा को चार दिनों से बुखार था और उसे गत सोमवार को ही टाटा मोटर्स मेन हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया था जहां आइसीयू में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आज बेहद गमगीन माहौल में स्नेहा की अंत्येष्टि कर दी गई। सरदार बल्लभ भाई पटेल स्मारक मध्य विद्यालय की प्राचार्या उषा कुमारी ने बताया कि स्नेहा के आकस्मिक निधन से विद्यालय परिवार शोक ग्रसित है।

## सांसद ने शहीद निर्मल महतो के शहादत स्थल व समाधि पर अर्पित की पुष्पांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सांसद विद्युत वरण महतो ने मंगलवार को शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस के अवसर पर चमरिया गेस्ट हाउस एवं उलियान स्थित शहीद के बेदी पर पहुंचकर उन्हें अपनी पुष्पांजलि दी एवं अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर सांसद महतो ने कहा की निर्मल दा ने झारखंड अलग राज्य के आंदोलन को एक नए मुकाम पर पहुंचाया और झारखंड के आंदोलन को जन-जन का आंदोलन बनाने का काम किया। सांसद महतो ने कहा कि आज के अवसर पर हमें संकल्प लेना है कि जिस शोषण मुक्त और समरसता युक्त झारखंड के निर्माण का सपना उन्होंने देखा था उसके लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। महतो ने कहा निर्मल महतो झारखंड को भारत देश में ऐसा प्रदेश बनाना चाहते थे जहां एक मानव दूसरे मानव का शोषण नहीं करे। आज भी झारखंड में गरीबी और बेरोजगारी चरम पर है। आज झारखंड राज्य को एक सही दिशा देने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि संसद सत्र चलने के कारण सांसद महतो नई दिल्ली से चलकर आज सायं बेला में जमशेदपुर पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। आज सांसद के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से नीरज सिंह, दीपू सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, प्रशांत पोद्दार, बिनोद राय,चंचल चक्रवर्ती, नागेंद्र पांडेय, ललन यादव, अभय चौबे दीपक तिवारी, आनंद कुमार, कृष्णा यादव, विराज,सुशील पांडे दीपू शर्मा, संजय रजक, मारुति पांडे, राहुल तिवारी, दीपक नाग, अशोक मिश्रा, आजाद समद, विनय कंचन, गोपाल जायसवाल, शंकर राय, राजू, बलबीर मंडल संजीव कुमार, नवजोत सिंह सोहेल, सागर राय, धरमा शर्मा, रोहन कुमार, अभिषेक चतुवेर्दी, कृष्णा यादव, टी डी गांगुली, दीपक नाग, सुनील यादव, सौरभ जायसवाल, मिक्की सोनकर शामिल थे।



**चमरिया गेस्ट हाउस में शहीद की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते सांसद विद्युत वरण महतो व सहयोगी।**

## NOTICE

IN THE HIGH COURT OF JHARKHAND AT RANCHI
Notice for Appearance
Cr. M.P. No. 2158/2014
Arising out of Case No. C- 503 of 2012, in connection with Sadar P.S. Case No. 59 of 2011, corresponding to G.R. Case No. 222 of 2011, Pending in the court of the learnes Judicial Magistrate, Daltonganj.

Rajiv Nayan……………… Petitioner
Vrs
State of Jharkhand &Anr. …… Opposite parties

NOTICE

For the Opposite Party No. 2
Kumar Chitendra Narayan Singh, S/O late Kameshwar Prasad Singh, R/O Viilage Church Road, Near Vananchal Gramin Bank, P.O. and P.S-Daltonganj (Medaninagar), District-Palamau, Jharkhand. Whereas it has not been Possible to Secure service of Notice upon You in above mentioned Cr. M.P. by ordinary Process and registered post. You are hereby noticed to appear in Person or through Advocate on 24/08/2023 before the Hon'ble High Court of Jharkhand at Ranchi on or before the date fixed otherwise the aforesaid Criminal Miscellaneous Petition will be heared and decided ex-parte Your absence not with standing.

Given under my hand and seal of the court on this 21st Day of July, 2023.

By Order of the Court
Assistant Registrar (J) II - I/c

## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**-: रद्द संबंधी सूचना :-**

ई0-निविदा आमंत्रण सूचना सं0-15/23-24 (PR No. 302023 District (23-24) # D) के ग्रुप संख्या-18 जिसका Tended ID No.- **2023_ZPCHT_74177_1** है में वर्णित कार्य (Construction of PCC Road from PWD Road to Rana Toli. At - Mayapur, G.P- Dariyatu, Block- Chatra, District- Chatra ) तकनीकी कारणवश स्थगित किया जाता है।

शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR 304281 (District) 23-24 (D)

## JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN No. U40108JH2013SGC001702)
ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, GARHWA
Email: esegarhwa@yahoo.in

**Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lac are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 118/PR/ JBVNL/ 23-24 | Sinking of one no. (200/165 mm) HYDT deep boring and S/F/F submersible motor pump for 33/11 KV PSS, Hurdag under electric supply circle, Garhwa. | 339000.00 | 2 MONTHS | 6,800.00 | 885.00 (Including 18% GST ) | 31/08/2023 upto 12:00 PM | 31/08/2023 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till the day before the date of submission of tender in working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Manager (F&A), Electric Supply Circle, Garhwa in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Dy. General Manager (Technical)
Electric Supply Circle, Garhwa

PR304232 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)23-24*D

## राँची समाहरणालय, राँची।
(जिला भू-अर्जन शाखा)
www.dlaoranchi.in
dlaoranchi@gmail.com, dlaoranchi@rediffmail.com, dlao-ranchi@jharkhandmail.gov.in

**आम सूचना**

मटकामा चौक (SH-2 पर) पाली-सांकी-चुटूपालू (NH-33 पर) पथ (लंबाई 20.76 कि0मी0) एवं कौड़ीबाजार से चिकोर भाया सुड्डी लिंक पथ (लंबाई 4.430 कि0मी0) पथ चौड़ीकरण एवं कार्य परियोजना अन्तर्गत मौजा-हलबादी एवं पुन्दाग, थाना संख्या क्रमशः-45 एवं 42, अंचल-ओरमांझी, जिला-रांची में अर्जित की जानेवाली भूमि से संबंधित ग्राम सभा/जन सुनवाई का आयोजन किया जाना है, जिसकी समय एवं स्थान निम्नवत् है :-

| दिनांक | संबंधित मौजा का नाम | संबंधित अंचल का नाम | समय | ग्राम सभा/जन सुनवाई स्थल | ग्राम सभा/जन सुनवाई में भाग लेने वाले कर्मी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 17/08/2023 (गुरूवार) | हलबादी एवं पुन्दाग | ओरमांझी | 12:30 P.M. | पंचायत भवन, ईचादाग | श्री जलेश्वर उरॉव, कानूनगो<br>श्री आशीष कुमार, उ0मी0 अमीन<br>श्री तपेश्वर साहु, बाह्यस्त्रोत अमीन<br>श्री सोहराई महतो, अनुसेवक |

अतः संबंधित मौजा के भू-धारियों को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को सभी आवश्यक कागजातों के साथ ससमय निर्धारित स्थान पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करें।

जिला भू-अर्जन पदाधिकारी
राँची।

PR 304234 Land Reforms(23-24)D

झारखण्ड सरकार
## लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
दूरभाष सं,. 06546-298028, 263408,
e-mail- prisonhzb@gmail.com, cj-hzbag@jharkhandmail.gov.in

**ई0-निविदा सूचना**

1. कारा का नाम- **लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग**
2. विषय- **वर्ष 2023 के चतुर्थ त्रैमासिक अवधि (दिनांक- 01.10.2023 से 31.12.2023 तक) में कारा में खाद्यात्रों, आलू, हरी सब्जी, फल एवं अन्य सामग्रियों के क्रय के निमित्त ई-निविदा का आमंत्रण।**
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non-refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में **अधीक्षक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग** के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है-
   (i) 10.00 लाख रूपये तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु- 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ) रूपये मात्र।
   (ii) 10.00 लाख से 50.00 लाख रूपये तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु- 5,000.00 (पाँच हजार) रूपये मात्र।
   (iii) 50.00 लाख रूपये से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु-10,000.00 (दस हजार) रूपये मात्र।
4- **Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि**- 21.08.2023 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से 28.08.2023 के अपराह्न 4:00 बजे तक।
5- **Website पर निविदा upload करने की तिथि**- 21.08.2023 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से 28.08.2023 के अपराह्न 4:00 बजे तक।
6- **Tender Fee, EMD का original Copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample)** दिनांक- 31.08.2023 से 01.09.2023 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यावधि में कार्यालय में जमा करना होगा।
7. **निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान**- 02.09.2023 को अपराह्न 12:00 बजे अधीक्षक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग के कार्यालय में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा website jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/ स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय/मंडल/उपकारा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752, 9546188599 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
लोकनायक जयप्रकाश नारायण
केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग।

PR 304226 (Prison) 23-24 (D)

# खट्टर की जबावदेही

मेवात दंगों में झुलस रहे हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के उस बयान को गैरजिम्मेदारी की पराकाष्ठा ही माना जायेगा जिसमें उन्होंने कहा है कि 'सरकार सभी लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी नहीं ले सकती।' प्रदेश की कानून-व्यवस्था के मामले में नाकाम और लाचार दिखलाई पड़ रहे श्री खट्टर का बयान उनकी जनसुरक्षा के प्रति घोर लापरवाही को भी दशार्ता है जो राज्य के नागरिकों के प्रति बुनियादी कर्तव्य है। विगत दिनों हुए दंगों के बाद जिस प्रकार उन्होंने बुलडोजर कार्रवाई की उस पर न्यायालय ने रोक लगाते हुए कहा कि इसके लिये जबावदेह लोग पर कार्रवाई क्यों नहीं होती। सरकार प्रशासन तब कहां होता है जब ऐसे अतिक्रमण होते हैं। वैसे वे यह भूल गये कि सामाजिक सद्भाव को ठीक करना भी सरकार की ही जिम्मेदारी होती है। मुख्यमंत्री का बयान स्तब्धकारी तो है लेकिन वह भारतीय जनता पार्टी की प्रशासन पद्धति के अनुरूप है जो हर अच्छी बात का श्रेय लेने में तो पीछे नहीं रहती परन्तु किसी भी असफलता से पल्ला झाड़ लेती है। पिछले 9 वर्षों से अधिक समय तक केन्द्र में सरकार चलाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्भवतः भाजपा प्रशासित सारे राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिये प्रेरणा स्रोत हैं। अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों को सभा-सम्मेलनों में दोषी ठहराने वाले मोदी अपनी नाकामियों पर या तो चुप्पी साध लेते हैं अथवा उनका ठीकरा विपक्ष पर फोड़ते हैं। भाजपा सरकार का एक दशक का इतिहास अनेकानेक असफलताओं की जिम्मेदारियों से भागने या उनका दोषी दूसरों को बताने का रहा है। देश की छवि ऐसे दंगों से खराब होती है। यह मामला एक विकसित और दिल्ली से सटे क्षेत्र का है इस कारण जबावदेही केन्द्र सरकार की भी है कि घंटो तक दंगा चलता रहा और कार्रवाई देर से हुई। दंगो पर राजनीति तो अलग से परेशान करने वाली है।

# शासन कैसे?

गैर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दल पुरानी पेंशन योजना को चुन रहे हैं जो सरकारी नौकरियों से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को तयशुदा पेंशन देती है जबकि नई पेंशन योजना में कर्मचारियों को तयशुदा योगदान करना होता है। नई पेंशन योजना में पेंशन जीवन भर की नौकरी में एकत्रित राशि पर आधारित होती है, न कि राज्य सरकार द्वारा दी जाती है। हमने देखा है कि कैसे कर्नाटक में सत्ता में आने की जद्दोजहद में कांग्रेस ने मतदाताओं को पांच गारंटी दीं। इन गारंटियों की बदौलत करदाताओं को सालाना 50,000 करोड़ रुपये से 60,000 करोड़ रुपये का बोझ उठाना पड़ सकता है। इन पांच गारंटियों में परिवार की महिला मुखिया को 2,000 रुपये प्रति माह देना, हर महीने 200 यूनिट मुफ्त बिजली, स्नातक युवाओं को प्रतिमाह 3,000 रुपये बेरोजगारी भत्ता और प्रति माह परिवार के प्रति सदस्य 10 किलो मुफ्त चावल देना शामिल था।

अब चावल के बदले नकद राशि देने की बात कही गई है क्योंकि चावल की उपलब्धता पर्याप्त नहीं है। सरकार में कांग्रेस के दूसरे नंबर के नेता डी के शिवकुमार ने पहले ही कहा है कि ये योजनाएं विकास कार्यक्रमों के आवंटन पर असर डालेंगी। संक्षेप में कुछ लोगों को निःशुल्क चीजें देने की कीमत सार्वजनिक बेहतरी को चुकानी होगी। कामोवेश देश का हर राजनैतिक दल इसी पैटर्न को फोलो कर रहा है। इसी परम्परा के कारण 1991 की संकट आई थी जिसके कारण देश में निजीकरण लागू किया गया। वर्तमान समय में देश की अर्थव्यवस्था की जो स्थिति दिख रही है वह इसी का परिणाम है। यह दूसरी बात है कि कोई भी सरकार इसे तेज करके चुनाव हारना नहीं चाहती है। सता में बने रहने के शर्त पर देश की बेहतर स्थिति को दांव पर लगा देना सही कदम नहीं होगा। दुर्भाग्य से यह देश में फिर से जोर पकड़ने लगा है।

# आदिवासी समाज अपनी पहचान बचा पायेगा?



आदिवासी समाज प्रारंभ से ही संघर्ष करता रहा है। इनके भाग्य में संघर्ष की लिखा हुआ है। इसके बिना यह समुदाय शायद ही अपनी पहचान और अस्तित्व को बचा पाने में सफल हो पायेगा। विश्व के आदि मानव को इतनी त्रासदियों, परेशानियों, कठिनाइयों, चुनौतियों, संघर्षों से गुजरना पड़ेगा, शायद ही कोई कल्पना कर सकता है। मानव समुदाय संघर्ष के बिना अपनी अस्तित्व को नहीं बचा सकता है, और न ही जीवन में कुछ कर सकता है लेकिन आदिवासियों की तो अलग ही व्यथा कथा है। यह समुदाय अपनी आजीविका के लिए ही नहीं अपितु अपनी पहचान और अस्मिता के लिए भी हजारों वर्षों से संघर्ष कर रहा है। आदिवासियों ने जितना संघर्ष किया है इतना किसी भी समुदाय के लोगों के द्वारा नहीं किया गया है। अत्याचार, अन्याय,शोषण के शिकार होते रहे हैं। हक और अधिकार छीने जा रहे हैं। इसे बचाने के लिए आदिवासी समाज प्रारंभ से मुखर रहा है। यह आज भी जारी है। आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए कुछ दंपतियों ने अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया है। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर हम इन दंपतियों के बारे में प्रकाशित रहे हैं।

सुनील मिंज- ज्योति लकड़ा

इस दंपती का क्या कहना? सुनील मिंज और ज्योति लकड़ा का आदिवासी समाज के लिए इस तरह समर्पण रहा है जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। संयोग ऐसा कि दोनों ने स्कूली जीवन से आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करना प्रारंभ किया जो आज भी जारी है। सुनील मिंज गढ़वा जिले के गोठानी गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने सातवीं कक्षा से विस्थापन के खिलाफ आंदोलन में भाग लेना प्रारंभ कर दिया था। जब वे सातवीं कक्षा में थे, तभी कुटकू डैम के खिलाफ आंदोलन करते वक्त जेल भी गये। आंदोलन में शामिल 25 अन्य साथियों के साथ उन्हें विस्थापन के खिलाफ आवाज उठाने के लिए जेल जाना पड़ा था। उस समय आंदोलन के बारे में उनकी उतनी समझ नहीं थी, लेकिन आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए आवाज उठाने का बीजारोपण हो चुका था। जब वे संत जेवियर कॉलेज पढ़ने के लिए आये तब, उन्हें पलामू प्रमंडल के प्रगतिशील छात्र संघ का सचिव बनाया गया। इसके बाद उन्हें आंदोलन का जिम्मा दिया गया। यहीं से आदिवासियों के लिए संघर्ष करने के लिए विचार पौध बड़ा होने लगा। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने वॉल मैगजीन का प्रारंभ किया। दीवारों पर आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ अपने विचार देने लगे। कॉलज की पढ़ाई के बाद सुनील मिंज मीडिया जगत में आदिवासियों के अकाल को समाप्त करने के लिए बीड़ा उठाया। इसी क्रम में 1996 में उन्होंने अखड़ा की स्थापना की। इसके तहत उन्होंने आदिवासियों के जीवन को डॉक्यूमेंटेड करने लगे। बगैर प्रशिक्षण के चुनौतियों को स्वीकार करते हुए लेखन की दुनिया में पदार्पण किया। संवाद फीचर ट्रेनिंग चलाया। इसके माध्यम से दूसरों के 800 लेखों का विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित कराया। ग्रामीण पत्रकारिता के एक टोली बनायी। सुनील मिंज कॉलेज जीवन में हेराल्ड सैमसन टोपनो, महादेव टोप्पो, मेघनाथ आदि आदिवासी समाज के चितंकों से प्रेरणा लिये। सामाजिक बदलाव के लिए इनसे हमेशा बातचीत करते थे। सुनील मिंज अपने बडे भाई जयप्रकाश मिंज भाकपा माले के नेता थे जिनके आंदोलन से बहुत प्रभावित थे। उन्हें के पथ पर अग्रसर होते हुए गरीब आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए नौकरी की परवाह किये बिना सामाजिक कार्य में जुटे हुए हैं। सुनील मिंज ने कई विस्थापन आंदोलन में सक्रिय योगदान दिया है। कुटकू आंदोलन, नेतरहाट आंदोलन, कोइल कारो आंदोलन, काठीकुंड आंदोलन आदि में बड़ी भूमिका निभायी है। सुनील मिंज का सपना था कि आदिवासियों को मीडिया जगत में लाना। इसके लिए उन्होंने सकारात्मक प्रयास भी किये। इसका नतीजा आज कुछ सामने नजर आता है। आदिवासी समाज के लोग मीडिया में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में काम कर रहे हैं। सिनेमा जगत और फोटोग्राफी में आ रहे हैं। इनके आंदोलन और कार्य से आदिवासी समाज को एक दिशा मिलती रही है। बढ़निया का सच पुस्तक का लेखन करके बरवाडीह प्रखंड के बढ़निया गांव के पांच मुंडा आदिवासी परिवार के सदस्यों को मुआवजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। इस पुस्तक में उन्होंने सीआरपीएफ के जवानों गोली लगने से पांच मुंडा आदिवासियों की हत्या हुई थी। जिसे सरकार भी गलत साबित कर रही थी, परंतु तथ्यपरक और ठोस सबूत के आधार पर उन्होंने इस पुस्तक लेखन कर इसे सही साबित कराने में सफलता पायी। सरकार ने इसे सही माना और मारे गये लोगों के परिवारों को मुआवजा भी मिला। कुटकू और नेतरहाट आंदोलन करके इन परियोजनाओं को रोक कर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। आदिवासियासें के लिए आवंटित राशि की बंदरबाट को रोकने के लिए बजट विश्लेषण कर फंडों के दुरूपयोग को जनता के सामने लाने में सफल रहे हैं। अब तक जन सरोकारों से जुड़ी 12 से अधिक पुस्तकों का लेखन किया है।

सपनाः सुनील मिंज फिल्म निर्माण करना चाहते हैं। इसके लिए चीरो पाठ क्रिएशन बैनर बनाया है। वे आशावादी हैं। इसमें अधिक से अधिक आदिवासी युवाओं को लाने की इच्छा रखते हैं।इनकी धर्म पत्नी ज्योति लकड़ा ने भी स्कूली जीवन से ही आदिवासियों के मुद्दों पर काम करना प्रारंभ कर दिया था। आदिवासी छात्राओं क समस्याओं को लेकर डाल्टनगंज में छहमुहा को जाम कर दिया था। स् कूली जीवन से आंदोलन की पृष्ठभूमि तैयार हो गयी थी,अब तक बरकरार है। ज्योति लकड़ा कुटकू बांध परियोजना से विस्थापित हैं। उनका पैतृक गांव चपिया है, लेकिन बाद में उनके घर वालों को नयाटोली में पुनर्वासित किया गया। ज्योति लकड़ा भी कुटकू बांध से विस्थापितों के पुनर्वास और रोजगार के आंदोलन किया। बाद में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में एमए की पढ़ाई के दौरान लेखन की दुनिया में पदार्पण किया। (लेखक गोस्नर कॉलेज रांची के व्याख्याता हैं।)



-डॉ के 'मिंज

> आदिवासियों के लिए संवैधानिक प्रावधान भी हैं लेकिन उसकी तो ऐसी फजीहत की गयी है कि उसका रहना या न रहना बराबर सा प्रतीत होता है। आदिवासियों को कथा कथित सभ्य समाज के लोगों ने इंसान की श्रेणी में कभी रखा ही नहीं। तभी तो इनके कानूनों को कानून के रूप में कभी देखा ही नहीं गया।

## खास बात

### नफरत की बात

जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस में देखने को मिली जब एक कांस्टेबल ने सियासी बहस से बौखलाकर 4 लोगों को गोलियों से भूनकर रख दिया। इनमें तीन एक सम्प्रदाय विशेष के थे तो चौथा व्यक्ति आरक्षक का वरिष्ठ अधिकारी ही था। इतना ही नहीं, उसने लहू से तरबतर लाशों के सामने बाकायदा भाषण दिया और अन्य यात्रियों को समझाया कि 'जिसे भी भारत में रहना है, उन्हें किसे वोट देना चाहिये। हत्या के तुरन्त बाद लोगों के समक्ष जो उद्बोधन कांस्टेबल ने दिया वह पिछले कुछ समय से लगाये जा रहे नारों की ही प्रतिध्वनि है जो चेतावनियों व धमकियों की शक्ल में सुनाई देती रहती है। देश के ज्यादातर हिस्सों में कभी एकाकी तो कभी समवेत स्वर में ऐसी धमकियां उन सभी को मिल रही हैं जिन्हें अलग समाज का हिस्सा मान लिया गया है और उन्हें बहुसंख्यकों से दोयम नागरिक का दर्जा दे दिया गया है।

12956 क्रमांक की यह ट्रेन सोमवार की सुबह जब मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर पालघर में थी, एएसआई टीकाराम मीणा व दो अन्य आरक्षक साथियों के साथ आरोपी कांस्टेबल चेतन कुमार चौधरी कोच की एस्कॉर्ट ड्यूटी पर था। मीणा की किसी राजनैतिक टिप्पणी से वह एकाएक तैश में आ गया। उसने अपनी आटोमेटिक राइफल से मीणा एवं उसके साथ बैठे अब्दुल कादिर भानपुरवाला पर फायरिंग कर दी। फिर वह पेंट्री कार में गया। वहां उसने सदर मोहम्मद को गोलियों से उड़ाया। तत्पश्चात बी-6 कोच में जयपुर के असगर अली को मार डाला जो काम की तलाश में मुंबई आ रहा था। फिर करीब 6 बजे चेतन ने चेन खींचकर ट्रेन रोकी व उतरकर भागने लगा। जीआरपी ने उसे मुंबई के समीपवर्ती उपनगर मीरा रोड व दहिसर के बीच हथियारों के साथ पकड़ लिया।

बताया जा रहा है कि चेतन गुस्सैल है और इन दिनों अवसाद में था।

सवाल सिर्फ यह खड़ा नहीं होता कि ऐसी मानसिक अवस्था में उसे क्यों ड्यूटी पर तैनात किया गया जिन केन्द्रीय बलों के जवानों को हमेशा से धर्मनिरपेक्ष माना जाता रहा है, उसका एक सदस्य एक वर्ग विशेष को निशाना बनाकर एक-दो नहीं पूरे 12 राउंड फायर करता है।

# शूर्पणखा का विलाप

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**शूर्पनखा** ने रावण को डांटकर बोली तुम रात दिन मदिरा पान करों और निद्रा में रहो। इस प्रकार पूर्वजों के इस राज का नाश हो जाएगा। सिर पर विपति आ गयी है और तुमको पता भी नहीं है। रावण ने कहा बहना क्या हो गया ? यह किसने किया? शूर्पनखा ने अपने नाक-कान दिखाते हुए कहा कि राम और लक्ष्मण नाम के दो युवक हैं। अयोध्या के राजा के लड़के हैं उनके साथ सीता नाम की स्त्री है। मैं उनका पता लगाने गयी तो मेरा नाक-कान काट दिया। रावण ने कहा तुम खर-दूषण के पास क्यों नहीं गयी। यही बताने आई हूं कि मैं खर-दूषण के पास गयी और वे दस हजार सेना सहित उनसे युद्ध करने गये और सभी मारे गये।

**प्रसंग का अध्यात्म**

घटनाएं जो धटती है प्रारब्धवश नियोजित होती है अथवा क्रियमाण के कर्म का फल होता है। लेकिन उसमें व्यक्ति की जो भावना होती है यही ईश्वर की ओर उन्मुख होती है या ईश्वर से विमुख करती है। जितनी घटनाएं घटी सब पूर्व नियोजित थी। लेकिन श्रीराम की भावना भक्ति की ओर उन्मुख थी। कारण है कि उनके भीतर हमेशा यही भाव है कि मेरे द्वारा वही हो जो गुरु महाराज चाहते हैं। वसिष्ठ जी ने जब कह दिया चित्रकूट के बाद जिन-जिन रास्ते पर वे चलने के लिये कहे जिन लोगों से मिलने की बात की वैसे ही वे चलते चले गये और इस बात का ख्याल रखें कि मैं जो भी करूं वो उनके अनुरूप करूं। अगर अगस्त्य जी ने बताया तो उसे भी माना।

ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम

> याद रखेगा देश, कांग्रेस की ये सनक!
>
> कांग्रेस ने सदन में एक पूर्व प्रधानमंत्री को देर रात स्वास्थ्य की ऐसी स्थिति में भी व्हील चेयर पर बैठाये रखा वो भी सिर्फ अपना बेईमान गठबंधन ज़िंदा रखने के लिए! बेहद शर्मनाक!
>
> **– राष्ट्रीय विंग, भारतीय जनता पार्टी**

## रोचक ट्वीट

> **समृद्ध** आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को एक बार फिर हर्षोल्लास से जियेगा झारखण्ड। बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान में नए स्वरूप में झारखण्ड आदिवासी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आप सभी इस शुभ अवसर पर सादर आमंत्रित हैं। **– हेमंत सोरेन**





> बीते कुछ वर्षों में भारत में हैंडलूम सेक्टर के विस्तार के लिए अभूतपूर्व प्रयास किए गए हैं। देशभर में आज स्वदेशी को लेकर जो एक नई क्रांति आई है, उसमें हमारे बुनकर भाई-बहनों का अहम योगदान है।
>
> **-नरेन्द्र मोदी**

## कॉर्टून वर्ल्ड




साभार कार्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### प्रौद्योगिकी का प्रयोग

**नियामक** ढांचे के अनुरूप इन उभरती प्रौद्योगिकियों के साइबर सुरक्षा वर्टिकल पर एक केंद्रित अनुसंधान और विकास दृष्टिकोण साइबर-सुरक्षित इको सिस्टम बनाने और हर स्तर पर इन प्रौद्योगिकियों को अपनाने को बढ़ावा देने में काफी मदद करेगा। असली उद्देश्य समाज को उभरते खतरों से सुरक्षित रखते हुए इन पथ प्रदर्शक प्रौद्योगिकियों की विशाल संभावना है। **– रमाशंकर, सिंह रांची**

### शिक्षा में सुधार

**विश्वविद्यालयी**-व्यावसायिक शिक्षा भी सुधार मांग रही है। हमारे प्रमुख विश्वविद्यालय पिछड़ते जा रहे हैं-कलकत्ता विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने कभी नोबेल पुरस्कार विजेता और प्रधानमंत्री दिए हैं। अब वे विश्व रैंकिंग में 400 से नीचे हैं। भारत अब बदल चुका है और बेहतर शिक्षा की मांग कर रहा है। निश्चित ही इस दिशा में ठोस कार्य की जरूरत है। **– प्रकाश सिंह, रातू**

# आधुनिक भारत का निर्माण युवाओं के हाथ में



**अतुल मलिकराम**

**यदि** हम इतिहास उठाकर देखें, तो यह पायेगें कि आज तक दुनिया में जितने भी क्रॉंतिकारी परिवर्तन हुए हैं, चाहे वे सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या वैज्ञानिक रहे हों, उनके प्रमुख आधार युवा ही रहे हैं। भारत में युवाओं का एक समृद्ध इतिहास है। प्राचीनकाल की यदि बात करें, तो आदिगुरु शंकराचार्य से लेकर गौतम बुद्ध और भगत सिंह ने अपनी युवावस्था में ही धर्म और समाज सुधार और देश की स्वतंत्रता का बीड़ा उठाया था।

जैसा कि हम जानते हैं, भारत एक युवा देश है। युवा वर्ग देश का भविष्य होने के साथ-साथ हमारे देश के विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत में युवाओं की संख्या अन्य देशों से अधिक है। जहाँ अमेरिका में सिर्फ 44 मिलियन युवा हैं, वहीं भारत में 419 मिलियन युवा (18 वर्ष से 40 वर्ष) हैं। यह आँकड़ा भारत को एक मजबूत देश बनाता है।

जब भी युवा पीढ़ी की बात आती है, तो भगत सिंह का नाम सबसे पहले आता है, जो महज 23 वर्ष की उम्र में ही अपने देश के लिए खुशी-खुशी शहीद हो गए। ऐसे ही युवा भारत के निर्माण में सहायक साबित होते हैं।

भारतीय युवा पूरी दुनिया में ख्याति अर्जित कर, भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। यदि भारत को फिर से विश्व गुरु बनाना चाहते हैं, तो जरूरत है इच्छाशक्ति की जो युवाओं में भरपूर होती है।

## विचार

लेकिन सवाल यह उठता है कि वह कौन-सा युवा है, जो देश में बदलाव लाएगा? क्या वही जो रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है? या वह, जिसकी प्रतिभा और कुशलता भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती है?

या वे युवा, जो देश में अपनी प्रतिभा को उचित सम्मान न मिलने पर विदेशी कंपनियों में नौकरी कर देश छोड़कर चले जाने के लिए विवश हैं? या जिनके हाथों में भारी-भारी डिग्रियाँ तो हैं, लेकिन उनमें विषय से संबंधित यथोचित ज्ञान का अभाव है? वे साक्षर तो हैं, लेकिन शिक्षित नहीं। आज भारत जैसे विकासशील राष्ट्र में इन नौजवानों की ऊर्जा कहीं व्यर्थ हो गई है।

ऐसी स्थिति में हमें देश में बढ़ती युवा शक्ति के लिए नीति निमार्ता चुनौतियों और अवसरों का लाभ देना चाहिए। चूँकि, कौशल से ही रोजगार का रास्ता निकलता है। कौशल युवाओं के लिए अपनी आजीविका पूरी करने और उनकी आकांक्षाओं को साकार करने का एक साधन बन सकता है। यह कुशलता सही मायने में एक ऐसे भविष्य का निर्माण करती है, जहाँ हमारे युवाओं के पास स्थायी रोजगार के अवसर भी हो सकते हैं।

इन स्थितियों के बावजूद युवाओं को एक उन्नत और आदर्श जीवन की ओर अग्रसर करना वर्तमान परिस्थिति की सबसे बड़ी जरूरत है। यह सच है कि जितना योगदान देश की प्रगति में कृषि, विज्ञान, तकनीक और कल-कारखानों का है, उससे बड़ा और महत्वपूर्ण योगदान स्वस्थ और शक्तिशाली युवाओं का होता है, क्योंकि एक राष्ट्र को मजबूत और सशक्त बनाने में शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ युवाओं का बहुत बड़ा योगदान होता है।

सरकार को इस बात का पूरा ध्यान देना चाहिए कि युवाओं के माध्यम से वे देश के विकास को बढ़ाने में ज्यादा सहयोग कर सकते हैं। उनके अनुसार युवा देश के विकास के लिए अपना सक्रिय योगदान दें, न कि केवल उसका एक हिस्सा मात्र बनकर रह जाएँ, क्योंकि यही युवा ही आने वाले भारत के निमार्ता हैं।

**(राजनीतिक रणनीतिकार और लेखक हैं।)**

# पारस हेल्थकेयर में पार्किंस के रोगियों के लिए खुल रहा है क्लिनिक

## समाज

**पारस** हेल्थकेयर राँची के न्यूरोलॉजी विभाग में डिस्टोनिया/पार्किंसन के मरीजों का सफल इलाज किया जाता रहा है। इलाज के बाद मरीजों में बेहतर सुधार पाया गया है। इसे देखते हुए पारस हेल्थकेयर राँची ने खासतौर से डिस्टोनिया/पार्किंसन के मरीजों के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर क्लिनिक खोलने का निर्णय लिया है। पारस हेल्थकेयर ने देश के लोगों के लाभ के लिए सबस्पेशलिटी क्लिनिक शुरू करने का निर्णय लिया है। आगामी मंगलवार से पारस हेल्थकेयर के परिसर में न्यूरोलॉजिस्ट डॉ संजीव कुमार शर्मा की देखरेख में शुरू हो रहा है। मूवमेंट डिसऑर्डर क्लिनिक।

पारस हेल्थकेयर राँची के न्यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ संजीव शर्मा कहते हैं कि मूवमेंट डिसऑर्डर्स खासकर दो तरह के होते हैं।

हाइपोकाईनेसिया- इसमें मरीज अपनी इच्छा के अनुसार अपने हाथ या पैर को गति नहीं दे पाता है। इस बीमारी के मरीजों में सबसे ज्यादा पार्किंसंस के मरीज मिलते हैं। पार्किंसंस एक धीमी गति से बढ़ने वाला रोग है जिसमें कंपकंपी, धीमी गति और चलने में कठिनाई होती है।

**हाईपरकाईनेसिया** - इसमें मरीज का शरीर अत्यधिक गतिशील हो जाता है, मरीज का हाथ, पैर या शरीर का अन्य भाग अपने आप तेजी से काँपने लगता है। इसके परिणामस्वरूप कंपकंपी या ऐंठन जैसी अनैच्छिक गतिविधियों में वृद्धि होती है, वहीं इसके कुछ मरीजों में कठोरता और शारीरिक असंतुलन भी देखने को मिलता है।




मूवमेंट डिसऑर्डर क्लिनिक के प्रमुख डॉ संजीव ने बताया कि - प्रत्येक व्यक्तिगत मूवमेंट डिसऑर्डर्स के लिए एक विशिष्ट रूप से तैयार उपचार और प्रबंधन की आवश्यकता होती है। मूवमेंट डिसऑर्डर से संबंधी कई अन्य बीमारियां भी हैं, जैसे- डिस्टोनिया, कोरिया, गतिभंग, कंपकंपी, मायोक्लोनस, टिक्स, टॉरेट सिंड्रोम, रेस्टलेस लेग्स सिंड्रोम, स्टिफ पर्सन सिंड्रोम, चलते हुए लड़खड़ाना और विल्सन रोग ।

# पारस हेल्थकेयर राँची के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश ने बताया की मूवमेंट डिसऑर्डर क्लिनिक में इस तरह के मरीजों को सर्वोत्तम एवं उच्च दर्जे के इलाज की सुविधा दी जाएगी। इस क्लिनिक में पार्किंसन/डिस्टोनिया के ही मरीजों का इलाज होगा। जहाँ इन मूवमेंट डिसऑर्डर बीमारियों को उचित इलाज के माध्यम से काफी हद तक कम किया जा सकता है और मरीज को एक सामान्य जीवन जीने का तोहफा दिया जा सकता है। पारस हेल्थकेयर की टीम ने इस बीमारी के शिकार कई रोगियों को उचित दवा, बोटोक्स इंजेक्शन और फिजियोथेरेपी के माध्यम से एक सामान्य ज़िंदगी देने में सफलता पाई है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## आजसू ने किया निर्मल महतो को नमन



**लोहरदगा।** आजसू रे पार्टी कार्यालय में शहीद निर्मल महतो की पुण्यतिथि मनायी। मौके पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 2 मिनट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी। नीरू शांति भगत ने कहा कि झारखंड के वीर सपूत आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो की जो सोच थी उस सोच को जन जन तक पहुंचाना आजसू पार्टी का लक्ष्य है। झारखंड का विकास का सपना जो निर्मल महतो ने देखा था। वह अब भी अधूरा है। मौके पर केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, अरविंद यादव, अनीता साहू, विलियम कुजूर, शाहिद अंसारी, अशोक साहू, मो अजमल अंसारी, मो शमीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

## विजेताओं को किया गया पुरस्कृत



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में 34वां क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, लोहरदगा संकुल प्रमुख विपिन दास और कॉलेज के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वंदना सभा में 34वां क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेता भैया की टीम और संरक्षक आचार्य को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अखिलेश ने भैया बहनों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता का मार्ग है और उन्होंने 34वां क्षेत्रीय वॉलीबॉल टीम के विजेताओं को अखिल भारतीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्रीति गुप्ता, नीतू कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, आरती भगत, स्नेहा शर्मा व शिक्षक-विद्यार्थी भी थे।

## स्वयंसेवकों ने बीडीओ से की मुलाकात



**घाघरा।** प्रखंड के स्वयंसेवकों ने मंगलवार को बीडीओ दिनेश कुमार से कार्यालय कक्ष में शिष्टाचार मुलाकात कर बुके देकर उनका स्वागत किया। स्वयंसेवकों ने विकास कार्यों में पूर्णरूपेण सहयोग की बात कही। बीडीओ ने कहा कि आप लोग के सहयोग के बिना विकास कार्य संभव नहीं है। आपका पूर्ण सहयोग जरूरी है। मौके पर स्वयंसेवक श्याम साहू, खुटवा उरांव, अनिल बैठा, बंदेराम उरांव, बालकृष्ण निषाद, देवानंद भगत, उर्मिला कुमारी पूनम देवी पार्वती देवी भी थे।

## शहीद निर्मल महतो को दी श्रद्धांजलि



**गुमला।** आजसू पार्टी गुमला जिला कमेटी ने पार्टी के संस्थापक सदस्य झारखंड अलग राज्य का दर्जा दिलाने वाले अग्रणी नेता वीर शहीद निर्मल महतो को उनकी शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी। झारखंड अलग राज्य को लेकर झारखंड वासी उनके त्याग और बलिदान को किसी भी कीमत पर भूला नहीं सकते। मौके पर जिलाध्यक्ष दिलीप साहु, केंद्रीय सचिव सह सिमडेगा जिला प्रभारी गोपीनाथ सिंह, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, जिला महासचिव आनंद गुप्ता, युवा अध्यक्ष उत्तम साहू, सचिव गोलू श्रीवास्तव, सानू कुमार, आमिर खान, पंकज साहू आदि थे।

## उपस्थिति में वृद्धि को लेकर बातचीत



**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय स्थित महात्मा गांधी पुस्तकालय में मंगलवार को अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता, बीडीओ दिनेश कुमार व सीओ प्रणव ऋतुराज के अलावे प्रबंधन समिति के सदस्यों व पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में ज्ञान दान पर जोर दिया गया। साथ ही पुस्तकालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने पर चर्चा हुई। मौके पर अनिरुद्ध चौबे, महेश अगस्टिन कुजूर, विजय साहू, कृष्णा लोहरा, अमित ठाकुर, आशीष सोनी, अरुजय सिंह के अलावे कई लोग मौजूद थे।

## हर घर नल से जल योजना पर चर्चा



**जारी।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को जल जीवन मिशन एवं स्वस्थ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के तहत प्रखंड सभागार कक्ष में विशेष बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा ने की। जिसमें हर घर नल से जल योजना एवं कचरा प्रबंध के बारे में चर्चा किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा, प्रखंड समन्वयक असीम बेक, सामाजिक उत्प्रेरक संतोष बड़ाईक, मुखिया बिनय एक्का, सिसीकरटोली मुखिया फुलमैत देवी, मेराल मुखिया चजरेन मिंज, संतोषी देवी, एंजेला कुजूर, फ्रेंशेसिया एक्का, अल्पना तिग्गा, पुष्पांजलि देवी, दिव्या बरवा, सुनीता देवी, नीलिमा टोप्पो, दुर्गा जोरोजिया केरकेट्टा, प्रभाव बड़ा, मरियम बखला सहित प्रखंड के सभी जल सहिया उपस्थित थे।

# अधिकारियों ने बनायी स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफल बनाने की रणनीति

- स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक संपन्न
- विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले लोगों को स्वतंत्रता दिवस पर किया जायेगा सम्मानित : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था व मुख्य कार्यक्रम स्थल पर होने वाली तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये। साथ ही स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल संचालन हेतु झंडोतोलन का समय, परेड में शामिल होने वाले विभिन्न टुकड़ियों के पूर्वाभ्यास, राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास एवं मुख्य समारोह स्थल पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अन्य कार्यक्रमों को संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस की विभिन्न तैयारियों के अलावा सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न कार्यों के आयोजन करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। उपायुक्त ने अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में होने वाले मुख्य कार्यक्रम के अलावा विधि व्यवस्था संधारण को लेकर संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न क्षेत्रों (शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्तदान आदि) में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जायेगा। उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मुख्य समारोह स्थल के मैदान को सुसज्जित करने के अलावा मुख्य समारोह स्थल पर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, अग्निशमन एवं विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ ऐहतेशाम बकारिब, डीडीसी हेमंत सती, एसडीओ सदर रवि जैन, जिला योजना सह परिवहन पदाधिकारी विजय बिरुआ, प्रभारी अधिकारी गोपनीय शाखा, कार्यपालक दंडाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, एवं संबंधित विभाग के अधिकारी, सदस्य व कर्मी आदि उपस्थित थे।



बैठक में शामिल डीसी, एसपी व अन्य अधिकारी।

## लोहरदगा : स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक



**लोहरदगा।** एसडीओ अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस-2023 की पूर्व संध्या पर आयोजित होनेवाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी हेतु बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में अतिथि दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। जिसके उपरांत गणेश वंदना की प्रस्तुति होगी। इसके बाद पाईका नृत्य होगा। इसके उपरांत लोहरदगा जिला के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी देशभक्ति आधारित प्रस्तुति देंगे। अंत में छउ नृत्य होगा। निर्णायक मंडली द्वारा चयनित प्रथम तीन स्थानों पर रहनेवाली टीम पुरस्कृत की जायेगी। बैठक में अवर निबंधक सुभाष दत्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी समेत संबंधित विद्यालयों के प्राधानाध्यापक/प्रतिनिधि व कार्यक्रम के आयोजन से जुड़े लोग उपस्थित थे।

### चेंबर कार्यालय के लिए जमीन खरीदने का प्रस्ताव किया गया पारित

# सभी चेंबर सदस्यों का जल्द होगा बीमा : दामोदर कसेरा

- चेंबर ऑफ कामर्स के नये सत्र की पहली बैठक में सहवरण से चुने छह सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स का सत्र 2023-24 की पहली बैठक स्थानीय पालकोट रोड स्थित गुमला चेंबर कार्यालय में चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सहवरण से 6 सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें प्रतीक अग्रवाल, विजय शंकर दास, बृज फोगला, अजय कुमार, संजीव मालानी व प्रदीप सोनी के नाम शामिल है। मौके पर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा कि सभी कार्यकारिणी से मैं आशा करता हूं कि हर बैठक में समय पर उपस्थित होंगे और चेंबर की गरिमा को बनाए रखेंगे। उन्होंने सबसे पहले चेंबर के अपने कार्यालय होने पर जोर दिया और कहा कि चेंबर के लिए बहुत जल्द ही एक जमीन का प्लॉट खरीदा जायेगा।



बैठक को संबोधित करते दामोदर कसेरा।

**खास बातें :** बैठक में चेंबर कार्यालय के लिए जमीन खरीदने, चेम्बर का बैंक अकाउंट है उसे सुचारु रुप से चालू करने, चेंबर के नाम से जो बैंक में एफडी है उसे एक बार फिर से रिनुअल करने, बैठक में कोई भी सदस्य किसी पदाधिकारी के साथ अभद्रता करते हैं तो उस पर कार्रवाई करने, लगातार तीन बैठक में नहीं उपस्थित होने पर कार्यकारिणी सदस्य पर कार्रवाई करने का प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं 15 अगस्त के बाद श्रम विभाग से मिलकर कुछ व्यापारियों की समस्याएं हैं उसका निदान एवं नए सदस्यों को जोड़ने पर रिनुअल करने के लिए एक उप समिति का गठन किया जाने का निर्णय लिया गया।

# बहुत जल्द बदले जायेंगे मकुंदा में जले दो ट्रांसफार्मर : आलोक साहू

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के ग्राम मकुंदा के ग्रामीणों के आग्रह पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिला अध्यक्ष आलोक कुमार साहू मकुंदा गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए।

ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि मकुंदा गांव में लगभग एक माह पूर्व 25 केवी का दो ट्रांसफार्मर जल गया था और अभी एक सप्ताह पूर्व 63 केवी का भी ट्रांसफार्मर जल गया जिसके कारण यहां की जनता अंधेरे में रहने को मजबूर है। बिजली नहीं रहने के कारण जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने श्री साहू से जले ट्रांसफार्मर को शीघ्र बदलने की मांग किये। श्री साहू ग्रामीणों के साथ जले हुए ट्रांसफार्मर का भी मुआयना किये। मौके पर कांग्रेसी नेता आलोक कुमार साहू ने कहा कि बिजली की समस्याओं का निदान जिले में त्वरित गति से किया जा रहा है। मुकुंदा गांव शत-प्रतिशत आदिवासी गांव है यहां जल्द ही जनहित में नया ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा। श्री साहू मौके पर से ही लोहरदगा विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर ग्रामीणों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए यहां शीघ्र नया ट्रांसफार्मर लगाने की बात कहें। कार्यपालक अभियंता ने श्री साहू को आश्वासन दिया कि यहां शीघ्र दो 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा उसके बाद 63 केवी का भी जले ट्रांसफार्मर को बदला जायेगा।



ग्रामीणों के साथ आलोक साहू।

## सांसद सुदर्शन भगत ने लोकसभा में की नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सांसद सुदर्शन भगत ने खेल के क्षेत्र में पूरे देश में गुमला जिला के योगदान को समरण करते हुए लोक सभा में गुमला जिले में नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना का प्रस्ताव रखा है। सांसद ने कहा कि लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के गुमला एवं लोहरदगा जिले में खेलों का पुरातन इतिहास है।

यहां हॉकी, फुटबाल, तीरंदाजी, कोर कबड्डी एवं एथलेटिक्स का परंपरागत रूप से प्रचलन है। गुमला एवं लोहरदगा जिले ने देश को अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। यहां प्रति वर्ष स्थानीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन बड़े पैमाने पर होता है। किन्तु कई बार देखा गया है कि यहां समुचित संसाधनों के आभाव में अनेकों प्रतिभावान खिलाड़ी आगे नहीं बढ़ पाते हैं।

- खेल के क्षेत्र में गुमला व लोहरदगा का इतिहास प्राचीन है, कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जिलों ने दिये हैं
- नेशनल स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना से उड़ीसा, छत्तीसगढ़ सहित आस-पास के जिलों के खिलाड़ियों को मिलेगा लाभ : सांसद सुदर्शन भगत



## 13 से लोहरदगा में रुकेगी राजधानी एक्सप्रेस, सांसद दिखायेंगे हरी झंडी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के लोहरदगा रेलवे स्टेशन को रेलवे ने नयी सौगात दी है। 13 अगस्त से लोहरदगा स्टेशन में राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव को लेकर सूचना निकाल दी गयी है। राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर तैयारी पूरी कर ली गयी है। रेलवे फुट ओवरब्रिज और दो नये प्लेटफार्म का निर्माण करा कर लोहरदगा रेलवे स्टेशन को हाईटेक सुविधा से लैस की गयी है, जो बड़े ट्रेनों के ठहराव के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं अब लोहरदगा के यात्रियों का राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर लंबा इंतजार खत्म हो गया है। इसे लेकर रेलवे बोर्ड ने अधिसूचना जारी कर दी है। रांची-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस को लोहरदगा रेलवे स्टेशन में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से सांसद सुदर्शन भगत हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सप्ताह में दो दिन लोहरदगा-टोरी रेल लेन पर रांची से नयी दिल्ली और दो दिन नयी दिल्ली से रांची-लोहरदगा होते हुए राजधानी एक्सप्रेस का परिचालन सुनिश्चित किया गया है।





## विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम आज

**सिसई।** कार्तिक उरांव विद्यालय परिसर कार्तिक नगर सिसई में अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद सिसई शाखा के तत्वाधान 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा। यह जानकारी अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रखंड सचिव सच्चिदानंद उरांव ने देते हुए कार्यक्रम में ज्यादे से ज्यादे लोगो से भाग लेने का अपील की।

## विश्वकर्मा मंदिर न्यास समिति के निबंधन पर हर्ष

**गुमला।** विश्वकर्मा समाज की बैठक बाजारटांड़ कार्यालय में अजय विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुई। जिसमें गुमला में विश्वकर्मा मंदिर न्यास समिति का निबंधन होने पर सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया। न्यास समिति के प्रथम संरक्षक अजय विश्वकर्मा, सह संरक्षक जयमंगल मिस्त्री, अध्यक्ष विष्णु विश्वकर्मा, सचिव अजीत कुमार विश्वकर्मा, सह सचिव प्रदीप विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश विश्वकर्मा, सह कोषाध्यक्ष विकास विश्वकर्मा बने। सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलायी गयी। समाज ने चंदाली में विश्वकर्मा मंदिर को जमीन खरीदी है।

## लोन देने के नाम पर लाखों ठगी की शिकायत दर्ज

**गुमला।** लोन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ठगने का आरोप लगाते हुए मिशन बदलाव के जिला सचिव सययदा खातुन व नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने गुमला थाना में लिखत परवीन के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। जिसमें अंबेडकर नगर की संजीदा खातुन, खड़िया पाड़ा की कुरैशा खातुन, गौश नगर की सकीना खातुन व आजाद बस्ती की रूबी खातुन से पैसे की ठगी की गयी है। सययदा ने बताया कि ये सभी मामलों को लेकर पूर्व में भी थाना को अवगत कराया गया था लेकिन थाना ने मामलों को गंभीरता से नहीं लिया।

## लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन को लेकर बसिया प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** बसिया प्रखंड के ब्लॉक चौक में प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विकास साहू की अध्यक्षता में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत बैठक हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, सिसई विधानसभा को-ऑर्डिनेटर प्रदीप केसरी शामिल हुए। बैठक में लीडर शिप डेवलपमेंट मिशन के बारे में चर्चा किया गया और लोगों को लीडर डेवलपमेंट मिशन के तहत चयन किया गया। जिसमें आदिवासी कांग्रेस निरोज टेटे, ओबीसी कांग्रेस रोहित साहू, मुनतजीर खॉ, महिला कांग्रेस जसिंता बागे, युवा कांग्रेस उदित टोप्पो थे।

## सर्पदंश से वृद्ध व्यक्ति की मौत

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के गम्हरिया में पुसो गढ़वाली गंगुटोली के देवड़ा उरांव (90) की सर्पदंश से मौत हो गयी। घटना की सूचना मृतक की पुत्री मकरो उरांव ने मंगलवार को घाघरा थाना पहुंच कर दी। पुत्री ने बताया कि उसके पिता दो माह से गम्हरिया गांव में घर रह रहते थे। सोमवार को सभी खाना खाकर सो रहे इसी दौरान रात करीब 11 बजे अचानक सांप ने देवड़ा को डंसकर भाग गया। सुबह में उन्हें घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## अल्ताफ अंसारी बने प्रदेश यूथ कांग्रेस को-ऑर्डिनेटर

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस ने कैरो निवासी अल्ताफ अंसारी को झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस का को-ऑर्डिनेटर मनोनीत किया गया है। अल्ताफ स्व खलील अंसारी (पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष) के पुत्र हैं। प्रदेश संयोजक बनने के बाद अल्ताफ ने कहा कि मैं पार्टी के लिए समर्पित हूं। युवाओं के साथ समन्वय स्थापित कर नये युवाओं को पार्टी में जोड़ने का प्रयास करूंगा। पार्टी के मूल सिद्धांतों के साथ चलते हुए पार्टी को और ज्यादा मजबूती के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करूंगा। झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज को दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने हमेशा मुझ पर विश्वास रखा और मुझे जीवन में आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया है। उन्हें कई लोगों ने बधाई दी है।

## एमबी डीएवी लोहरदगा में फ्रेंडशिप डे प्रतियोगिता



**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रो ने फ्रेंडशिप डे पर फ्रेंडशिप कार्ड बनाने की प्रतियोगिता करायी। कहा गया कि जीवन में माता-पिता और गुरु के बाद मित्र को विशेष स्थान दिया गया है। मित्र हमारे सुख-दुख के साथी होते हैं। किसी भी परिस्थिति में मित्र हमेशा साथ खड़े होते हैं। भारतीय परंपरा में मित्रता की बहुत सारी कहानियां प्रचलित है। इन्हीं में से एक कृष्ण और सुदामा की कहानी है। जिसमें हमें मित्र के प्रति ईमानदारी, त्याग और सम्मान का भाव दिखाई देता है। विद्यार्थियों में मित्रता के पवित्र रिश्ते को समझने तथा उसका सम्मान करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के बच्चों के मध्य फ्रेंडशिप डे पर कार्ड बनाने की प्रतियोगिता करायी गयी। इसमें कक्षा एलकेजी में अभिजीत पाठक, आकर्ष पंकज, अंजना कश्यप व अहान उरांव ने कक्षा यूकेजी में सार्थक चौधरी, काशवी कुमारी रहे।

# बालू माफियाओं पर बोंगालोया के लोगों ने लगाया धमकाने का आरोप

जनता दरबार

- उपायुक्त के जनता दरबार में 26 से अधिक आवेदकों ने समर्पित किया आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मंगलवार को आहूत जनता दरबार का में ग्रामीणों की समस्या सुनी। जनता दरबार में 26 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं के निवारण हेतु उपायुक्त को आवेदन समर्पित किया। बोंगालोया ग्राम निवासियों ने अपना आवेदन समर्पित कर उनके क्षेत्र के बालू माफियाओं के द्वारा ग्राम वासियों को परेशान करने एवं ग्राम के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के नाम को बदनाम करते हुए धमकी दिए जाने की समस्या से उपायुक्त को अवगत करवाया। जिसे सुन कर उपायुक्त त्वरित कार्रवाई करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। पालकोट के उदित किशोरी ने उपायुक्त को आवेदन सौंपकर जमीन विवाद के मामले को रखा। वहीं निर्वाचन विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर ने अपने अन्य अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करने हेतु उपायुक्त से अनुरोध किया। गुमला की पुष्पा देवी ने अपनी जमीन के लिए भू धारण प्रमाण पत्र निर्गत कराने की गुहार लगायी।



जनता दरबार में समस्याएं सुनते उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी।

**खास बातें :** कुछ आवेदकों ने सरकार के विभिन्न योजनाओं के लाभ लेने के उद्धेश्य से भी आवेदन समर्पित किया। जमीन विवाद एवं भू अर्जन के मामले, मुआवजा राशि भुगतान, नौकरी की मांग आदि जैसे कई मामले भी देखने को मिले। डुमरटोली निवासी करण खोरवार ने अपने अनाथ होने के विषय में जानकारी देते हुए नौकरी मांगी। उपायुक्त ने सभी आवेदकों से एक एक कर मुलाकात की उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान उपायुक्त ने कुछ मामलों के लिए अधिकारियों को तुरंत कॉल मिलाकर आवेदकों की समस्याओं का निवारण करने का निर्देश दिया तो वहीं गंभीर मामले पर अधिकारियों को अपने कार्यालय भी बुलाया।

# समीक्षा बैठक: आवास योजना और मनरेगा को लेकर भंडरा बीडीओ ने दी कड़ी हिदायत

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजित कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में विकास से संबंधित योजनाओं का समीक्षा बैठक की गयी। सर्वप्रथम नवनियुक्त पंचायत सचिवों को मनरेगा एवं आवास का ऑनलाइन रिपोर्ट कैसे देखा जाता है एवं मनरेगा के सभी बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।

बैठक में मनरेगा की समीक्षा की गई जिसमें अगले बैठक में 2022-23 या उससे पूर्व के वित्तीय वर्ष की योजनाओं का कार्य पूर्ण करते हुए मनरेगा स्पॉट में बंद करने हेतु निर्देश दिया गया, जिसकी पंचायतवार समीक्षा की गयी। मानव दिवस का सृजन, प्रति पंचायत कम से कम 5 योजना संचालित, मजदूरों का आधार सीडिंग आदि की समीक्षा की गई एवं सभी को लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को पंचायत भवन को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु कहा गया। बिरसा हरित ग्राम योजना बागवानी के बारे में मुखियाओं को जानकारी दिया गया। जिसमें घेरा बंदी एवं टीसीबी का कार्य जल्द से पूर्ण कराएं। आवास योजना की समीक्षा की। जिसमें लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर आवास, बिरसा आवास की समीक्षा की गई। बीडीओ द्वारा बताया गया कि अगले बैठक में निर्देश देने के बावजूद भी अभी तक आवास पूर्णता का प्रतिशत कम है, जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा नाराजगी जाहिर किया गया।



बैठक के दौरान योजनाओं की समीक्षा करते बीडीओ व उपस्थित अन्य।

स्पीड न्यूज

## आपत्तिजनक फोटो से ब्लैकमेल करने के मामले में एक को जेल

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत अपने सहपाठी का आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को जेल भेजते हुए तीन नाबालिग को निरुद्ध किया है। मामले में पकड़े गए नाबालिगों को पुलिस ने बाल सुधार गृह भेज दिया है। गौरतलब हो कि इस मामले में झाड़ी के रहने वाले पीड़ित छात्र के पिता की ओर से थाने में मामला दर्ज कराया गया था। वहीं थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि एक आरोपी आनंद कुमार को जेल भेजा गया है। जबकि अन्य तीन नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

## रेल डीएसपी ने रेल थाना का किया औचक निरीक्षण

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रेल डीएसपी साजिद जफर ने मंगलवार को रेल थाना का औचक निरीक्षण किया। इसके पूर्व रेल थाना प्रभारी उपेंद्र पासवान ने डीएसपी श्री जफर के सम्मान में गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। वहीं रेल थाना व पुलिस इंस्पेक्टर कार्यालय निरीक्षण के दौरान रेल डीएसपी श्री जफर ने कंप्यूटर कक्ष, हाजत, सिरिश्ता समेत कार्यालय में रखे अपराध से जुड़े पंजी समेत विभिन्न फाइलों का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा यात्रियों की सुरक्षित यात्रा करने के लिए प्रत्येक यात्रियों के सामानों की जांच करें। उन्होंने रेल थाना में लंबित मामलों के निपटारे पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने रेल परीक्षेत्र के हर गतिविधियों पर नजर बनाए रखने के अलावा कई आवश्यक निर्देश दिये। मौके पर रेल थाना के कई पुलिसकर्मी व जवान मौजूद थे।

## एलसीडीसी अभियान के तहत दस संदेहास्पद मरीजों की जांच की गई

**कोडरमा।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य कुष्ठ समन्वयक एनएलआर डॉ. सिद्धार्थ बिस्वाल एवं काशीनाथ चक्रवर्ती द्वारा सतगावां प्रखंड में लेप्रोसी केस डिटेक्शन कैंपेन में मिले 10 संदेहास्पद मरीजों की जांच की गई। जिसमें कुष्ठ के 2 मरीज मिले, जिन्हे तत्काल एमडीटी दवा शुरू करने का निर्देश चिकित्सा सहायक श्यामाकांत को दिया। साथ ही 7 इलाजरत मरीजों में रिएक्शन एवं विक्लांगता की जांच फिजियोथेरेपिस्ट राजीव रंजन द्वारा किया गया एवं मरीजों को सेल्फ केयर अभ्यास के बारे में बताया। वहीं एलसीडीसी अभियान के तहत बजनिया ग्राम में सहिया सुनीता कुमारी के सर्वे की जांच की गई। वहीं डॉ. सिद्धार्थ बिस्वाल के निर्देश पर कुष्ठ मरीज के संपर्क में आये व्यक्तियों को सिंगल डोज रिफांपिसिन दिया गया ताकि कुष्ठ रोग के प्रसार को रोका जा सके।

## मोर्चा ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कोडरमा।** झारखंड राज्य मुफस्सिल लिपिक मोर्चा ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम प्रेषित मांगो का ज्ञापन विधायक डॉ. नीरा यादव को सौंपा। मांग पत्र में बिहार राज्य की तरह विभिन्न विभागों में कार्यरत लिपिकों को नियुक्ति से 2400 ग्रेड पे वेतन भुगतान, सभी विभागों के लिपिकों का एक समान नियमावली निर्माण तथा एकल लिपिकीय पद कार्यालयों एवं विद्यालयों में उच्चतर पद सृजित कर प्रोन्नति करने की मांग शामिल है।

# हाथियों ने गांव पहुंचकर मचाया आतंक



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** सोमवार की रात हाथियों ने जामु पंचायत के नादकरी में पहुंचकर काफी आतंक मचाया। वहीं हाथियों के झुंड ने नादकरी स्थित मन्नौवर आलम का घर का दरवाजा तोड़ दिया। हलांकि दरवाजा छोटा रहने के कारण उसमें हांथी घुस नही पाया नही तो अंदर में सो रहे लोग उसकी चपेट में आ जाते। तभी दरवाजा टूटने की आवाज सुन कर घर के सभी सदस्य शोर मचाने लगे एवं हाथियों का झुंड वहां से निकलकर नादकरी निवासी इमामुद्दीन का बाउंड्री तथा 1 एकड़ धान रोपा के लिए तैयार बिचड़े को खाकर व पैरों तले रौंद कर बर्बाद कर दिया। वहीं कमालुद्दीन का गुमटी व घर का दरवाजा, शहमुल अंसारी का घर का दरवाजा तोड़ दिया। वहीं ग्रामीणों ने पटाखे छोड़कर व मशाल जलाकर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा मगर गांव में दहशत बनी हुई है।

## भगवतीडीह में जंगली हाथियों का उत्पात, खेत में लगे बिचड़े खा गए



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड में एक बार फिर हाथियों का झुंड बेरहवा जंगल पहुंच चुका है। जिससे जंगल से सटे गांवों के ग्रामीणों में दहशत है। लगातार हो रहे हाथियों के आतंक से किसान काफी चिंतित है। रविवार की देर रात हाथियों के झुण्ड ने मरकच्चो दक्षिणी पंचायत के भगवतीडीह में जमकर उत्पात मचाते हुए खेतों में लगे धान के बिहन को नष्ट कर दिया। वहीं कृषक रामदेव यादव के खेत में पटवन के लिए लगाए गए पम्प सेट को तोड़ दिया। इसके पूर्व हाथियों ने संतोष गिरी, रामचंद्र यादव, दिलीप यादव, रामदेव यादव, राजू यादव, अर्जुन यादव आदि के खेतों में लगे धान के बिहन को पूरी तरह नष्ट कर दिया। हाथियों के आने की सूचना पर पहुंचे वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ दिया। वहीं कृषकों ने बताया की हाथियों के उत्पात से हर वर्ष किसानों को काफी नुकसान होता है। अब किसान हाथियों के डर से खेती करने से कतराने लगे है। वहीं हाथियों के झुण्ड के बेरहवा जंगल में अपना डेरा जमाये रखने के कारण बेरहवा जंगल स्थित क्षेत्र के प्रसिद्ध करमा धाम में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं में भी भय है। पूर्व में हाथियों के झुण्ड ने कई करमा बाबा धाम परिसर में भी उत्पात मचाते हुए तोड़ फोड़ किया था।

# जनता दरबार में उमड़ रही है फरियादियों की भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों ने बारी बारी से अपनी समस्याओं को रखा और आवेदन देकर डीसी से उचित कार्रवाई की मांग की। मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में झुमरीतिलैया के नरेश कुमार ने राशनकार्ड में नाम जोड़ने, खरखार की महिला ने बच्चे की इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर आवेदन दिया तो तेतरियाडीह के सुरेश तिवारी, गुमो के गंदोरी सोनार ने जमीन विवाद को लेकर गुहार लगाया, इसके अलावे पीएम आवास योजना, वृद्धा पेंशन आदि से सम्बंधित मामले आये, उपायुक्त ने बारी बारी से सबकी समस्याएं सुनने के पश्चात जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए ग्रामीणों के आवेदनों को सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों को प्रेषित करते हुए जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज सह सावन महोत्सव



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भारत विकास परिषद एवं हड़केश्वर महादेव महिला मंडल के संयुक्त तत्वाधान में देवी मंडप प्रांगण में हरियाली तीज सह सावन महोत्सव श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी महिलाएं हरी साड़ी बनकर आई थी। भक्ति भाव के साथ महिलाओं ने पूजा अर्चना की। उसके बाद भजन का कार्यक्रम शुरू हुआ। इस दौरान चली सांवरिया लेके कवरिया शिव के धाम.......राम जानकी बैठे हैं सीने में.........जैसे एक से बढ़कर एक भजनों पर महिलाएं जमकर झूमती व थिरकती रही। वहीं हर हर महादेव, बोल बम के नारों से पूरा प्रांगण गुंजायमान होता रहा। इस अवसर पर भारती कुमारी व जूही दासगुप्ता ने कहा कि इस तरह के आयोजन से जहां भक्ति भाव का संचार होता है। वहीं अच्छे संस्कार के साथ कार्य करने की प्रेरणा भी मिलती है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से फुल कुमारी भारती, भारत विकास परिषद महिला एवं बाल विकास के प्रांतीय संयोजिका जूही दासगुप्ता, जिला संयोजिका डॉ. नीरा सिन्हा, इंदु यादव, इंदु जायसवाल, सुमन पांडे, मीना पांडे, आशा बर्णवाल, इंदू यादव, रेखा यादव, सुशीला सिन्हा, सोनी कुमारी, मीना यादव, नीलम मिश्रा, किरण देवी, नयन देवी, अजय अग्रवाल, राजेश कुमार एवं अरुण ओझा सहित दर्जनों महिलाएं मौजूद थे।

# अतिक्रमण हटाने के अभियान में लगे सीओ भागीरथ घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** अतिक्रमण हटाने के अभियान में लगे सीओ भागीरथ महतो दुकान के सेड गिरने से हुए चोटिल। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा, चोटिल सीओ को घटना स्थल गंदौरी मंदिर के निकट किलनिक में प्रारंभिक उपचार कराया। विशेष उपचार के लिए सीओ भागीरथ महतो सदर अस्पताल आए। सदर अस्पताल के चिकित्सक राजेश कुमार के द्वारा किया गया उपचार। सीओ के के बांई ओर लगी चोट से खून निकल रहा था। अतिक्रमण हटाओ अभियान का आज तीसरा दिन है।केशरी चौक से जतराहीबाग भाया गंदौरी मंदिर में अतिक्रमण हटाने का कार्य चल रहा था।इसी दौरान एक दुकानदार के द्वारा अपना सेड खोला जा रहा था। खुलते सेड की जद में सीओ आ गए। जिससे सेड उनके सर और कंधे पर गिरा। सेड के गिरते ही घटना स्थल पर अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया।परंतु सीओ ने लोगों को आश्वस्त किया कि मैं ठीक हूं। इसके बाद माहौल शांत हो गया। उपचार के बाद सीओ अपने आवास आराम करने के लिए चले गए।

## जीएन कॉन्वेंट प्लस टू में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट प्लस टू स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को विद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय स्वतंत्रता, संग्राम के दौरान वीर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों और वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अगस्त माह की अहम भूमिका पर चर्चा की गई। मौके पर विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से आम जनमानस में देश प्रेम की भावना को जागृत करना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सभी के मन मस्तिष्क में देश की आजादी के संघर्ष और अमर शहीदों की बलिदानों की जानकारियां रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगस्त माह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का केन्द्र बिंदु रहा है। इसी माह में आजादी के लिए कई महत्वपूर्ण आंदोलन चलाए गए। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया कार्यक्रम है, जो आजादी के अमृत महोत्सव के समापन कार्यक्रम का एक बड़ा कदम है। इसका मुख्य उद्देश्य भारतीय स्वतंत्रता, संग्राम के दौरान वीर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों और वीरांगनाओं को सम्मान व श्रद्धांजलि देना है।

## एसडीपीओ ने किया थाना का निरीक्षण



**चतरा।** एसडीपीओ अवीनाश कुमार मंगलवार को प्रतापपुर थाना का निरीक्षण किए। थाना के निरीक्षण के दौरान थाना में लंबित पड़े मामले को निस्पादन करने एवं सगठीत अपराधियों को छापेमारी कर गिरफ्तार करने, और थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त रखने का निर्देश दिया गया। एसडीपीओ ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक का सख्त निर्देश है कि थाना क्षेत्र में संगठीत अपराधियों संगठीत अपराध पर प्राथमिकता के आधार पर छापेमारी अभियान चला कर धर पकड़ कर कानून कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाना है। थाना क्षेत्र के लोग भय मुक्त हो कर रहे यह हमारी प्राथमिकता होगी। इसके अलावा थाना निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारीयों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# मंत्री मिथिलेश को कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता



पुष्प गुच्छ देकर बधाई देते कार्यकर्ता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमेटी का पुनर्गठन किया गया है। पुनर्गठित नई कमेटी में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को केंद्रीय महासचिव बनाया गया है। श्री ठाकुर को केंद्रीय महासचिव बनाए जाने पर गढ़वा जिला झामुमो कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दी है। कार्यकताओं ने मंत्री श्री ठाकुर के रांची स्थित आवास पहुंचकर उन्हें माला पहना कर एवं पुष्प गुच्छ देकर बधाई दिया। कार्यकताओं ने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर को पुनः पार्टी के महासचिव पद की बहुत बड़ी जिम्मेवारी दी गई है।कार्यकताओं ने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर की ऊर्जा एवं निष्ठा को देखते हुए दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरा भरोसा कर उन्हें बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपा है। कार्यकताओं ने इसके लिए कार्यकताओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मंत्री श्री ठाकुर को बधाई दिया है। बधाई देने वालों में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, गढ़वा जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, रंथा नायक, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर, भवनाथपुर जिप सदस्य रंजनी शर्मा आदि का नाम शामिल है।

एक नजर में

## झंडोतोलन का समय निर्धारण

**सिमरिया।** स्वतंत्रता दिवस पर प्रखंड मुख्यालय में आयोजित होने वाले झंडोतोलन का समय निर्धारण किया गया। समय का निर्धारण प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित बैठक में किया गया है। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ सुधीर कुमार दास ने किया। बैठक में निर्धारित समय के अनुसार स्वतंत्रता दिवस समारोह का शुभारंभ सिमरिया चौक में स्थापित नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण से होगा जहां पूर्वाहन 8:45 बजे माल्यार्पण किया जाएगा। तत्पश्चात अनुमंडल कार्यालय में 9:05 बजे, प्रखंड कार्यालय में 9:15 बजे, अनुमंडल पुलिस कार्यालय में 9:25 बजे, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 9:35 बजे, सिमरिया थाना में 9:45 बजे, रेफरल अस्पताल में 9:55 बजे और शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय परिसर में अनुमंडल स्तरीय झंडोतोलन का कार्यक्रम 10:05 बजे आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के अलावा अन्य सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में अपने सुविधा अनुसार झंडोतोलन किया जाएगा।

## विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण आरोग्य के तहत पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सोमवार को आयुष्मान भारत पहल के तहत पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डायट के प्रभारी प्राचार्य उमेश कुमार ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। यह प्रशिक्षण गैर आवासीय है और परीक्षार्थियों को विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम से संबंधित जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में रवि कुमार, हीरालाल साहू, नूर अंजर, सकलदीप राणा, निर्मल राणा, अर्जुन रजक और बिरजू कुमार रजक शामिल है। प्रशिक्षकों ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालयों में स्वास्थ्य के प्रति बच्चो को जागरूक करना है। जिससे होने वाले विभिन्न रोगों से बचाया जा सके। प्रशिक्षकों ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 50 विद्यालयों के संकाय सदस्यों को दो बैच में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**गढ़वा।** मानस मंडली बिशुनपुर इकाई गढ़वा के तत्वावधान में शहर के सहिजना स्थित अधिवक्ता उपेंद्र सिंह के आवास पर साप्ताहिक संगीत में सुंदरकांड पाठ, मंगलवारी पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री रामचरितमानस पाठ, अखंड पाठ भी किया गया। इस दौरान मंडली के सदस्यों ने बताया कि सुंदरकांड का 450वां पाठ मां गढ़देवी मंदिर परिसर में 15 अगस्त को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुंदरकांड पाठ मानस मंडली के यूट्यूब चैनल मानस मंडली गढ़वा पर प्रसारित किया जाता है। मानस मंडली के द्वारा पिछले नौ वर्षो से संगीत में सुंदरकांड पाठ वजन किया जा रहा है। सुंदरकांड पाठ, भजन, कीर्तन, आरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि सुंदरकांड का पाठ करने से घर में सुख शांति की प्राप्ति होती है।

## मरीज का सीएचओ ने नहीं किया इलाज

**भवनाथपुर।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट के सामने जमीन पर तड़पते मरीज को ड्यूटी पर तैनात सीएचओ कमल सैनी ने इलाज नहीं किया। कहा जहां जाना है जाओ मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। जानकारी देते हुए भवनाथपुर प्रखण्ड के झगराखाड के जिरहुला टोला निवासी राजू मेहता के भाई राजन मेहता ने बताया कि मेरे भाई राजू मेहता को बिच्छू ने डंक मार दिया। जिसको लेकर मैं प्राथमिक उपचार के तौर पर गांव में ही इंजेक्शन लगवाया। चुंकि मेरे गांव से भवनाथपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की दूरी 8 किलोमीटर है। जब सुई से राहत नहीं मिला तो मैंने अपने भाई को भवनाथपुर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 9 बजे रात में लेकर आया। वहां ड्यूटी पर उपस्थित सीएचओ कमल सैनी को जब इलाज के लिए बोला तो उनके द्वारा बोला गया कि जहां सुई लगवाए हो वहीं जाकर इलाज कराओ, यहां इलाज नही होगा। जब मैंने बोला कि मैं इसका शिकायत उच्च अधिकारियों से करूंगा तो सीएचओ ने कहा कि कर दो जहां शिकायत करना है मेरा नाम कमल सैनी है।

## पांच यूनिट रक्तदान

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान पांच यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ सिटी के सचिव संजय कुमार ने मझिआंव के सोनपुरवा निवासी थैलेसीमिया पीड़ित आदिल खान के लिए यूनिट रक्तदान किया। ज्ञात हो कि संजय इस बच्चे के लिए प्रत्येक तीन माह पर रक्तदान करते हैं। इसके अलावा गौतम कुमार कश्यप, अनूप कुमार सिंह, रंजन सिंह, विश्वेश चौबे ने एक-एक यूनिट रक्तदान कर सदर अस्पताल में आए मरीज को रक्त उपलब्ध कराया। मौके पर अध्यक्ष सुशील कुमार केषरी ने बताया कि मेरे कार्यकाल का यह पहला रक्तदान शिविर है। इसी प्रकार हम वर्ष भर रक्तदान शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों की सेवा करते रहेंगे। मौके पर लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी के पूर्व अध्यक्ष दया शंकर गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, शिवकुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## मुखिया एवं ग्रामीणों ने पंचायत सचिव को नहीं हटाने के संबंध में उपायुक्त को दिया आवेदन

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरसोता के पंचायत सचिव को नहीं हटाया जाए जिसको लेकर पंचायत मुखिया रीता देवी एवं सैकड़ों ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन दिया है। आवेदन के माध्यम से ग्रामीण ओम प्रकाश मेहता, संतन पासवान, सुमित्रा देवी, मुनेश्वर, पचु चौधरी, रंजीत चौधरी, मनदीप महतो, फूल कुमारी देवी शिवपतिया देवी, अर्जुन मेहता, अवधेश चौधरी, प्रतिमा देवी, अनूप चौधरी, शिव चौधरी, मनिजर यादव, विमली देवी, उपेंद्र यादव, दलू यादव, लीला देवी, सरस्वतीया देवी, राम सुरेश मेहता, विनोद यादव, सदय कुमार पासवान, मीरा देवी, मंजू देवी, सुदामा मेहता सहित सैकड़ों लोगों ने उपायुक्त शेखर जमुआर से आग्रह करते हुए कहा है कि हम लोग के पंचायत सचिव शंकर ठाकुर केंद्र पर पदस्थापित हैं। जो तेज तरार हैं। पंचायत के कार्य सुचारू रूप से चला रहे हैं। इस बीच सुनते हैं कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा इनको प्रभार से हटाकर जा रहा है। इसलिए श्रीमान से निवेदन है कि ऐसा कार्य करने वाले पंचायत सचिव को इसी पंचायत में रखा जाए।

## झामुमो ने मनाया निर्मल महतो का शहादत दिवस



उपस्थित झामुमो नेता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला झामुमो के तत्वावधान में वीर शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेष कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में जिला सचिव मनोज ठाकुर सहित अन्य कार्यकताओं ने दिवंगत नेता झारखंड आंदोलन के महान क्रांतिकारी वीर शहीद निर्मल महतो को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर सचिव श्री ठाकुर ने कहा कि शहीद निर्मल महतो की आठ अगस्त 1987 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिससे झारखण्ड आंदोलन का एक उभरते नेता शहीद हो गये। झारखण्ड ने एक सच्चा गरीबों का हितैसी व्यक्तित्व को खो दिया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, केन्द्रीय समिति सदस्य शरीफ अंसारी, शम्भू चन्द्रवंशी, अनीता दत्त, ताहिर अंसारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अराधना सिंह, चंदा देवी, रजनीगंधा देवी, कामेश्वर चौधरी, फुजैल अहमद, विरेन्द्र तिवारी, विकास सिंह कुशवाहा, करीब अंसारी, लल्लू राम, ओमप्रकाश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, विजय राउत आदि लोग उपस्थित थे।

# पशु बलि के साथ किया गया यज्ञ अपवित्र हो जाता है : जीयर स्वामी

## मन पर नियंत्रण से ही आत्म ज्ञान संभव है

खबर मन्त्र संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** श्री श्री 1008 श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा है कि धर्म की जिज्ञासा के बाद ब्रह्म की जिज्ञासा करनी चाहिए। बिना धर्म को जाने ब्रह्म की खोज कठिन होती है। भूमि में छुपी खनिज-सम्पदा एवं दूध में मिले पानी को नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता। इसके लिए उपकरण की आवश्यकता होती है। उसी तरह ब्रह्म को जानने के लिये धर्म रुपी उपकरण आवश्यक है। जैन धर्म सनातन से है, परन्तु जैन धर्म-दर्शन नहीं स्वीकारने के कारण सर्वमान्य नहीं हो पाया। सनातन धर्म दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं। श्री स्वामी जी श्री बंषीधर नगर के पाल्हे जतपुरा में आयोजित चातुर्मास्यव्रत सह श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में चल रहे प्रवचन में बोल रहे थे। श्री स्वामी ने कहा कि मानव जीवन में शरीर से कर्म होता है जिसे मन संचालित करता है। मन को नियंत्रित रखना चाहिए। अंगुलिमाल का शरीर वही रहा लेकिन मन के बदल जाने से वह अहिंसा का पुजारी बन गया। स्वामी जी ने कहा कि एक बार राजा जनक ने आत्म ज्ञान प्राप्त करने के लिए एक सभा बुलायी। उन्होंने कहा कि अल्प समय में जो आत्मज्ञान करायेगा, उसे आधा राज्य दे देंगे। विद्वानों ने अलग-अलग राय दी। राजा जनक संतुष्ट नहीं हुए। सभा में पहुंचे अष्टावक्र को देख सभी लोग हंस दिए। क्योंकि उनके सभी अंग टेढे थे। अष्टावक्र ने कहा कि किसी का शरीर देखकर उपाहास नहीं करनी चाहिये। उसका गुण देखना और जनाना चाहिए।



जीयर स्वामी

जनक जी क्षमा याचना किये। अष्टावक्र ने घोड़ा मंगाया। राजा जनक से कहा कि एक पैर रिकाब में रखिये और मेरा दक्षिणा दीजिए। जनक ने अपना आधा राज्य और शरीर देने की बातें कहीं। अष्टावक्र ने कहा कि ये दोनों आप के नहीं हैं। आप उपयोगकर्ता है। राज्य की संपदा प्रकृति और प्रजा की है।

शरीर पंचभूत से बना है, जिसपर पत्नी का भी अधिकार है। आप अपना मन, चित्त, बुद्धि और आकार दे दें और घोड़े पर सवार हो जायें। राजा शून्य की स्थिति में हो गये। उन्हें अल्पसमय में आत्म शांति मिली कि मन पर नियंत्रण से ही आत्म ज्ञान संभव है। मन, चित, बुद्धि और अहंकार के कारण ही संसार के भोग में मानव भटकता है। स्वामी जी ने कहा कि कामना युक्त कर्मकांड करने एवं कराने वालों में अहंकार आता है। कर्मकांड अगर करना है तो परमामा की प्राप्ति के लिये करे। किसी कामना की पूर्ति के लिये नहीं। राजा पृथू को जब आत्मज्ञान हुआ तो वे अपने बड़े पुत्र प्राचीन वर्हि को राजा बनाकर जंगल में चले गए।एक बार नारद जी राजा प्राचीनबर्हि को यज्ञ के संबंध में उपदेश दे थे। नारद जी ने कहा कि सभी जीव-जन्तु प्रभु की संतान आप यज्ञ में पशुओं की बलि नहीं दें।

पशु बलि के साथ किया गया यज्ञ अपावन होता है। नारद जी ने अपने तपोबल से उन पशुओं को दिखाया, जिन्हें प्राचीन वर्हि ने यज्ञ में बलि दी थी। सभी पशु क्रोधित नजर आए और अपना बदल लेने के लिये उद्यत थे। यह सनी कोचितम आदे। यह देख पाचीन वर्हि को ज्ञान हुआ और भूल पर पश्चताप हुई। स्वामी जी ने कहा कि विष्णु का अर्थ अहिंसा, प्रेम, सदाचार एवं सदविचार है। सविधार है। हिंसा युक्त यज्ञ विष्णु का यज्ञ नही हो सकता है। बलि यज्ञ से कल्याण संभव नहीं है।

# संत जेवियर्स महाविद्यालय में आदिवासी महोत्सव का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**महुआडांड़।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ में आदिवासी महोत्सव का अयोजन किया गया। महोत्सव का शुभांरभ प्राचार्य फादर डॉ. एम के जोस, एआईसीयूएफ के कॉर्डिनेटर डॉ. राजिप तिर्की व सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं अलका किंडो ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। वहीं प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कहा की आदिवासी परंपरा और दर्शन हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने का पाठ सिखाता है। उन्होंने दुःख जाहिर करते हुए कहा की वर्तमान समय में आदिवासियत पर हमला जारी है। जल, जंगल और जमीन आदिवासी जीवन का आधार है। लेकिन उनका स्वामित्व छीन चुका है। हम सभी आपसी एकता और सहयोग से ही आदिवासी अस्मिता, पहचान, भाषा, संस्कृति और धर्म, परंपरा को बचा सकते हैं। छात्र पेट्रूस आईंद ने कहा की आदिवासियत को सम्मान और संरक्षण की आवश्यकता है।

**महाविद्यालय परिसर पूरी तरह से आदिवासी गीत और नृत्य से झूम उठा**

इस अवसर पर आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। जिसमें दर्जनों जनजातियों के मनमोहक नृत्य शैली देखने को मिली। नृत्य प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में डॉ. प्यारी कुजूर, डॉ. राजिप तिर्की और नीतू मिंज शामिल थे। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार ट्विंकल एंड ग्रुप, द्वितीय पुरस्कार संयुक्त रूप से आलोक दीप एंड अनुराधा ग्रुप, तृतीय पुरस्कार अभिता एंड ग्रुप को प्रदान किया गया। इस महोत्सव का अयोजन ऑल इंडिया कैथोलिक यूनिवर्सिटी फैडरेशन के बैनर तले किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन और संचालन के लिए जयवंत कुजूर ने प्राचार्य, शिक्षकों, कर्मचारियो और विद्यार्थियों का हृदय से आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति तिर्की और मनजीत कुजूर ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सिस्टर कैसलिन जुलियट, अभय सुकुट डुंगडुंग, रीमा रेणु, अमृत मिंज, रोज एलिस, दिव्या शोभा, सुबोध मिंज, रश्मी सुमन टोप्पो, सेफाली प्रकाश, अस्मिता तिग्गा आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### शहीद निर्मल महतो की मनाई गई पुण्यतिथि


निर्मल महतो की पुण्यतिथि मनाते लोग।

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत बस स्टैंड स्थित झामुमों प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को झामुमो प्रखंड सचिव शाहिद अहमद अहमद उर्फ भोलू के नेतृत्व में शहीद निर्मल महतो की पुण्यतिथि मनाई गई। अपने दिवंगत नेता व झारखंड आंदोलन के महान क्रांतिकारी वीर शहीद निर्मल महतो को याद किया गया। कार्यक्रम आयोजित कर तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। झामुमो युवा ज़िला सचिव परवेज आलम ने कहा कि निर्मल महतो झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेताओं में शामिल रहे, वे एक कुशल नेतृत्वकर्ता थे। झारखंडियों के साथ होने वाले अन्याय और शोषण के खिलाफ हमेशा मुखर रहे। मौके में रशिद हजाम, जयंत टोप्पो, मेहंदी हसन, नुरूल होदा, अली असगर, पूर्व अल्पसंख्यक अध्यक्ष सैफ अली, बिक्रम शाह टोप्पो, अरशद अली, सुहेल अख़्तर, राजू कुजूर,आदि मौजूद थे।

### नाबालिक किशोरी के अपहरण मामले में आरोपी गया जेल

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगुवाई में विशेष छापामारी अभियान चलाकर चंदवा पुलिस की टीम ने चंदवा थाना कांड संख्या 130/22 में लंबे समय से खराब चल रहे अभियुक्त कुलदीप मुंडा को (सदीपा टंडवा) से गिरफ्तार कर मंडल कारा लातेहार भेज दिया। पुलिस ने बताया कि कुलदीप मुंडा पर चंदवा थाना क्षेत्र की एक नाबालिक किशोरी को शादी का झांसा देकर अगवा करने का मामला दर्ज है। मामले में पुलिस को आरोपी की लंबे समय से तलाश थी। छापामारी अभियान में पुलिस अवर निरीक्षक नारायण यादव समेत दलबल के जवान शामिल थे।

### हाईवा का टायर फटने से तीन घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के कांटा नंबर 17 के पास मंगलवार को एक हाईवा का टायर फटने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में राजेंद्र उरांव 35 वर्ष पिता श्रीनाथ उरांव खलारी जिला रांची निवासी, जयप्रकाश गंझु 25 वर्ष पिता हेमंत गंझु ग्राम सराधु टंडवा, बसंत कुमार 41 वर्ष पिता रामशरण साहू ग्राम भगिया थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मगध कोलियरी अंतर्गत कांटा नंबर 17 के पास एक पंचर दुकान में वे लोग खड़े थे। जहां एक हाईवा पंचर ठीक करा रहा था। पंचर ठीक होने के बाद टायर दुकान के मिस्त्री ने जैसी ही उसमें हवा भरा तो टायर ब्लास्ट कर गया और कोयला का रोड़ा छिटकर तीनों को जा लगा। जिससे सभी घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया यहां डॉक्टर ध्रुव कुमार के द्वारा सभी घायलो का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल जयप्रकाश गंझु और बसंत कुमार की स्थिति को गंभीर देखते हुए रांची रिम्स रेफर किया गया।

### पेड़ गिरने से दो कच्चे मकान ध्वस्त


घर में गिरा पेड़।

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम शाहपुर में मंगलवार को बड़ा हादसा गुजरा, जहां गांव स्थित एक विशाल इमली का पेड़ घर पर गिर गया, जिससे दो कच्चे मकान ध्वस्त हो गए, घर पर लोग मौजूद थे, ध्वस्त मकान मेरिस्तेला एक्का, पति स्व मारकुश कुजूर का, वही दूसरा कालिमा बीबी, पति जहादत अंसारी का है। तब घर में मौजूद लोग बाल–बाल बचें। कलिमा बीबी ने बताया कि दिन के लगभग 11 बजे घर पर परिवार के साथ मौजूद थे, तभी पेड़ के टूटने की आवाज आने पर हम बाहर निकल गए, तब पेड़ घर पर गिरा। वही कुछ देर बाद पेड़ का दूसरा हिस्सा मेरिस्तेला एक्का के घर पर गिरा। हालांकि तब सभी लोग से बाहर थे, पीड़ित परिवार के सदस्यों ने बताया ईमली का पेड़ बहुत पुराना था, सप्ताह भर पहले भारी बारिश होने के बाद पेड़ जड़ सहित उखड़ कर घर पर गिर गया। दोनो परिवार गरीब है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग द्वारा पीड़ित परिवार के घर का दौरा किया गया। बीडीओ श्री डांग द्वारा पीड़ित को प्रावधान अनुसार मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया।

### बारिश से गिरा घर, परिजन परेशान


बारिश से गिरे छत को देखते मुखिया।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत बारिखाप ग्राम निवासी रामा भुईयां का घर सोमवार की सुबह तेज बारिश के कारण अचानक घर का छत भरभरा कर गिर गया। छत के मलबे गिरने से मकान में रखे सामान दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे पीड़ित को हजारों रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है। छत गिरते समय परिजन घर के मुख्य दरवाजा पर थे अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। पीड़ित रामा भुइयाँ के पत्नी बसंती देवी ने बताया कि गरीब परिवार हैं मेरे पति मजदूरी करने के लिए बाहर गए हुए हैं। आचानक घर का छत गिर जाने से हमलोगों को इस बरसात के मौसम में सर छुपाने के लिए कोई जगह नहीं है। पीडित परिवार ने प्रखंड प्रशासन से आवास सहित क्षति हुई समान का मुआवजा दिलाने की गुहार लगाया है। वहीं घर गिरने कि सूचना पाकर पंचायत के मुखिया राजिव भगत पीड़ित के घर पहुंच कर सभी परिवारों से मिले इसके पश्चात घर का जायजा लिया और सरकार से हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया।

## प्रतियोगिता परीक्षा विधेयक के खिलाफ भाजपा का चला हस्ताक्षर अभियान

**बालूमाथ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा लातेहार जिला महामंत्री सूरज शाह के नेतृत्व में बालूमाथ के विद्या कोचिंग सेंटर में छात्र-छात्राओं के बीच हेमंत सरकार द्वारा लाये गए प्रतियोगिता परीक्षा विधयेक 2023 के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी उपस्थित थे। मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने बताया कि तीन अगस्त को विधानसभा में झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक लाया गया है। जो छात्रों के लिए काला कानून साबित होगा। झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक- 2023 के अलग अलग कठोर दंड के प्रावधानों का जिक्र करते हुए किसलय तिवारी ने कहा कि जिस तरह का कानून परीक्षा में कदाचार रोकने के नाम पर हेमंत सोरेन की सरकार बनाना चाहती है, उससे साफ है कि वह जनता की आवाज को दबाना चाहती है। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ भाजपा आंदोलन कर राज्य के छात्रों-युवाओं की आवाज बनेगा। कहा कि सरकार आज लाठी के बल पर युवाओं की आवाज दबाना चाहती है। मौके पर भाजयुमो लातेहार जिला अध्यक्ष छोटू राजा, जिला कार्यसमिति सदस्य सुनील पांडे,मंडल महामंत्री राम कुमार गुप्ता, नरेंद्र रजक, उमेश ठाकुर, मनीष पाठक, योगेंद्र यादव, शुभम कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## छिपादोहर स्टेशन में रांची-सासाराम इंटरसिटी को भाजपा नेताओं ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता


गार्ड ड्राइवर को सम्मानित करते भाजपा नेता।

**बरवाडीह।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील कु. सिंह के सराहनीय प्रयास से छिपादोहर में रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव होने के बाद भाजपा नेताओं ने स्टेशन में गार्ड व ड्राइवर को फूलमाला और अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला सांसद प्रतिनिधि विनित मधुकर के साथ-साथ प्रखंड सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, अजय सोनी और जिला मंत्री अजय प्रसाद सहित अन्य कई कार्यकताओं ने उपस्थित थे। जिला सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर ने बताया कि छिपादोहर रेलवे स्टेशन में यात्रियों की समस्या और यहां की जनता के वर्षो से लंबित मांग को देखते हुए माननीय सांसद सुनील कु. सिंह के सराहनीय प्रयास से रांची- सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि छिपादोहर में रेलवे स्टेशन एवं ट्रैक को हटाए जाने की जो अफवाह फैलाई गई थी वह गलत है। छिपादोहर रेलवे स्टेशन एवं रेलवे ट्रैक यही रहेगा। वहीं ट्रेन का ठहराव होने से छिपादोहर वासियों ने माननीय सांसद महोदय के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, भीमानंद गिरी, जिला उपाध्यक्ष रामधनी सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री मुन्ना गुप्ता, बरवाडीह मंडल उपाध्यक्ष सुनील सिंह, प्रवीण कुमार, दीपक तिवारी, राजू प्रसाद, सुधीर प्रसाद, राजकुमार ठाकुर और आनंद प्रसाद समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

## फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आईडीए-एमडीए के सफल क्रियान्वयन को लेकर मीडिया कार्यशाला का आयोजन


जानकारी देते सीएस व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**स्वास्थ्य कर्मियों को लोगों को अपने सामने ही दवा का सेवन कराना है: डॉ. अशोक कुमार**

**लातेहार।** सदर अस्पताल सभागार में फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आईडीए-एमडीए 2023 के सफल क्रियान्वयन के लिए डॉ अशोक कुमार सिविल सर्जन लातेहार के अध्यक्षता में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सिविल सर्जन श्री कुमार ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन लक्ष्य की प्राप्ति हेतु लातेहार जिला अंतर्गत सभी प्रखण्डों के जन समुदाय (01 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिला एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर) को डी.ई.सी., एलबेंडाजॉल एवं आइभरमेक्टिन की एक खुराक 10 अगस्त से 25 अगस्त तक खिलाई जायेगी। फाईलेरियारोधी दवा खिलाने के लिए जिले में कुल 1093 बूथ बनाया गया है। अभियान के प्रथम दिवस 10 अगस्त को बूथ पर लोगों को फाईलेरियारोधी दवा खिलायी जाएगी एवं उसके बाद छूटे हुए लोगों को 11 अगस्त से 25 अगस्त तक घर-घर जाकर दवा का सेवन कराया जाएगा। इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में दवा का वितरण नहीं करना है। स्वास्थ्य कर्मियों को लोगों को अपने सामने ही दवा का सेवन कराना है। उक्त कार्यशाला में जिला मलेरिया पदाधिकारी लातेहार डॉ शंभुनाथ चौधरी, जिला भीबीडी सलाहकार सुनील कुमार सिंह, डब्लूएचओ के राज्य प्रतिनिधि डॉ. मनोज कुमार, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि संजय गुप्ता, जिला भीबीडी स्पेशलिस्ट नीरज कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## भाजपाईयों ने विधेयक के खिलाफ चलाया हस्ताक्षर अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता


विद्यालय मे हस्ताक्षर अभियान चलाते भाजपाई।

**बारियातू।** झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक 2023 पारित करने के विरोध में मंगलवार को भाजपाईयों ने भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष संदीप केसरी के नेतृत्व में परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर विधेयक के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया। कार्यक्रम में पहुंचे युवा प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी व लातेहार जिला अध्यक्ष छोटू राजा की उपस्थिति में छात्र छात्राओं के बीच काला कानून के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। वहीं कहा की झारखंड प्रतियोगी परीक्षा 2023 विधेयक 3 अगस्त को वर्तमान सरकार के द्वारा विधानसभा में लाया गया है जो छात्रों के लिए काला कानून है विधेयक में जो कोई भी छात्र प्रतियोगी परीक्षा में सरकार द्वारा निकाले गए विज्ञापन के खिलाफ आंदोलन नहीं कर सकता है आंदोलन करने पर छात्रों को 10 साल की सजा है। इसके बाद कोई भी प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने से वंचित कर दिया जाएगा। बिल के विरोध में राज्यव्यापी हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, जिला युवा मोर्चा महामंत्री सूरज साह, बालूमाथ से सुनील पांडे, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद ,उपाध्यक्ष किशोर प्रसाद, जिला महामंत्री बृजमोहन राम, जिला मंत्री दुलारचंद पासवान, युवा मोर्चा महामंत्री प्रभु नारायण, अभिषेक कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

### बीडीओ की अध्यक्षता में जनता दरबार का हुआ आयोजन



ग्रामीणों की समस्या सुनते बीडीओ।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बाखला की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। आयोजित जनता दरबार में जन्म प्रमाण पत्र के लिए 21 आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए एक आवेदन, विधवा पेंशन के लिए 3 आवेदन, वृद्धा पेंशन के लिए 13 आवेदन, विकलांग पेंशन के लिए एक आवेदन, पेंशन जांच हेतु पांच आवेदन, मनरेगा जॉब कार्ड के लिए दो आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर पेंशन जांच हेतु पांचो आवेदन का मौके पर निष्पादन किया गया। आयोजित जनता दरबार के बारे में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बाखला ने बताया की लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को बालूमाथ प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है और जनता दरबार में आने वाले मामलों का त्वरित निष्पादन किया जाता है। उन्होंने ग्रामीणों से जनता दरबार में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का अपील किया। मौके पर प्रखंड महिला प्रसार पदाधिकारी मोनिका मींज, प्रधान सहायक राजीव रंजन, प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडे, ग्राम सेविका ममता कुमारी, सोनू कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मलेरिया व फलेरिया उन्मूलन को लेकर निकाला जागरूकता अभियान


जागरूकता अभियान चलाते शिक्षक व छात्र।

**बारियातू।** प्रखंड के अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बनवार के छात्र-छात्राओं ने मलेरिया व फलेरिया से बचाव के लिए जागरूकता रैली निकाली। जागरूकता रैली मे प्रधानाध्यापक महेश कुमार साव, शिक्षक सत्येंद्र राम, सहायक अध्यापक मनोज ठाकुर व सोहराई गंझु ने विद्यालय के अध्यनरत छात्र-छात्राओं को पंक्तिबद्ध तरीके से हाथ मे बैनर लेकर मलेरिया और फलेरिया के इलाज व बचाव संबंधित नारे लगाते हुए खिजूरियाडीह, बनवार के कई टोले मुहल्ले जाकर लोगों को जागरूकता किया। वहीं आसपास मे साफ-सफाई करने व मलेरिया और फलेरिया बीमारी के लिए जांच व इलाज के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। साथ ही कई नारे भी लगा रहे थे। वहीं गांव मुहल्ले मे जागरूकता अभियान चलाने के पश्चात शिक्षक व छात्र पुनः विद्यालय परिसर पहुंचे। जहां सभी छात्राओं ने पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ किए। मौके पर विद्यालय के सभी वर्गों के छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली मे मुख्य भूमिका निभा रहे थे।

### स्पोर्टस एसोशियन क्लब डगबंदी मे जिप सदस्य ने किया मैच का उद्घाटन


मैच का उद्घाटन करते जिप सदस्य।

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया मे स्पोर्टस एसोशियन क्लब डगबंदी द्वारा आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन जिप सदस्य रमेश राम, पंसस राजेश उरांव, समाजसेवी कामेश्वर भोगता, दुलारचंद राम, महेश पासवान ने संयुक्त रूप से फिता काटकर व बॉल को किक मारकर किया। उद्घाटन के पूर्व सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। जिप सदस्य श्री राम ने कहा आप सभी खिलाड़ी मन लगाकर खेल को खेल की भावना से खेले और अपना क्षेत्र का नाम रौशन करें। मैच उद्घाटन के सम्बन्ध मे स्पोर्टस एसोशियन क्लब डगबंदी के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार भोक्ता, पंकज उरांव, सचिव जयकुमार भोक्ता, दिलीप भोक्ता, कोषाध्यक्ष धुजा भोक्ता अंगद भोगता ने बताया की प्रथम विजेता टीम को तीन बड़ा खस्सी, उपविजेता टीम को दो बड़ा खस्सी, तृतीय को एक बड़ा खस्सी व चतुर्थ को एक छोटा खस्सी व सील्ड देकर सम्मानित किया जायेगा। टूनार्मेंट मे गणेश, सुनील, जुगु, राजेश,मंन्तु, कैलाश,उमेश, पपु चंदन अमित बब्लू सहित अन्य सदस्य मुख्य भूमिका निभा रहे थे।

## बरवाडीह बाजार में घुसी बारह चक्का एलपी ट्रक, सरकारी नाली को किया क्षतिग्रस्त

# प्रशासन के प्रयास से कई घंटो बाद आवागमन सामान्य

खबर मन्त्र संवाददाता


11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आने से बची अनियंत्रित एलपी ट्रक।

**बरवाडीह।** बरवाडीह बाजार के आदर्श नगर मोड़ में उस वक्त अफरा- तफरी का माहौल बन गया। जब एक माल लोडेड बारह चक्का एलपी ट्रक बाजार में घुसकर सरकारी नाली को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना में ट्रक का अगला चक्का नाली का स्लैप तोड़ते हुए नाली के अंदर जा धंसा। गनीमत रही की घटनास्थल पर मार्ग के ऊपर से जा रहे ग्यारह हजार वोल्ट के तार के संपर्क में ट्रक नहीं आया। नहीं तो बड़ी अनहोनी घटना घटित हो सकती थी। वहीं इस घटना के बाद कई घंटे तक बाजार, आदर्श नगर और रेलवे स्टेशन मार्ग पर आवागामन प्रभावित हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार मना करने के बावजूद प्रतिदिन एलपी को इस मार्ग में जबरन घुसाया जाता है। इधर उक्त मार्ग से गुजर रही बरवाडीह थाना के पेट्रोलिंग वाहन में सवार जवानों ने काफी मशक्कत के बाद हाइड्रोलिक जैक मंगाकार कर ट्रक को नाली से बाहर निकाला। जिसके बाद आवागमन सुचारू रूप से चालू हुआ। वहीं स्थानीय लोगों ने ट्रक मालिक से उक्त सरकारी नाली की मरम्मती अविलंब कराने की मांग की है।

## एक नजर में

### करंट लगने से एक बैल की मौत, दुसरा घायल

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के टोंटी पंचायत अंतर्गत इटके ग्राम के रेड़ाही टोला निवासी गिरधारी उरांव पिता स्व रूसेसर उरांव का बीते सोमवार को बिजली की करंट लगने से एक बैल की मौत हो गई जबकि दुसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। किसान गिरधारी उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि धान की रोपाई कर अपने दोनों बैल को घर लेकर आ रहे थे की अचानक तेज हवा के साथ बारिश होने लगा तो मेरे दोनों बैल बारिश से बचने के लिए सोलर जल मीनार के निचे चले गए। देखते ही देखते एक बैल उसी स्थान पर गिर गया और दुसरा थरथराते हुए कुछ दुर पर जा गिरा और देखा कि बिजली का तार जल मीनार से सटा हुआ है। जलमीनार में बिजली प्रवाहित तार स्पर्श होने से घटना घटी है। घटना की सूचना बिजली विभाग को दी गई। किसान गिरधारी ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हादसा हुआ है। विभाग ने तार को दुरुस्त कर दिया होता तो यह घटना नहीं होती। मैं खेती करने के लिए हाल ही में तीस हजार रुपये की लागत से बैल को खरीदा था। अब मैं खेती कैसे करूं। संबंधित विभाग से खेती के मौसम को देखते हुए जल्द से जल्द मुआवजा की मांग किया है।

### शहीद निर्मल महतो को दी गई श्रद्धांजलि


श्रद्धांजलि देते लोग।

**लातेहार।** झारखंडी माटी के वीर सपूत झारखंड आंदोलन के प्रणेता शहीद निर्मल महतो की पुण्यतिथि पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष, जिला सचिव शमशुल होदा के नेतृत्व में विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में जिले के सभी वर्ग के पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, प्रखंड अध्यक्ष व सैकड़ों कार्यकर्ता ने भाग लिया। जिसमें मुख्य रूप से जिला कार्यालय प्रभारी मानिक गंझू, 15 सदस्य पॉल एक्का, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष वारिस, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, महिला जिला अध्यक्ष निर्मला, रेखा, जिला संगठन सचिव गोपाल सिंह, युवा मोर्चा के जिला सचिव मुरारी ठाकुर, कोषाध्यक्ष अरशद अंसारी, संगठन सचिव मारूफ अंसारी, उपाध्यक्ष रिंकू कच्छप, बीस सूत्री सदस्य उमेश प्रसाद, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष अशोक पांडे, गारू प्रखंड अध्यक्ष तौकीर मियां, मोहन राम, विकास उरांव, इनायत करीम, मंजर हुसैन, मारूफ अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### मलेरिया व फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निकाली गई जागरूकता रैली


रैली निकालते लोग।

**चंदवा।** 7 से 17 अगस्त तक चल रहे मलेरिया व फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंड के लोहरसी गांव में मध्य विद्यालय लोहरसी के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली की शुरूआत विद्यालय प्रांगण से हुई जो लोहरसी बाजार व गांव का भ्रमण करते विद्यालय प्रांगण पहुंचकर संपन्न हुई। जागरूकता रैली के दौरान विद्यार्थियों के द्वारा स्वच्छता और साफ–सफाई से प्रेरित कोई स्लोगन व नारो के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। रैली के दौरान गांव के लोगों को मलेरिया व फाइलेरिया रोग से बचाव को लेकर अहम जानकारियां साझा की गई व घर के आसपास मच्छर न पनप सके इसके लिए साफ–सफाई पर विशेष जोर देने की बात कही गयी। जागरूकता रैली में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज पाठक, शिक्षक चंद्र किशोर गिरी, संतोष साहू समेत सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी शामिल थे।

### चंदवा के अंकित नंदन ने यूपीएससी के सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स परीक्षा में लाया 29 वां रैंक


अंकित नंदन।

**चंदवा।** प्रखंड के कुजरी ग्राम निवासी अंबिका प्रसाद सिंह उर्फ बिहारी सिंह के पुत्र अंकित नंदन संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स में असिस्टेंट कमांडेंट भर्ती परीक्षा 2022 के जारी रिजल्ट में 29 वां रैंक प्राप्त कर चंदवा समेत लातेहार जिले का गौरव बढ़ाया है। अंकित नंदन की कक्षा 5 तक आरंभिक शिक्षा चंदवा के ऑक्सफोर्ड विद्यालय में हुई। इसके बाद रांची के राम लखन सिंह यादव विद्यालय 10 वीं व प्लस टू की परीक्षा डीएवी बारियातू से करने के बाद उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली चले गए जहां उन्होंने परीक्षा की तैयारी पूरी लगन निष्ठा के साथ किया, जिसका परिणाम आज सामने है। बता दें कि अंकित नंदन इससे पूर्व प्राइवेट कंपनी में काम करते थे जहां से त्यागपत्र दे कर परीक्षा की तैयारी में जुटे थे। अपने पुत्र की सफलता पर पिता अंबिका प्रसाद सिंह व माता सुशीला देवी अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। अंकित ने इस सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, गुरुजनों, मित्रों शुभचिंतकों को दिया है।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न


बैठक करते लोग।

**कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं झंडोत्तोलन की समयसारणी की गई तय**

**चंदवा।** आगामी स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर मंगलवार को अधिकारी, पदाधिकारी व प्रबुद्धजनों की बैठक प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर सभागार में संपन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ विजय कुमार ने की। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्य कार्यक्रम स्थल हाई स्कूल खेल स्टेडियम में आयोजत होने वाले कार्यक्रमो की रूपरेखा व झंडोत्तोलन को लेकर समयसारणी को लेकर गंभीरता से चर्चा किया गया। सर्वसम्मति निर्णय लिया गया कि मुख्य कार्यक्रम स्थल में प्रत्येक विद्यालय से 2–2 सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सूचीबद्ध करने की जिम्मेवारी बीआरसी के प्रतीक सिन्हा को दी गई है। वहीं मुख्य कार्यक्रम स्थल हाई स्कूल खेल स्टेडियम में झंडोतोलन का समय भी निर्धारित किया गया। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, पुअनि नारायण यादव, पंसस नीलम देवी, जिपस प्रतिनिधि रोहित यादव, राजेन्द्र यादव, राजकुमार साहू, असगर खान, मो इजहार, केदार नाथ महतो, विजय कुमार, रितेश कुमार, जेएसएलपीएस के मुजबुल आरफीन, सुमित कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### मंदिर से दान पेटी और पूजा की बर्तन चोरी

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना अंतर्गत विवेकानंद कालोनी के शांति नगर स्थित हनुमान मंदिर का दान पेटी व पूजा का बर्तन सोमवार की रात्री चोरों ने चोरी कर ली। इस संबंध में मुहल्लावासियों ने चिरकुंडा थाना में लिखित शिकायत दर्ज की है। मुहल्लावासियों ने कहा कि कुछ लोगों ने एक चोर को मंदिर का सामान लेकर भागते हुए देखा उसके बाद लोगों ने चोर को पकड़ने का भी प्रयास किया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाते हुए चोर भाग खड़ा हुआ।

### रोजगार के लिए विस्थापित मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**कतरास।** बीसीसीएल एरिया चार के सलानपुर कोलियरी में संचालित आरके माइनिंग में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने की मांग को लेकर झारखंड विस्थापित मोर्चा के बैनर तले जूलूस निकालकर कर कोलियरी कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व मजदूर सह झामुमो नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा कर रहे थे। जूलूस रामकनाली कोलियरी से निकल कर गुहीबांध होते हुए सलानपुर कोलियरी कार्यालय पहुंचे जहां लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर कंपनी अधिकारियों को मांग पत्र सौंपा।

### भाजपा नेता ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**बेरमो।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण कुमार नायक ने बोकारो के उपायुक्त कुलदीप चौधरी जी से मिला और ग्रामीण क्षेत्र के सभी जर्जर 11000 वोल्ट के तार को बदलवाने व दुरुस्त करने हेतु ज्ञापन सौपकर उनसे आग्रह किया कि शीघ्र बिजली तार को दुरुस्त किया जाय ताकि खेतको जैसा घटना दोबारा नहीं हो। उपायुक्त ने शीघ्र बिजली विभाग से सुधारने हेतु आश्वस्त किए।

### शहीद निर्मल महतो की पुण्यतिथि मनी

**तोपचांची।** मंगलवार को तोपचांची में झारखंड आदिवासी कुडमि मंच की ओर से झारखंड आंदोलन के मसीहा शहीद निर्मल महतो की पुण्यतिथि सह शहादत दिवस मनाई गई। झारखंड आदिवासी कुडमि मंच के तोपचांची कार्यालय में शहीद निर्मल महतो की तस्वीर पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए प्रबुद्ध जनों, सामाजिक व राजनीतिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता गणों द्वारा माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर आजसू पार्टी व झारखंड आदिवासी कुडमि मंच के नेता सदानंद महतो रोहन महतो, गिरधारी पुरनियार जितेंद्र कुमार महतो, लक्ष्मण प्रसाद महतो, सुनील कुमार रजक, अमर भारती, देवाशीष भारती, समेत दर्जनों लोगों द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### होल्डिंग टैक्स के विरोध में व्यापारियों की भूख हड़ताल शुरू

**बेरमो।** फुसरो नप की शहरी जलापूर्ति कनेक्शन चार्ज व होल्डिंग टैक्स में तीन गुना बढ़ोतरी के विरोध में फुसरो युवा व्यवसायिक संघ की ओर से नप कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आज से शुरू हो गया। जिसका नेतृत्व संघ के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण कुमारए उपाध्यक्ष विनोद चौरसियाए व्यवसायिक संघ के संरक्षक मोहम्मद कलाम द्वारा किया गया। जबकि मौके पर उपरोक्त लोगो के अलावे अनिल गुप्ताए रविंद्र सिंह संजय गुप्ता सहित पिंटू गुप्ताए नवल सिंहए रामलाल गोस्वामी एवीरेंद्र कुमार ठाकुरए दिनेश सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### व्यवसायी के निधन पर चेंबर ने जताया शोक

**बोकारो।** बोकारो चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व उपाध्यक्ष और सिटी सेंटर ट्रेडर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रंगनाथ उपाध्याय के आकस्मिक निधन पर चेंबर ने गहरा शोक जताया। श्री उपाध्याय अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री, दो भाई, भतीजे सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मनोज चौधरी, नरेश अग्रवाल, प्रकाश कोठारी, सिद्धार्थ पारख, जयंत भाई, पीयूष गोरसिया, ज्योति प्रकाश द्विवेदी, प्रशांत कुमार, उत्तम त्रिपाठी, पुनीत जोहर, माणक छल्लानी, विनय सिंह, नरेंद्र सिंह आदि श्री उपाध्याय के अंतिम संस्कार में शामिल थे।

# रंगदारी नहीं देने पर वासेपुर में चली गोली, बचे कैफे के मालिक

## दहशत का माहौल

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शहर के बैंक मोड़ थाना अंतर्गत वासेपुर-भूली मोड़ मंगलवार को गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। बताया जाता है कि जिया साइबर कैफे के सामने अपराधियों ने फायरिंग किया है। जिसकी सूचना मिलने पर बैंक मोड़ पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। जहां पुलिस ने गोलियों के तीन खाली खोखे बरामद की है। वासेपुर के भूली मोड़ में दिनदहाड़े फायरिंग, इलाके में भय व दहशत का माहौल है। वही जिया साइबर कैफे के मालिक परवेज ने बताया कि यह हमला प्रिंस खान के द्वारा किया गया है उनके द्वारा जमीन की मांग की गई थी, नहीं देने पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना से पहले भी परवेज को प्रिंस खान के द्वारा धमकी मिल चुकी है। इस गोलीबारी की घटना में दुकान में मौजूद कई ग्राहक भी बाल-बाल बच गए हैं।


गोली चलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन करते हुई।

### बाइक पर आये थे अपराधी

मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अपराधी मोटरसाइकिल पर आए थे हेलमेट पहने हुए थे और चेहरे पर नकाब लगाए हुए थे। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गए। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है ,और अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। धनबाद में आए दिन हो रहे आपराधिक वारदातों के कारण पुलिस पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

### दो गुटों में मारपीट, आधा दर्जन घायल

बोकारो । स्थानीय सेक्टर-4 थाना के पीछे झोपड़पट्टी में दो गुटों के बीच हुई मारपीट में आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गये। झगड़े का कारण मात्र दस रुपए का लेन-देन था। सभी घायल बोकारो जनरल अस्पताल में इलाजरत हैं। घायलों में चांदनी कुमारी की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। दस रुपये को लेकर बात तू-तू मैं-मैं से मारपीट में तब्दील हो गई।

# आपराधिक घटनाओं पर लगे लगाम

- भाजपा कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** झरिया विधानसभा क्षेत्र में विगत छः माह से झरिया के सभी थाना क्षेत्रों में दिन-प्रतिदिन अपराधिक घटनाए बढ़ती जा रही है। हत्या और अन्य जघन्य अपराध आम बात हो गयी है। किसी घटना का सफल उदभेदन नही होने के कारण अपराधी घटनाओं को बेखौफ अंजाम दे रहे है। कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गयी हैए लोग भय के माहौल में है कि कब किसके साथ कोई अप्रिय घटना घट जाए। इन सभी मुद्दों को लेकर भाजपा कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने एसएसपी संजीव कुमार से आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। निम्न घटनाओं को लेकर एसएसपी को ज्ञापन सोपा और चर्चा की। तथा एसएसपी से घटनाओं के अरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने की दिशा में ठोस पहल की जाएए ताकि क्षेत्र में पुनः कानून व्यवस्था एवं शांति बहाल हो पाए। साथ ही लोगो के अंदर में व्याप्त भय दूर हो सकें। उन्होंने कहा की अगर ऐसा नहीं हुआ तो राजनैतिक दल की जिम्मेवारी का निर्वाह करते हुए भाजपा 15 अगस्त 2023 के बाद जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।


धनबाद एसएसपी को ज्ञापन सौंपतीं भाजपा नेत्री रागिनी सिंह।

### घटनाओं का किया जिक्र

झरिया थाना अंतर्गत धनंजय यादव की घर में घुसकर अपराधियों द्वारा निर्मम हत्याण्चारानाला में ट्रांसपोर्टर प्रवीण राय एवं होटल संचालक राज कुमार सिंह की हत्या अपराधियों ने गोली मार कर दी।झरिया थाना अंतर्गत निरंजन तांती की हत्या अपराधियों दिनदहाड़े कर दी गई। रंजीत सावए बबलू सिंहए चाँदो यादवए विनोद पासवान एवं संदीप गोप की हत्या भी अपराधियो के द्वारा अंजाम दिया गया है। वही एसएसपी कार्यालय के बाहर भाजपा के कार्यकर्ता नितिन भट्ट, संजय झा, मुकेश पाण्डेय, मानस प्रसून, अमलेश सिंह के साथ सैकडो की संख्या में मौजूद थे।

# डीवीसी कर्मचारी संघ चंद्रपुरा इकाई की कार्यकारिणी गठित

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चंद्रपुरा।** इंटक से सम्बद्ध डीवीसी कर्मचारी संघ के पूर्व सचिव मनोज कुमार झा के इस्तीफा के बाद संघ के केंद्रीय महासचिव सुब्रतो मिश्रा ने उमेश कुमार शर्मा को संघ के चंद्रपुरा इकाई का नया सचिव मनोनीत कर कर्मचारी संघ की नई कमेटी गठित की है। संघ के अध्यक्ष पद पर कविंद्र नाथ सिंह, उपाध्यक्ष मोतीलाल सिंह, कुलजीत कुमार, संयुक्त सचिव सहदेव सिंह, भूपेंद्र सिंह, ऑगेनाईजिंग सचिव अमरेंद्र कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, रफी अनवर अंसारी, सहायक सचिव उमाशंकर प्रसाद, पतिलाल सिंह, रेखा शर्माए प्रदीप कुमार, कोषाध्यक्ष रवि रंजन सिंह के अलावा 37 कार्यकारिणी के सदस्य का मनोनयन किया गया। संघ के कार्यालय में कविंद्र नाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि डीवीसी के कर्मियों के अलावा प्लांट में कार्यरत अन्य श्रमिकों के उत्थान और डीवीसी के उत्थान के लिए हम सभी को एकजुट होकर सकारात्मक कार्य करने की आवश्यकता है। संघ के सभी अधिकारियों ने यहां के सीजीएम सह प्रोजेक्ट हेड सुनील कुमार पांडेय से शिष्टाचार मुलाकात की। श्री पांडेय ने डीजीएम प्रशासन टीटी दास की मौजूदगी में श्रमिकों के हित की प्रतिबद्धता प्रकट की।

# जयंती पर याद किए गए रविंद्रनाथ टैगोर

खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी।** करकेंद बाजार स्थित डैफोडिल्स एकाडेमी में मंगलवार को विश्वगुरु रविन्द्रनाथ टैगोर की 162वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर विधालय परिसर में एक समारोह आयोजित कर गुरु रविंद्रनाथ टैगोर को भावभींनी श्रद्धाजंलि दी गई। उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने भी रविंद्रनाथ टैगोर के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्राचार्य तापस बनर्जी ने कहा कि रविंद्रनाथ टैगोर विश्व विख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य में नोबेल पुरस्कार विजेता है। उन्हें गुरुदेव के नाम से भी जाना है। वे बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में जान फूकने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने कहा कि रविंद्रनाथ टैगोर एकमात्र ऐसे कवि थे, जिनकी दो रचनाएं दो देशों का राष्ट्रगान बनीं। भारत का राष्ट्रगान जन गण मन और बांग्लादेश का राष्ट्रीयगान आमार सोनार बांग्ला टैगोर के ही रचनाएं है।


डैफोडिल्स एकाडेमी में रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाते विद्यार्थी।

### कार्यक्रम में इन्होंने किया सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्राचार्य देवाशीष मुखर्जी, प्रमोद सिन्हा, कौशल झा, अनिल सिंह , चंदन पासवान, एस.आर कर, एके सिन्हा, जेपी चौधरी, जयंत घटक, पीएम मुखर्जी, झूमा दत्ता, कविता दत्ता, डोली प्रसाद, निशा मित्रा, शशि गुप्ता आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## पेज 3 का शेष

### अविश्वास से भरा हुआ है...

पीएम मोदी ने यह भी कहा कि विपक्ष का सेमीफाइनल का मन था और सोमवार को सेमीफाइनल हो गया। नतीजा सबके सामने है। बैठक में संसद में अविश्वास प्रस्ताव सियासी बहस से पहले विपक्ष के सवालों के मुकाबले की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में पीएम के अलावा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनके नेता सामाजिक न्याय की बात करते हैं लेकिन उन्होंने वंशवादी, तुष्टिकरण और भ्रष्ट राजनीति से इसे सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया।

**पीएम दे सकते हैं जवाब :** अविश्वास प्रस्ताव पर आठ, नौ एवं दस अगस्त को 18 घंटे की बहस के बाद प्रधानमंत्री जवाब दे सकते हैं। हालांकि लोकसभा में सत्तारूढ़ पार्टी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का विफल होना तय समझा जा रहा है। इसके पूर्व विपक्षी गंठबंधन की एकता तहस-नहस करते हुए सत्तारूढ़ दलों ने दिल्ली सेवा विधेयक को सोमवार को संसद की मंजूरी ले ली। राज्यसभा ने इस विवादास्पद विधेयक को पारित कर दिया। पीएम ने 2018 के अपने भाषण का भी उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने विपक्ष से 2023 में उनकी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात कही थी।

### आदिवासी कला-संस्कृति...

फिल्म फेस्टिवल में संघर्ष और इतिहास की झलक मिलेगी : महोत्सव में फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होगा, जिसमें अनूठी कहानियों, परंपराओं, संघर्षों, दर्शन और इतिहास को करीब से जानने और समझने का अवसर प्राप्त होगा। जनजातीय फिल्म महोत्सव का उद्देश्य झारखंड के फिल्म निर्माताओं, कलाकारों की प्रतिभा को प्रदर्शित करना और आदिवासी समुदायों को एक साथ एक मंच पर लाकर झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना है। फिल्म महोत्सव राज्य की प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का एक अवसर है, जिन्हें ना केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर आदिवासी फिल्मों की स्क्रीनिंग से मुख्यधारा के सिनेमा में संवाद के लिये जगह बनेगी। कार्यक्रम झारखंड के उभरते फिल्म निमार्ताओं को प्रोत्साहित करने के लिए मंच भी तैयार करेगा। फिल्म महोत्सव में निर्माता दशरथ हांसदा द्वारा निर्मित फूलमुनी, दीपक बारा की द अग्ली साइड ऑफ ब्यूटी, दीपक के बेसरा की मोहोत, निजाम की छैला संधु, मेघनाथ की नाची से बांची, बिजु टोप्पो की मुंडारी सृष्टिकथा, अनुज वर्मा की चेरो, एनपीके पुरुषोत्तम की बंधा खेत, प्रियंका पूर्ति की हॉर्नटन रिमिल, रूपेश साहू की रैट ट्रैप इत्यादि जनजातीय फिल्मों के माध्यम से परंपराओंए संघर्षों और इतिहास जानने का अवसर प्राप्त होगा।

### हर चेहरे पर खुशी...

यह दिन एक ऐसा दिन है जब हमने एक ऐसे व्यक्तित्व को खोया था, जिनकी जगह कोई भी नहीं ले सकता। उन्होंने अपनी जिंदगी का जो भी वक्त झारखंड अलग राज्य के संघर्ष में दिया, उसे कभी भूल नहीं सकते हैं। वे सही अर्थों में झारखंडियों के मार्गदर्शक थे। कुशल संगठन और नेतृत्वकर्ता थे। उनके निर्णय लेने की क्षमता अद्भुत थी। उनके जो आदर्श हैं, उसे लेकर हम आज भी उन्हें जिंदा रखे हैं।

**इस राज्य की भूमि ने कई कुर्बानियां दीं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए यहां के आदिवासियों-मूलवासियों ने लंबा संघर्ष और आंदोलन किया। अनगिनत कुर्बानियां दी गई लेकिन अलग राज्य बनने के बाद पिछले 20 वर्षों में उनके बलिदान को राज्य में जो सम्मान और जगह मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिल सकी। हमारी सरकार अपने वीर शहीदों और आंदोलनकारी के सपनों के अनुसार झारखंड का नवनिर्माण कर रही है।

**दरवाजे पर पहुंच रही है सरकार :** झारखंड अलग राज्य बनने के 20 वर्षों तक यहां के गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, किसानों, महिलाओं, मजदूरों और युवाओं की उम्मीदें टूटने लगी थी लेकिन जब से हमारी सरकार है, सभी की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने का काम कर रहे हैं। आज सरकार आपके दरवाजे पर पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रही है। अधिकारी आपके गांव में आकर आपको योजनाओं से जोड़ रहे हैं। हमने संकल्प ले रखा है कि इस राज्य के हर व्यक्ति तक विकास को पहुंचाएंगे, चाहे कितनी भी चुनौतियां सामने क्यों ना आए।

**बड़े पैमाने पर हो रहीं नियुक्तियां :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हो रही है। जितने पद पिछले 20 वर्षों में नहीं भरे गए उससे कहीं ज्यादा पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है इन तमाम नियुक्तियों में गड़बड़ी नहीं हो परीक्षाओं में पारदर्शिता बनी रहे और जो होनहार है उन्हें नौकरी मिले इसके लिए सरकार ने एक कानून बनाया है। इस कानून के तहत जो भी प्रतियोगिता परीक्षाओं में गड़बड़ी करेगा या क्वेश्चन पेपर लीक करेगा वह जेल में होगा, चाहे वह कोई भी व्यक्ति, अधिकारी- कर्मचारी और संस्थान ही क्यों ना हो। इस अवसर पर मंत्री चम्पाई सोरेन, मंत्री जोबा मांझी, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक रामदास सोरेन, विधायक सविता महतो, विधायक संजीव सरदार, विधायक समीर मोहंती, विधायक मंगल कालिंदी और पूर्व सांसद सुमन महतो समेत कई पूर्व सांसद और पूर्व विधायक भी मौजूद थे।

### जमीन घोटाले में छवि रंजन...

उनकी ओर से कहा गया था कि छवि रंजन फजीवाड़ा कर भूमि खरीद-बिक्री मामले के मुख्य सूत्रधार हैं। उल्लेखनीय है कि रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। इसके बाद 14 अप्रैल को ईडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप था। बाद में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर चार मई को गिरफ्तार किया गया था। आईएएस छवि रंजन बीते तीन माह से जेल में बंद हैं।

### क्रांतिकारी नेता थे शहीद निर्मल महतो

**बेरमो।** फुसरो पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यालय में शहीद निर्मल महतो का 36वां शहादत दिवस मनाया गया। मौके पर मौजूद सदस्यों ने शहीद निर्मल महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके जुझारु व्यक्तित्व को याद किया। जिला सचिव जयनारायण महतो ने कहा कि निर्मल महतो क्रांतिकारी नेता थे। उनकी शहादत बेकार नहीं गई। भोलू खान और दीपक महतो ने कहा कि झारखंड के शहीदों की देन है कि आज अलग राज्य मिला है। वर्तमान में झारखंड मुक्ति मोर्चा व धरती पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड की जनता के अनुरूप काम कर रहे हैं।

# प्राथमिकता से करें जन समस्याओं का समाधान

## जनता दरबार में डीसी ने सुनी समस्याएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में धैया, सिंफर गेट के सामने से आए हंस विहार कॉलोनी के लोगों ने मित्तल पॉली फैक्ट्री को तुरंत दूसरे जगह स्थानांतरण करने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि मित्तल पॉली फैक्ट्री द्वारा जहरीला गैस फैलाया जा रहा है, जिससे लोगों का घर में रहना मुश्किल हो गया है। फैक्ट्री में मशीन का शोर इतना अधिक है कि सभी लोग ध्वनि प्रदूषण के शिकार हो रहे हैं। साथ ही फैक्ट्री में उत्पादन के समान के ट्रांसपोर्ट के लिए बड़ी-बड़ी गाड़ियां मोहल्ले में आ रही है जिससे जाम की स्थिति भी बन जाती है। उपायुक्त ने इस मामले को अनुमंडल पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए जांच कर निष्पादन हेतु अग्रसरित किया। इस दौरान जनता दरबार में झारखंड के आंदोलनकारियों ने सम्मान राशि नहीं मिलने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया की पिछले 5 माह से झारखंड आंदोलनकारियों को मिलने वाली सम्मान पेंशन राशि नहीं मिली है। साथ ही कारा में 3 माह से कम रहने वालों को 3500 रुपए प्रतिमाह देने की बात कही गयी थी, लेकिन 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी बढ़ोतरी राशि का अभी तक हम लोगों को भुगतान नहीं किया गया है। उपायुक्त में इस मामले में अपर समाहर्ता से बात कर शीघ्र निष्पादन हेतु निर्देशित किया।


अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते धनबाद उपायुक्त।

# चास रोटरी ने महिलाओं को स्तनपान कराने के प्रति किया जागरूक


बोकारो में स्तन पान से महत्व को बतातीं रोटरी क्लब की सदस्य।

**बोकारो।** विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत चास रोटरी क्लब द्वारा सोनाबाद पंचायत में महिलाओं को स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूकता कार्यक्रम किया गया। चास रोटरी की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि शिशु के जन्म के पश्चात स्तनपान नैसर्गिक प्रक्रिया है। मां का दूध श्रेष्ठ ही नहीं जीवन रक्षक होता है। मौके पर उपस्थित डॉ अनुपमा वर्मा ने कहा कि स्तनपान का सही ज्ञान न होने से बच्चों में कुपोषण हो जाता है। डॉ वर्मा ने कहा कि जीवन के पहले 6 महीने में मां का दूध शिशु को वे सभी पोषण तत्व उपलब्ध कराता है। चास रोटरी की महिला समिति की अध्यक्ष माधुरी सिंह ने कहा कि अगर बच्चा स्वस्थ होगा तो पूरा देश स्वस्थ होगा। मौके पर नरेंद्र सिंह, विनोद चोपड़ा, कुमार अमरदीप, उषा कुमार, मंजीत सिंह, पूनम अग्रवाल, डॉ पुष्पा, वाणी पांडे, वरिजा प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# फुटबॉल टूर्नामेंट : डीनोबिली स्कूल ने डीवीसी मीडिल स्कूल को 1-0 से हराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा यहां के फुटबॉल मैदान में आयोजित अंतर विद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता में फाइनल मैच में डीनोबिली विद्यालय की टीम ने डीवीसी मध्य विद्यालय की टीम को टाईब्रेकर में एक-शून्य से पराजित किया। इससे पूर्व डीवीसी-2 विद्यालय और डीवीसी मध्य विद्यालय के खिलाड़ियों के बीच हुए मैच में टाई ब्रेकर के सहारे डीवीसी मध्य विद्यालय के खिलाड़ियों ने 4-3 से जीत हासिल किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डीजीएम राजीव रंजन ने विजेता और उपविजेता टीम को शिल्ड प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया और कहा कि खेल के आयोजन को उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। उद्घोषक के रूप में प्रदीप कुमार श्रीवास्तव व भुनेश्वर मेहता ने एवं रेफरी के रूप में दीपक मांझी और लालू मुर्मू ने भूमिका निभाई। मौके पर वरीय प्रबंधक दिलीप कुमार, रविंद्र कुमार, मनोज कुमार झा, सुभाष दुबे, अक्षय कुमार, राम कुमार दुबे, राकेश श्रीवास्तव, विनोद कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, अमरेंद्र कुमार सिंह, रवि रंजन सिंह, अमन टोपनो, अमूल्य सिंह सरदार, सत्येंद्र कुमार सिंह, रूपचंद सोरेन, महेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।


फुटबॉल को किक मारकर टूर्नामेंट की शुरूआत करते अतिथि।

# विश्व स्तनपान दिवस : मां का दूध है अमृत : मनीषा मीनू

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास ।** श्री कृष्णा मातृ सदन रानी बाजार कतरास में डॉ शिवानी झा के द्वारा विश्व स्तनपान दिवस के अवसर पर स्तनपान को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। स्तनपान के विषय पर मुख्य रूप से मनीषा मीनू ने विस्तृत रूप से उपस्थित माताओं, गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं को जानकारी दी। मनीषा मीनू ने कहा कि स्तनपान के बारे में आज भी काफी संख्या में माताओं में पर्याप्त जानकारी का अभाव देखा गया है। इस कारण बच्चों को पर्याप्त मात्रा में मां का दूध नहीं मिल पाता है। इससे बच्चों मे कई प्रकार की समस्याएं विशेष रूप से कुपोषण जैसी घातक परेशानियां देखने को मिलती हैं, जिन्हें स्तनपान को बढावा देकर ही रोका जा सकता है। मां का दूध शिशुओं का सर्वोत्तम एवं सम्पूर्ण आहार हैए जिसका कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है। इससे बच्चे एवं मां में भावनात्मक जुड़ाव पैदा होता है और बच्चे का सर्वांगीण विकास होता है। जागरूकता शिविर में काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।


शिविर में स्तनपान का महत्व जानने पहुंची क्षेत्र की महिलाएं।

### बच्चे को छह माह जरूर करायें स्तनपान

स्तनपान के बारे में डॉ शिवानी झा ने कहा कि मां का दूध बच्चे के लिए अमृतपान से कम नहीं है। इसके बाद भी महिलाओं में भ्रांतियों के चलते अपने बच्चे को स्तनपान कराने से कतराती हैं। अधिकांश माताएं कुछ दिन बाद ही बच्चे को अपना दूध पिलाना बंद कर देती हैं, जबकि बच्चे को पैदा होने के छह माह तक स्तनपान कराना चाहिए। स्तनपान के यह हैं लाभ बच्चे को डायरिया जैसे रोग की संभावना कम हो जाती है। मां के दूध में मौजूद तत्व बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैंए स्तनपान कराने से मां व बच्चे के मध्य भावनात्मक लगाव बढ़ता है। मां का दूध न मिलने पर बच्चे में कुपोषण व सूखा रोग की संभावना बढ़ जाती है। स्तनपान से मां को स्तन कैंसर की संभावना भी कम हो जाती है।

स्पीड न्यूज

### रूस कल लॉन्च करेगा चंद्र लैंडर

**मास्को।** रूस ने बताया कि वह इस सप्ताह एक चंद्र लैंडर लॉन्च करने की योजना बना रहा है। यह प्रक्षेपण, शुक्रवार को निर्धारित है। यह प्रक्षेपण ऐसे समय में जब रूस-यूक्रेन के साथ युद्ध दूसरे वर्ष में पहुंच गया है, जिससे पश्चिम के साथ भारी तनाव पैदा हो गया है। 1976 के बाद पहले लूना-25 लैंडर के साथ रूस एक अग्रणी सोवियत-युग के चंद्र कार्यक्रम को फिर से शुरू करने और आगे बढ़ाने का इच्छुक है।

### इडी ने मंत्री बालाजी से दूसरे दिन की पूछताछ

**चेन्नई।** इडी के अधिकारियों ने धनशोधन के मामले में मंगलवार को दूसरे दिन तमिलनाडु के मंत्री वी. सेंथिल बालाजी से पूछताछ की। एक सूत्र ने बताया कि अधिकारियों ने हाल में की गई छापेमारी के दौरान जब्त किए गए 60 भूखंड के संपत्ति दस्तावेजों, कुछ नकदी और बेहिसाब कीमती सामानों के बारे में मंत्री से सवाल किए।

### रूसी हमले में यूक्रेन के सात नागरिकों की मौत

**कीव।** यूक्रेन के पूर्वी शहर पोक्रोव्स्क में सोमवार को आवासीय इमारतों पर रूसी मिसाइल हमले में कम से कम सात लोग मारे गए और कई लोग घायल हो गए । अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूस द्वारा दो मिसाइलों ने पोक्रोव्स्क शहर पर हमला किया। इस हमले में करीब सात लोगों की मौत हो गयी और पुलिस अधिकारियों, बचावकर्मियों सहित कई लोग घायल हो गए। घायलों में दो बच्चे भी हैं।

### नूंह जिले में कल तक इंटरनेट बंद

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने नूंह जिला में साम्प्रदायिक तनाव को देखते हुए इंटरनेट सेवाएं बंद करने की अवधि 11 अगस्त रात 12 बजे तक बढ़ा दी है। केवल वॉयस कॉल चालू रहेंगी। गृह विभाग के सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने मंगलवार को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। नूंह के उपायुक्त ने जानकारी दी है कि नूंह में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति अभी तनावपूर्ण है। इसी को देखते हुए इंटरनेट सेवाओं को 11 अगस्त तक बंद करने के आदेश दिए हैं।

### श्रीलंका ने 10 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने देश के जल क्षेत्र में कथित तौर पर मछली पकड़ने को लेकर 10 भारतीय मछुआरों को पकड़ लिया और उनकी नौका जब्त कर ली। एक महीने में इस तरह की यह दूसरी घटना है। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी।श्रीलंकाई नौसेना ने कहा कि मछुआरों को मुल्लईतिवु में अलाम्पिल तट के पास सात अगस्त को पकड़ा गया। हिरासत में लिये गए मछुआरे तमिलनाडु से हैं।

### बैंक धोखाधड़ी में 22 करोड़ का जुर्माना

**नयी दिल्ली।** बेंगलुरु की एक विशेष सीबीआई अदालत ने बैंक धोखाधड़ी मामले में पांच लोगों को अलग-अलग अवधि के कारावास की सजा सुनाई है और उन पर कुल 22 करोड़ रुपये से अधिक का जुमार्ना लगाया है। एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने 10 साल पहले यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एक शिकायत पर मामला दर्ज किया था, जिसे नेक्ससॉफ्ट इन्फोटेल लिमिटेड द्वारा ऋण अदायगी में चूक से 18.34 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था।

### पाक में रिमोट से उड़ाया वाहन, सात की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में रिमोट से एक वाहन को उड़ा दिया गया। हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी। पुलिस उपायुक्त अमजदज सोमरो ने कुछ लोगों के साथ शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। गाड़ी जैसे ही बलगातर इलाके के चकर बाजार क्षेत्र में पहुंची वैसे ही धमाका हो गया।

# टमाटर पर नजर रखने के लिए किसान ने खेत में लगाया सीसीटीवी

**एजेंसी**

▸▸ **महाराष्ट्र के औरंगाबाद में 22-25 किलो टमाटर की एक क्रेट 3000 रुपये में बिक रही है**

**औरंगाबाद (महाराष्ट्र)।** टमाटर की भारी मांग और आसमान छूती कीमतों ने महाराष्ट्र के एक किसान को रसोई के इस मुख्य पौधे पर नजर रखने के लिए अपने खेत में एक सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए प्रेरित किया है।

टमाटर देश भर में 100 रुपये से लेकर 200 रुपये के बीच बिक रहा है। किसान ने बताया कि उसने औरंगाबाद से लगभग 20 किमी दूर शाहपुर बंजार में टमाटर चोरों के धावा बोलने के बाद अपने खेत के लिए डिजिटल निगरानी प्रणाली अपनाने का फैसला लिया। शरद रावटे ने बताया कि आज सबसे अधिक मांग वाली सब्जी टमाटर की चोरी वह और अधिक बर्दाश्त नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि 22-25 किलो टमाटर की एक क्रेट अब 3,000 रुपये में बिक रही है। रावटे ने बताया कि उनका खेत पांच एकड़ भूभाग में फैला हुआ है और उन्होंने डेढ़ एकड़ में टमाटर उगाए हैं, जिससे उन्हें छह-सात लाख रुपये मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 10 दिन पहले, गंगापुर तालुका में मेरे खेत से 20-25 किलो टमाटर चोरी हो गए थे। बची हुई फसल जो अभी पकने वाली है, उसकी सुरक्षा के लिए मैंने 22,000 रुपये का एक सीसीटीवी कैमरा लगाया है। किसान ने बताया कि कैमरा सौर ऊर्जा से चलता है इसलिए उन्हें इसकी बिजली आपूर्ति के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है और वह फोन पर कहीं भी उसके दृश्य देख सकते हैं।



# मणिपुर पर मोदी का मौन तोड़ने के लिए है अविश्वास प्रस्ताव

## मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को हटायें प्रधानमंत्री : कांग्रेस

**प्रधानमंत्री को अटल जी की राजधर्म निभाने की सलाह याद दिलाना चाहते हैं : गोगोई**

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि मणिपुर मामले पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मौन तोड़ने के लिए विपक्ष को लोकसभा में उनकी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का कदम उठाना पड़ा क्योंकि प्रधानमंत्री का बयान सरकार के किसी मंत्री के बयान के ज्यादा वजन रखता है। प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह पर स्थिति को काबू पाने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाये जाने की मांग की।

अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की शुरूआत करते हुए सदन में कांग्रेस दल के उप नेता गौरव गोगोई ने कहा कि यह प्रस्ताव मणिपुर मुद्दे पर प्रधानमंत्री जी का मौन तोड़ने के लिए लाया गया है। प्रधानमंत्री ने सदन के सामने राज्य की स्थिति पर बयान दिया होता तो यह स्थिति न आती। उन्होंने कहा कि श्री मोदी को स्वीकार करना चाहिए कि मणिपुर में उनकी डबल इंजन सरकार विफल हो गयी।

उन्होंने प्रधानमंत्री के सामने तीन सवाल रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मणिपुर अब तक क्यों नहीं गये। उन्होंने मणिपुर 30 सेंकेड का बयान दिया, इसमें 80 दिन क्यों लग गये। उन्होंने अब तक मणिपुर में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की सरकार को बर्खास्त क्यों नहीं किया। श्री गोगोई ने कहा कि मणिपुर विभाजित हुआ है, यह केवल पूर्वोत्तर के किसी एक राज्य का मुद्दा नहीं है बल्कि यह पूरे भारत का मुद्दा है। उन्होंने मणिपुर के मुद्दे को न्याय का मुद्दा बताते हुए अमेरिका के नागरिक अधिकार आंदोलन के पुरोधा स्वर्गीय मार्टिन लूथर किंग की इस प्रसिद्ध युक्ति को उद्धृत किया कि अगर एक जगह इंसाफ नहीं हो रहा है तो कहीं भी इंसाफ नहीं है। अविश्वास प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को जवाब देंगे।

श्री गोगोई ने कहा कि मणिपुर के युवा , किसान और महिलायें आज इंसाफ मांग रही हैं। आज मणिपुर जल रहा है, मणिपुर भारत का हिस्सा है अगर वहां आग लगी है तो समझना चाहिए कि पूरे भारत में भी आग लगी है। उन्होंने कहा कि उनकी मांग की है कि देश का मुखिया होने के नाते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सदन में आयें और मणिपुर पर कुछ कहें। सदन को ऐसी अपेक्षा थी कि लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्रधानमंत्री ने मणिपुर मुद्दे पर मौन व्रत ले लिया लेकिन अफसोस ऐसा नहीं हुआ। वह न राज्यसभा में गये और न ही लोकसभा में आये।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड, गुजरात , त्रिपुरा के चुनावों के मद्देनजर मुख्यमंत्री बदले जा सकते हैं लेकिन इतनी हिंसा के बावजूद मणिपुर के मुख्यमंत्री को बदला नहीं गया। कांग्रेस नेता ने कहा कि वह मणिपुर गये वहां के हालात देखकर उन्हें बहुत दुख हुआ। वहां समाज के बीच बंटवारा है। समाज का एक वर्ग पहाड़ पर रह रहा है और दूसरा वर्ग घाटी में रह रहा है। उन्होंने कहा कि आज दो मणिपुर बन गये हैं। उन्होंने कहा कि वह शासक के लिए अटल जी की राजधर्म निभाने की सलाह याद दिलाना चाहते हैं।

श्री गोगोई ने कहा कि मणिपुर में महिलाओं और बच्चों के साथ बहुत अत्याचार किया जा रहा है। बड़ी संख्या में महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनायें हुई हैं। उन्होंने महिलाओं को नग्न घुमाये जाने के वायरल वीडियो की चर्चा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने माना है 100 से अधिक ऐसी घटनायें हुई हैं।



अविश्वास प्रस्ताव में भाग लेते गौरव गोगोई।

### पहले दिन नहीं बोले राहुल

राहुल गांधी लोकसभा की सदस्यता बहाल होने के बाद दूसरे दिन मंगलवार को सदन में दिखे लेकिन उन्होंने अटकलों के विपरीत सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर पहले दिन चर्चा में भाग नहीं लिया।

श्री गांधी की सदस्यता बहाल होने के बाद से ही अटकलें लगाई जा रही थी कि अविश्वास प्रस्ताव बडा मौका है और श्री गांधी इस पर चर्चा के पहले दिन सरकार पर हमला बोलने के लिए खड़े हो सकते हैं। बताया जा रहा था कि श्री गांधी मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेना था लेकिन आखिरी समय में वक्ता बदल दिया गया और पार्टी की तरफ से चर्चा की शुरूआत श्री गोगोई ने की।

### आइआइएम संशोधन विधेयक रास में पास

**नयी दिल्ली।** भारतीय प्रबंध संस्थान संशोधन विधेयक, 2023, मंगलवार को राज्यसभा में पारित हो गया। विधेयक में प्रस्ताव किया गया है कि राष्ट्रपति, आईआईएम की विजिटर यानी कुलाध्यक्ष होंगी। विपक्ष ने मंगलवार दोपहर मणिपुर चर्चा की मांग को लेकर सदन सदन से वाक आउट किया। ऐसे में विपक्ष की गैर-मौजूदगी में यह महत्वपूर्ण विधेयक पारित किया गया। इसका लाभ मुंबई स्थित राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरिंग संस्थान को भी मिलेगा। इस संस्थान को भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) का दर्जा दिया जा रहा है। इसके अलावा मंगलवार को राज्यसभा में नेशनल डेंटल कमिशन बिल और नेशनल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी बिल' भी पारित किया गया।

## राहुल गांधी को फिर मिला पुराना बंगला,बोले मेरा घर पूरा हिन्दुस्तान

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होने के एक दिन बाद मंगलवार को उनका पुराना सरकारी बंगला आवंटित करने का निर्णय किया गया है। संसद की आवास संबंधी समिति ने इस बारे में निर्णय किया है। समझा जाता है कि राहुल गांधी को 12 तुगलक लेन स्थित उनका पुराना बंगला वापस आवंटित किया गया है। इस बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने मीडिया से कहा कि मेरा घर पूरा हिन्दुस्तान है। उच्चतम न्यायालय ने मोदी उपनाम संबंधी मानहानि के मामले में राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर शुक्रवार को रोक लगा दी थी। इसके बाद सोमवार को लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना के माध्यम से उनकी



लोकसभा सदस्यता बहाल हुई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मार्च में गुजरात की एक अदालत द्वारा मानहानि के इस मामले में दोषी करार दिये जाने और लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित किये जाने के बाद 22 अप्रैल को लुटियंस दिल्ली में 12 तुगलक लेन स्थित अपना सरकारी आवास खाली कर दिया था।

# इमरान की जेल कोठरी में भरे पड़े हैं मक्खी, मच्छर और खटमल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराए जाने और गिरफ्तार करने के बाद उच्च सुरक्षा वाली अटक जेल की जिस कोठरी में रखा गया है वह मक्खियों और खटमल से भरी हुई है तथा उसमें शौचालय भी खुले में बनाया हुआ है। खान (70) के अटॉर्नी जनरल नईम हैदर पंजोठा ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अध्यक्ष को पंजाब प्रांत में स्थित जेल में सी-श्रेणी की सुविधाएं दी गयी हैं। उन्होंने बताया कि देश की विश्व कप विजेता क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान को जेल

**पूर्व प्रधानमंत्री छोटे-से कमरे में बंद हैं, जिसमें खुले में शौचालय**



की जिस कोठरी में रखा गया है वहां मक्खियां तथा खटमल भरे पड़े हैं।पंजोठा ने सोमवार को खान से जेल में मुलाकात करने के बाद कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री छोटे-से कमरे में बंद हैं, जिसमें खुले में शौचालय बना हुआ है। जियो न्यूज ने वकील के हवाले से कहा कि पीटीआई अध्यक्ष ने कहा है कि वह अपनी पूरी जिंदगी जेल में बिताने के लिए तैयार हैं। पंजोठा ने कहा कि खान ने उन्हें बताया है कि पुलिस ने उन्हें गिरफ्तारी वारंट नहीं दिखाया और पुलिस ने लाहौर में उनके घर में उनकी पत्नी के कमरे का दरवाजा तोड़ने की कोशिश भी की थी। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री की दोषसिद्धि के खिलाफ अपील दायर करने के लिए कानूनी दस्तावेज पर उनके दस्तखत कराने के लिए जेल के एक अधिकारी की मौजूदगी में खान से करीब एक घंटे 45 मिनट तक मुलाकात की।

# सेंसेक्स 107 अंक लुढ़का

**मौद्रिक नीति समीक्षा व अमेरिका के महंगाई के आंकड़े से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया**

**एजेंसी**

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 107 अंक के नुकसान में रहा। इस सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा और अमेरिका के महंगाई के आंकड़े आने से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया, जिससे बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 106.98 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 65,846.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 200.85 अंक तक टूट गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 26.45 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,570.85 अंक पर बंद हुआ। रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा के लिये तीन दिन की बैठक मंगलवार को शुरू हुई। बैठक के नतीजों की घोषणा 10 अगस्त को होगी। ऐसी संभावना है कि आरबीआई नीतिगत दर एक बार फिर यथावत रखेगा। सेंसेक्स के शेयरों में पावरग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सन फार्मा, नेस्ले, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

### ज्ञानवापी में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगाने की याचिका हुई खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी परिसर में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की मांग में दाखिल जनहित याचिका वापस लिए जाने के आधार पर खारिज कर दी है। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर एवं न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव की खंडपीठ ने मंगलवार को दिया। वाराणसी की अदालत में श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा की अनुमति के लिए मुकदमा दाखिल करने वाली राखी सिंह, जितेंद्र सिंह बिसेन व अन्य की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया था कि श्रृंगार गौरी केस में जब तक वाराणसी की अदालत का फैसला नहीं आ जाता, तब तक परिसर में गैर हिंदुओं का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए।

# ज्ञानवापी में पांचवें दिन का सर्वे पूरा

## एएसआइ टीम ने गुंबद पर चढ़ कर नक्काशी को परखा

**वाराणसी (हि.स.)।** ज्ञानवापी परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने मंगलवार शाम को लगातार पांचवें दिन की सर्वे प्रक्रिया पूरी की। सर्वे के बाद एएसआई टीम के साथ वादी और प्रतिवादी पक्ष के अधिवक्ता भी परिसर से बाहर आए। इस सर्वे पर पूरे देश की निगाहें टिकी हुई हैं। विभिन्न सोशल नेटवर्किंग साइटों पर सर्वे से जुड़े कई वीडियो और फोटोग्राफ तेजी से वायरल हो रहे हैं। इसके मद्देनजर कड़ी सुरक्षा के बीच सर्वे प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

वादी हिन्दू पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु जैन ने मीडियाकर्मियों को बताया कि जिला न्यायालय ने सर्वे के लिए चार सप्ताह का समय दिया है। उसी के अनुरूप कार्य हो रहा है। पांचवें दिन ज्ञानवापी परिसर के चारों तरफ टीम ने सर्वे किया। वादी पक्ष के ही अधिवक्ता सुभाष चतुर्वेदी ने पत्रकारों को बताया कि एएसआई टीम अपने तरीके से काम कर रही है। टीम पूरे परिसर में सर्वे कर रही है। परिसर के व्यास जी के तहखाने में सर्वे चल रहा है। तथ्यों को संजोया जा रहा है फिर एएसआई रिपोर्ट तैयार करेगी। पांचवें दिन एएसआई टीम ने गुंबद और व्यास तहखाने में सर्वे किया। टीम ने ज्ञानवापी के विशाल गुंबदों पर चढ़कर सर्वे किया। इसे लोग सड़क पर खड़े होकर देखते रहे।

सूत्रों ने बताया कि टीम ने विशाल गुंबद की नक्काशी की कार्बन कॉपी तैयार किया। टीम ने पश्चिमी दीवार के साथ परिसर में मिले ताखे की शैली को कागजों पर उतारा। टीम ने तहखाने में मिली कलाकृतियों, गुंबदों की सीढ़ियों के पास बने कलशनुमा कलाकृति की भी स्कैनिंग की। श्रृंगार गौरी स्थल के साथ ज्ञानवापी के उत्तरी और दक्षिणी छोर का भी सर्वे किया गया।



# मेरे लिए गोलियों से बेहतर दवा अभिनय : सुष्मिता सेन

**मुंबई।** बालीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन का कहना है कि एक कलाकार का जीवन आसान नहीं है, हालांकि यह सौभाग्य की बात है। सेन निराशा में घिरने पर खुद को प्रोत्साहित करने का श्रेय अपने काम (अभिनय) को देती हैं। मार्च में दिल का दौरा पड़ने के बाद एंजियोप्लास्टी से गुजरने वाली सेन ने कहा कि डॉक्टरों द्वारा अनुशंसित सभी गोलियों की तुलना में अभिनय एक बेहतर दवा है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य अच्छा है, क्योंकि वे (डॉक्टर) आपको बहुत सारी गोलियां देते हैं। पर काम मुझे ज्यादा स्वस्थ रखता है। जब मैं काम कर रही होती हूं तो दिमाग को मायूस करने वाले विचार नहीं आते। आप आगे बढ़ते रहें और वही करें जो सबसे अच्छा है। उन्होंने यह भी कहा कि बतौर अभिनेत्री या सृजन शील व्यक्ति जीवन आसान नहीं है, लेकिन ऐसा



जीवन पाना हम जैसे अधिकांश लोगों के लिए सौभाग्य की बात है। जब भी आप पूरी तरह से थक जाएं, तो अपने आप से कहें ह्यकितने लोगों को यह मिलता है? तुम बहुत भाग्यशाली हो, खामोश रहो और कार्य करो। सेन(47) जियो सिनेमा पर वेब सीरीज ताली से वापसी कर रही हैं। यह ट्रांसजेंडर कार्यकर्ता गौरी सावंत की कहानी पर आधारित है। आर्या के बाद यह उनकी दूसरी वेब सीरीज है। मिस यूनिवर्स रह चुकी सुष्मिता को बीवी नंबर 1, फिलहाल, मैंने प्यार क्यों किया और मैं हूं ना जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है उन्होंने कहा कि स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने उन्हें एक अभिनेता के रूप में उभरने? का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि मैं ओटीटी की बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। इसके बारे में जब चर्चा भी नहीं होती थी तब मैं इस पर (ओटीटी पर) काम करने वाली मुख्यधारा की प्रमुख अभिनेत्रियों में शामिल रही हूं। ताली का निर्देशन नटरंग से शोहरत बटोरने वाले और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता रवि जाधव द्वारा किया गया है। ताली 15 अगस्त को प्रदर्शित होगी।

### 'टाइगर 3' 10 नवंबर को होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 की चर्चा काफी समय से हो रही है। फिल्म 10 नवंबर को रिलीज होगी और सलमान एक बार फिर एक्शन अवतार में नजर आएंगे। इसके अलावा सलमान अब एक और एक्शन फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का निर्देशन विष्णु वर्धन करेंगे और करण जौहर इसके निमार्ता होंगे।

सलमान, करण जौहर और विष्णु वर्धन पिछले छह महीने से एक एक्शन फिल्म पर चर्चा कर रहे हैं। टाइगर 3 के बाद सलमान इस फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग इसी साल नवंबर में शुरू होगी और माना जा रहा है कि यह अलग-अलग शेड्यूल में 7 से 8 महीने तक चलेगी।


VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# प्राचीन विरासत का घनी है आदिवासी समाज





अनल कुमार

आज 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस पूरी तरह से विश्व को आदिवासियों को समर्पित हैं। दरअसल,आदिवासी भारतीय उपमहाद्वीप की जनजातियों के लिए सामूहिक शब्द है। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की जनसंख्या का 8.6% या 104 मिलियन लोग आदिवासी हैं। मध्य भारतीय राज्य मध्य प्रदेश में बड़ी संख्या में जातीय जनजातियाँ हैं, जिनमें आदिवासी जनसंख्या का 20% या 15 मिलियन लोग हैं। जनजातियों का सम्मान करने और उनके सामने आने वाली विशिष्ट चुनौतियों को पहचानने के लिए, 9 अगस्त को आदिवासी दिवस, 2023 एक क्षेत्रीय सार्वजनिक अवकाश है, क्योंकि यह संयुक्त राष्ट्र के विश्व के स्वदेशी लोगों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस की तारीख है। दिसंबर 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने निर्णय लिया कि विश्व के स्वदेशी लोगों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल 9 अगस्त को मनाया जाना चाहिए। यह तारीख 1982 में जिनेवा में आयोजित मानव अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण पर उप-आयोग के स्वदेशी आबादी पर संयुक्त राष्ट्र कार्य समूह की पहली बैठक की मान्यता में चुनी गई थी।

आदिवासी दिवस हर साल 9 अगस्त को मनाया जाता है। यह दिवस एक क्षेत्रीय सार्वजनिक अवकाश है जो हर साल 9 अगस्त को आदिवासी लोगों के सम्मान में मनाया जाता है। सन 1993 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित विश्व के आदिवासी लोगों के अंतर्राष्ट्रीय दिवस के साथ मेल खाता है। आदिवासी भारतीय उपमहाद्वीप में रहने वाली विभिन्न जनजातियों को संदर्भित करता है, जबकि दिवस का हिंदी में मतलब दिन होता है। आधुनिक समाज में कई प्रगति के बावजूद, आदिवासी लोग अक्सर सबसे गरीब जातीय समूहों में से हैं। आदिवासी दिवस उन चुनौतियों को पहचानने का मौका देता है जिनका इन लोगों को आज भी सामना करना पड़ रहा है, साथ ही सुधार के लिए उनकी दृढ़ता और संघर्ष का सम्मान करना है। लगभग 104 मिलियन लोग (भारत की जनसंख्या का 9% से अधिक) इस श्रेणी में आते हैं

विश्व के 90 से अधिक देशों में आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं। दुनिया में आदिवासी समुदाय की आबादी लगभग 37 करोड़ है, जिसमें लगभग 5000 अलग-अलग आदिवासी समुदाय हैं और उनकी लगभग 7 हजार भाषाएँ हैं। इसके बावजूद आदिवासियों को अपने अस्तित्व, संस्कृति और सम्मान को बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। आज पूरे विश्व में नस्लवाद, रंगभेद, उदारीकरण जैसे कई कारणों से आदिवासी समुदाय के लोग अपने अस्तित्व और सम्मान को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। झारखंड की कुल आबादी का करीब 28 फीसदी हिस्सा आदिवासी समाज के लोग हैं. इनमें संथाल, बंजारा, बिहोर, चेरो, गोंड, हो, खोंड, लोहरा, माई पहाड़िया, मुंडा, ओरांव आदि बत्तीस से अधिक आदिवासी समूहों के लोग शामिल हैं।

यही कारण है कि जनजातीय समाज के उत्थान और उनकी संस्कृति और सम्मान को बचाने के साथ-साथ जनजातीय जनजातियों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए हर साल 9 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन संयुक्त राष्ट्र और कई देशों की सरकारी संस्थाओं के साथ-साथ आदिवासी समुदाय के लोग, आदिवासी संगठन दुनिया भर में सामूहिक उत्सव का आयोजन करते हैं। इन कार्यक्रमों में विभिन्न चचाओं और संगीत कार्यक्रमों के अलावा विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम किये जाते हैं।

पारिस्थितिक ज्ञान होता है।

### सबसे महान संस्कृति

जनजातीय लोगों ने सहस्त्राब्दियों से जीवित रहने का असाधारण कौशल विकसित किया है। यह जानकर आश्चर्य होता है कि 2004 की सुनामी से अंडमान की जनजातियाँ प्रभावित नहीं हुईं। जैसे ही उन्होंने समुद्र को पीछे हटते देखा तो वे तुरंत ऊंची जमीन पर चले गए। इससे उनके पास मौजूद ज्ञान की झलक मिलती है।भारत में जनजातीय लोग कुल जनसंख्या का 8.6% हैं। भारत के संविधान में इन्हें अनुसूचित जनजाति के रूप में दशार्या गया है। भारत के कुछ आदिवासी समूहों में गोंड, मुंडा, हो, बोडो, भील, संथाल, खासी, गारो, ग्रेट अंडमानी, अंगामी, भूटिया, चेंचू, कोडवा, टोडा, मीना, बिरहोर और कई अन्य शामिल हैं।आदिवासी समुदाय के लोग अपने घरों, खेतों और पूजा स्थलों पर झंडा लगाते हैं। ये अन्य समुदायों से भिन्न हैं और इनमें सूर्य, चंद्रमा, तारे आदि जैसे प्रतीक हैं।ग्रह पर कुल मानव आबादी का लगभग 470 मिलियन हिस्सा स्वदेशी लोगों का है। इसके अलावा, दुनिया में 100 से अधिक गैर-संपर्क जनजातियाँ हैं।

दुनिया में बोली जाने वाली 7000 भाषाओं में से 4000 भाषाएँ आदिवासी लोगों द्वारा बोली जाती हैं।आदिवासी लोग प्रकृति की पूजा करते हैं। वे पहाड़ों, नदियों, पेड़ों, पक्षियों और जानवरों की पूजा करते हैं। इस प्रकार वे अपने प्राकृतिक परिवेश के साथ सद्भाव में रहते हैं और उनके पास महान संस्कृति का आधार है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं प्रतियोगिता परीक्षा के मार्गदर्शक हैं।)

# समाज से संबंधित कानूनी और संवैधानिक तथ्य

नागेन्द्र सिंह

**प्रतियोगी** परीक्षा के लिए: राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, अनुसूचित जनजाति, संविधान की पांचवीं अनुसूची, संविधान की छठी अनुसूची।

केन्द्र राज्य कमीशन परीक्षा के लिए: अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल करने की प्रक्रिया, भारत में जनजातियों से संबंधित संवैधानिक प्रावधान और पहल। खबरों में क्यों?

हाल ही में, 4 राज्यों - तमिलनाडु, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची को संशोधित करने की मांग करने वाले चार विधेयक, संविधान (एसटी) आदेश, 1950 में प्रस्तावित संशोधनों के माध्यम से लोकसभा में पेश किए गए थे। प्रस्तावित परिवर्तन क्या हैं? विधेयक का उद्देश्य है:

नारिकोरावन और कुरुविक्करन पहाड़ी जनजातियों को तमिलनाडु की एसटी सूची में जोड़ें ।

लोकुर समिति (1965) ने भी अपनी रिपोर्ट में उन्हें सूची में शामिल करने की सिफारिश की।कर्नाटक की एसटी सूची में पहले से ही वगीर्कृत कडु कुरुबा के पर्याय के रूप में बेट्टा-कुरुबा का परिचय दें ।

छत्तीसगढ़ की एसटी सूची में पहले से ही वगीर्कृत भारिया भूमिया जनजाति के लिए देवनागरी लिपि में कई पर्यायवाची शब्द जोड़ें। जनजातीय मामलों के मंत्रालय के अनुसार, वे सभी एक ही जनजाति का हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें सूची से सिर्फ इसलिए बाहर रखा गया है क्योंकि उनके नामों का उच्चारण और वर्तनी अलग-अलग है। सिरमौर जिले के ट्रांस-गिरि क्षेत्र के हट्टी समुदाय को हिमाचल प्रदेश की एसटी सूची में जोड़ें (लगभग पांच दशकों के बाद)। एसटी सूची में शामिल करने की प्रक्रिया क्या है?

राज्य से सिफारिशः जनजातियों को एसटी सूची में शामिल करने की प्रक्रिया संबंधित राज्य सरकारों की सिफारिशों के साथ शुरू होती है , जिन्हें फिर जनजातीय मामलों के मंत्रालय को भेजा जाता है, जो समीक्षा करता है और उन्हें मंजूरी के लिए भारत के रजिस्ट्रार जनरल को भेजता है।

एनसीएसटी से अनुमोदनः इसके बाद अंतिम निर्णय के लिए सूची को कैबिनेट के पास भेजने से पहले राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की मंजूरी ली जाती है ।

राष्ट्रपति की सहमति : अंतिम निर्णय राष्ट्रपति का है ( अनुच्छेद 342 के तहत )।एसटी में किसी भी समुदाय को शामिल करना संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950 में संशोधन करने वाले विधेयक पर राष्ट्रपति की सहमति के बाद ही प्रभावी होता है ।

भारत में एसटी से संबंधित प्रावधान क्या हैं?

परिभाषाःभारत का संविधान एसटी की मान्यता के लिए मानदंड परिभाषित नहीं करता है । जनगणना-1931 के अनुसार , एसटी को बहिष्कृत और आंशिक रूप से बहिष्कृतक्षेत्रों में रहने वाली ₹पिछड़ी जनजाति कहा जाता है ।1935 के भारत सरकार अधिनियम के तहत पहली बार प्रांतीय विधानसभाओं में पिछड़ी जनजातियों के प्रतिनिधियों को बुलाया गया। संवैधानिक प्रावधानःअनुच्छेद 366(25): यह केवल एसटी को परिभाषित करने की एक प्रक्रिया प्रदान करता है: ₹एसटी का अर्थ है ऐसी जनजातियाँ या जनजातीय समुदाय या ऐसी जनजातियों या जनजातीय समुदायों के कुछ हिस्से या समूह जिन्हें इस संविधान के प्रयोजनों के लिए अनुच्छेद 342 के तहत अनुसूचित जनजाति माना जाता है।

अनुच्छेद 342(1): किसी भी राज्य/केंद्रशासित प्रदेश के संबंध में राष्ट्रपति ( राज्य के मामले में राज्यपाल से परामर्श के बाद) उस राज्य में जनजातियों/आदिवासीसमुदायों/जनजातियों/आदिवासी समुदायों के हिस्से या समूहों को अनुसूचित जनजाति के रूप में निर्दिष्ट कर सकते हैं। /यूटी. पांचवीं अनुसूची : यह छठी अनुसूची वाले राज्योंके अलावा अन्य राज्यों में अनुसूचित क्षेत्रों और एसटी के प्रशासन और नियंत्रण के लिए प्रावधान बताती है।

# वन और वन संपदा पर हो पूरा अधिकार

मनोज कुमार

**विश्व** के स्वदेशी लोगों का दूसरा अंतर्राष्ट्रीय दशक 2004 में विधानसभा द्वारा घोषित किया गया था और यह निर्णय लिया गया था कि विश्व के स्वदेशी लोगों का वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता रहेगा। दशक का लक्ष्य मुख्य रूप से निम्नलिखित क्षेत्रों में स्वदेशी लोगों द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं को हल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग को मजबूत करना थाःसंस्कृति, शिक्षा, स्वास्थ्य, मानवाधिकार, पर्यावरण, सामाजिक और आर्थिक विकास। स्वदेशी मुद्दों पर स्थायी संयुक्त राष्ट्र फोरम की स्थापना अप्रैल 2000 में मानवाधिकार आयोग द्वारा पारित एक प्रस्ताव द्वारा की गई थी और आर्थिक और सामाजिक परिषद द्वारा प्रचारित की गई थी।इसे हासिल करने के लिए, हमें प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। हमारे देश के आदिवासियों को चंद गिने-चुने लोगों की सनक और चाहतों को पूरा करने के लिये किसी भी तरह के नुकसान, बेदखली, विस्थापन के डर के बिना स्वतंत्र रूप से रहने का अधिकार है। सरकार की भूमिका इन अधिकारों की रक्षा करने और अपने परिवार एवं समुदाय के लिए और अधिक अधिकार हासिल करने की इनकी राह को आसान बनाने की है।

आदिवासियों को उचित और विशेष प्रतिनिधित्व प्रदान करने की जिम्मेदारी सरकारी तंत्र की है। हमारा मानना है कि अनुसूचित जाति विभाग के अलावा लक्षित जनजातीय मामलों के विभाग की स्थापना की जरूरत है-जिसका एकमात्र उद्देश्य आदिवासी हितों की रक्षा करना होगा। ऐसे विभाग के माध्यम से हमें उनकी जमीन की सुरक्षा के उपायों को लागू करने और यह सुनिश्चित की जरुरत है कि अन्य इच्छुक हितधारकों द्वारा इसका दुरुपयोग नहीं किया जाये। जिन मामलों में खनन के लिए जंगल की जमीन लेना जरूरी है, उसके लिये हमें ऐसा तंत्र बनाना चाहिए जो आदिवासियों को भी विकास में हितधारक बनाए।

मेरा मानना है कि हमें इन समुदायों से काफी कुछ सीखना चाहिए। हमारे देश के आदिवासी हमारे महान प्राकृतिक संसाधनों में से एक -हमारे जंगलों को -किसी अन्य की तुलना में कहीं बेहतर ढंग से समझते हैं। उन्होंने हमारे जंगलों में जीवन बिताया है और उससे सीखा है जबकि, बाकी दुनिया ने अभी-अभी यह महसूस करना शुरू किया है कि प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण तरीके से कैसे रहना है। इन समुदायों को खुद को बनाए रखने और प्रगति करने के लिए संसाधनों की आवश्यकता होती है, इन्हें प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिए और न ही कमतर आंकना चाहिए।

यह कानून पिछले वन कानूनों के कारण हुए अन्याय को सुधारते हुए पारंपरिक रूप से जंगल में रहने वाले समुदायों को कानूनी मान्यता प्रदान करता है। यह इन समुदायों को वन और वन्यजीव संरक्षण के बारे में अपनी बात कहने का अवसर प्रदान करता है और स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करता है कि जंगल में रहने वाली अनुसूचित जनजाति किस तरह बनती है।

# आदिवासी समाज का परिचय



सोनाली

**भारत** में 500 से अधिक जनजातीय समूहों में से, जो सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक विकास के विभिन्न चरणों में मौजूद हो सकते हैं, यह अनुमान लगाया गया है कि भारत में लगभग 75 आदिम जनजातीय समूह हैं जिनके पास पूर्व-कृषि स्तर की तकनीकी क्षमता हो सकती है। कम साक्षरता, आर्थिक रूप से पिछड़ा, और स्थिर या घटती जनसंख्या। भारत में आदिम जनजातीय समूहों की कमजोरियों को देखते हुए कई मापदंडों पर विचार किया जा सकता है जो इन समूहों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। हालाँकि, कुछ विशेष रूप से खतरे में पड़े समूहों के विलुप्त होने की संभावनाओं को देखते हुए, जिस मुख्य विशेषता पर विचार किया जा सकता है वह उनकी बेहद कम और/या घटती आबादी है।



**गोंड जनजाति**

गोंड जनजातियाँ मुख्यतः मध्य भारत में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में पाई जाती हैं। इन्हें छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, आंध्र प्रदेश और उड़ीसा में भी देखा जाता है।

**भील जनजाति**

भारत में यह आदिवासी समुदाय ज्यादातर उदयपुर में सिरोही की अरावली पर्वतमाला और राजस्थान के डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिलों के कुछ स्थानों में देखा जाता है। इसके अलावा, भील जनजातियों की बस्तियाँ गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और त्रिपुरा के कुछ हिस्सों में भी पाई जाती हैं। सांस्कृतिक सद्भाव झ घूमर नृत्य, थान गैर (एक धार्मिक नृत्य और नाटक) बाणेश्वर मेला है जो जनवरी या फरवरी में आयोजित होता है जो प्रमुख आकर्षण हैं।

**महान अंडमानी जनजाति**

ग्रेट अंडमानी जनजाति, जिसमें ओन्गे, जारवा, जांगिल और सेंटिनलीज शामिल हैं, को द्वीपों का पहला निवासी कहा जाता है। लेकिन आज एक बड़ी संख्या विलुप्त होने की ओर है। बहरहाल, ग्रेट अंडमानीज की बची हुई आबादी काफी हद तक सर्वाइवल और भारतीय संगठनों के जोरदार अभियान पर निर्भर है।

**संथाल जनजाति**

संथाल बड़े पैमाने पर कृषि और पशुधन पर निर्भर हैं। ये जनजातियाँ पश्चिम बंगाल की प्रमुख जनजातियाँ हैं और ज्यादातर बांकुरा और पुरुलिया जिलों में देखी जाती हैं। इन्हें बिहार, झारखंड, ओडिशा और असम के कुछ हिस्सों में भी व्यापक रूप से देखा जाता है।

**गारो जनजाति**

गारो जनजातियाँ आदर्श रूप से अपनी जीवंत जीवनशैली के लिए जानी जाती हैं। वे ज्यादातर मेघालय की पहाड़ियों और बांग्लादेश के पड़ोसी क्षेत्रों और पश्चिम बंगाल, असम और नागालैंड के कुछ हिस्सों में देखे जाते हैं। गारो जनजातियों को मेघालय की अन्य जनजातियों से अलग करना आसान है।

**मुंडा जनजाति**

उनकी बस्ती मुख्य रूप से छोटा नागपुर पठार क्षेत्र में स्थित है और ज्यादातर झारखंड के घने इलाकों में देखी जाती है। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, बिहार, ओडिशा के कुछ हिस्सों में भी मुंडा जनजातियाँ निवास करती हैं।

**क्रुरुंबन जनजाति**

कुरुंबन जनजाति एक साधारण जीवन शैली का प्रदर्शन करती है, जो मुख्य रूप से तमिलनाडु और केरल में कृषि उत्पादों पर निर्भर है। इसके अलावा, वे व्यापक रूप से जादू टोना और जादुई प्रदर्शन के साथ-साथ पारंपरिक हर्बल दवाओं के लिए भी जाने जाते हैं। ये भी पढ़ें:- केरल का प्रमुख त्योहार ओणम है।

**बोडो जनजाति**

बोडो जनजातियाँ आज असम के उदलगुरी और कोकराझार और पश्चिम बंगाल और नागालैंड के कुछ हिस्सों में पाई जाती हैं। इसके अलावा, बोडो जनजातियाँ मांस खाने वाले लोग हैं।

**इरुलास जनजाति**

लगभग 3,00,000 की आबादी के साथ, इरुला तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और केरल के कुछ हिस्सों में रहते हैं। इसके अलावा, इरुला केरल की दूसरी सबसे बड़ी जनजाति है और ज्यादातर पलक्कड़ जिले में देखी जाती है।

**टोटो जनजाति**

पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के टोटोपारा गांव में रहने वाले अलग-थलग आदिवासी समूहों में से एक टोटो जनजाति है। उनकी जीवनशैली सरल है और वे काफी हद तक सब्जियों और फलों के व्यापार पर निर्भर हैं।

**(लेखिका झारखंड हाई कोर्ट की अधिवक्ता हैं। )**

# आदिवासियों की समस्या को लेकर बनी समितियों की रिपोर्ट



मृत्युंजय प्रसाद



अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस वैश्विक स्तर पर आदिवासी आबादी के अधिकारों की रक्षा एवं जागरूकता बढ़ाने के लिये प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को मनाया जा रहा है।

9 अगस्त, 2018 को भारत के जनजातीय आबादी के स्वास्थ्य की स्थिति पर राष्ट्रीय रिपोर्ट जनजातीय स्वास्थ्य पर विशेषज्ञ समिति द्वारा भारत सरकार को प्रस्तुत की गई थी।

विश्व आदिवासी दिवसः

परिचयः यह दिन वर्ष 1982 में जिनेवा में स्वदेशी आबादी पर संयुक्त राष्ट्र कार्य समूह की पहली बैठक को मान्यता देता है।

यह संयुक्त राष्ट्र की घोषणा के अनुसार वर्ष 1994 से हर वर्ष मनाया जाता है। आज भी कई स्वदेशी लोग अत्यधिक गरीबी, वंचन और अन्य मानवाधिकारों के उल्लंघन का अनुभव करते हैं।

विषयः वर्ष 2022 के लिये इस दिवस की थीम ₹पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण और प्रसारण में स्वदेशी महिलाओं की भूमिका है।

परिचयः 13 सदस्यीय समिति का गठन संयुक्त रूप से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वार किया गया था।

समिति को पर्याप्त आँकड़े एकत्र करने और देश के आदिवासी लोगों की स्थिति की सही तस्वीर पेश करने में पाँच वर्ष का समय लगा है। भौगोलिक स्थितिः

भारत में 809 खण्डों/ब्लाक में जनजातीय आबादी निवास करती है। ऐसे क्षेत्रों को अनुसूचित क्षेत्रों के रूप में नामित किया गया है।

इस रिपोर्ट में अप्रत्याशित निष्कर्ष यह था कि भारत की 50% आदिवासी आबादी (लगभग 5.5 करोड़) अनुसूचित क्षेत्रों से बाहर, बिखरे हुए और हाशिये पर रहने वाले अल्पसंख्यक के रूप में है।

स्वास्थ्यः पिछले 25 वर्षों के दौरान जनजातीय लोगों के स्वास्थ्य की स्थिति में निश्चित रूप से सुधार हुआ है।

मृत्यु दरः पाँच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर वर्ष 1988 में 135 (प्रति 1000 मृत्यु) (राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण ठञ्ञ्लर-1) से घटकर वर्ष 2014 (ठञ्ञ्लर-4) में 57 (प्रति 1000 मृत्यु) हो गई है। अन्य की तुलना में अनुसूचित जनजातियों में पाँच वर्ष से कम आयु के लोगों की मृत्यु दर का प्रतिशत बढ़ गया है।

कुपोषणः आदिवासी बच्चों में बाल कुपोषण 50% अधिक है (अन्य में 28% की तुलना में 42%)।

मलेरिया और क्षय रोगः आदिवासी लोगों में मलेरिया और क्षय रोग 3-11 गुना अधिक आम हैं।

हालाँकि आदिवासी लोग राष्ट्रीय आबादी का केवल 8.6% हैं, भारत में उनमें 50% की मौत मलेरिया से होती है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभालः जनजातीय लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों जैसे सरकार द्वारा संचालित सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों पर बहुत अधिक निर्भर हैं। जनजातीय क्षेत्रों में ऐसी सुविधाओं की संख्या में 27% से 40% की कमी है और चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टरों में 33% से 84% की कमी है। जनजातीय लोगों के लिये सरकारी स्वास्थ्य देखभाल हेतु धन के साथ-साथ मानव संसाधनों का भी अभाव है। जनजातीय उप-योजना लेखांकनः यह राज्य में जनजातीय आबादी के प्रतिशत के बराबर अतिरिक्त वित्तीय परिव्यय आवंटित करने और खर्च करने की आधिकारिक नीति है। वर्ष 2015-16 के अनुमान के अनुसार आदिवासी स्वास्थ्य पर सालाना 15,000 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च किये जाने चाहिये। हालाँकि सभी राज्यों द्वारा इसका पूरी तरह से उल्लंघन किया गया है। नीति पर कोई लेखा-जोखा या जवाबदेही मौजूद नहीं है। कितना खर्च हुआ या नहीं हुआ यह कोई नहीं जानता।

**समिति की प्रमुख सिफारिशें:**

सबसे पहले समिति ने एक राष्ट्रीय जनजातीय स्वास्थ्य कार्ययोजना शुरू करने का सुझाव दिया, जिसका लक्ष्य अगले 10 वर्षों में स्वास्थ्य और स्वास्थ्य देखभाल को संबंधित राज्य के औसत के बराबर लाना है।

दूसरा, समिति ने 10 प्राथमिकता वाली स्वास्थ्य समस्याओं, स्वास्थ्य देखभाल अंतराल, मानव संसाधन अंतराल और शासन समस्याओं के समाधान के लिये लगभग 80 उपायों का सुझाव दिया।

तीसरा, समिति ने अतिरिक्त धन के आवंटन का सुझाव दिया ताकि आदिवासी लोगों पर प्रति व्यक्ति सरकारी स्वास्थ्य व्यय राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति (2017) के घोषित लक्ष्य (यानी प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद का 2.5%) के बराबर हो जाए।

भारत सरकार द्वारा आदिवासी कल्याण हेतु उठाए कदमः

अनामय 1000 स्प्रिंग्स पहल

प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई)

ट्राइफेड जनजातीय स्कूलों का डिजिटल परिवर्तन

विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों का विकास

प्रधानमंत्री वन धन योजना एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय। ओडिशा का राज्य में रहने वाले आदिवासियों की विशाल आबादी के कारण भारत में अद्वितीय स्थान है। ओडिशा में 62 आदिवासी समुदाय रहते हैं जो ओडिशा की कुल आबादी का 22.8% है। ओडिशा की जनजातीय भाषा 3 मुख्य भाषा परिवारों में विभाजित है। वे ऑस्ट्रो-एशियाटिक (मुंडा), द्रविड़ और इंडो-आर्यन हैं। प्रत्येक जनजाति की अपनी भाषा और भाषा परिवार होता है। भाषाओं में शामिल हैं:

ऑस्ट्रो-एशियाटिकः भूमिज, बिरहोर, रेम (बोंडा), गाता (दीदई), गुटब (गडाबा), सोरा (साओरा), गोरुम (परेगा), खड़िया, जुआँग, संताली, हो, मुंडारी आदि।

द्रविड़ः गोंडी, कुई-कोंढ, कुवी-कोंढ, किसान, कोया, ओलारी, (गडाबा) परजा, पेंग, कुदुख (उराँव) आदि।

इंडो आर्यनः बथुडी, भुइयाँ, कुरमाली, सौंटी, सदरी, कंधन, अघरिया, देसिया, झरिया, हल्बी, भात्री, मटिया, भुँजिया आदि।

इन भाषाओं में से केवल 7 में ही लिपियाँ हैं। वे संताली (ओलचिकी), सौरा (सोरंग संपेंग), हो (वारंगचिति), कुई (कुई लिपि), उराँव (कुखुद तोड़), मुंडारी (बानी हिसिर), भूमिज (भूमिज अनल) हैं। संताली भाषा को भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया गया है।

भारत में विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूहों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियेः

ढेबर आयोग ने 1973 में आदिम जनजातीय समूहों (पीटीजी) की एक अलग श्रेणी बनाई जो आदिवासी समूहों में कम विकसित थे। आयोग के अनुसार, अधिक विकसित और मुखर आदिवासी समूह आदिवासी विकास निधि का बड़ा हिस्सा लेते हैं जिसके कारण आदिवासियों को अपने विकास हेतु निर्देशित अधिक धन की आवश्यकता होती है। इस संदर्भ में भारत सरकार ने 1975 में सबसे कमजोर आदिवासी समूहों को एक अलग श्रेणी के रूप में पहचानने की पहल की जिसे आदिम संवेदनशील जनजातीय समूह कहा जाता है। गृह मंत्रालय द्वारा 75 आदिवासी समूहों को विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूहों के रूप में वगीर्कृत किया गया है। 18 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह में रहते हैं। अतः कथन 1 सही है एवं कथन 3 सही नहीं है। जिन मानदंडों का पालन किया जाता है वे हैं- प्रौद्योगिकी का कृषि-पूर्व स्तर, स्थिर या घटती जनसंख्या, अत्यंत कम साक्षरता और अर्थव्यवस्था का निर्वाह स्तर।

स्पीड न्यूज

### एसकेएमयू की बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक सम्पन्न

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक मंगलवार को कांफ्रेंस हॉल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ. विमल प्रसाद सिंह ने की। बैठक में नई शिक्षा नीति के तहत यूजी चार वर्षीय प्रोग्राम का सिलेबस निर्माण पर चर्चा किया गया। कुलपति डॉ सिंह ने बारी-बारी से सभी विभागाध्यक्षों से सिलेबस निर्माण कार्य का प्रगति रिपोर्ट प्राप्त किया और जल्दी से जल्दी सिलेबस निर्माण कर डीएसडब्लू कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित विभागाध्यक्षों ने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा सिलेबस निर्माण की कार्य अंतिम चरण में है। बहुत जल्दी प्राप्त निर्देश के अनुसार सिलेबस डीएसडब्लू कार्यालय में जमा कर दिया जायेगा। बैठक में डीएसडब्लू डॉ संजय कुमार सिंह, रजिस्ट्रार डॉ संजय कुमार सिन्हा, डॉ पूनम हेम्ब्रम, डॉ अब्दुस सत्तार, डॉ विनय कुमार सिन्हा, डॉ एस एन अधिकारी, डॉ टीपी. सिंह, डॉ निलेश कुमार, डॉ. हशमत अली, डॉ. पीपी सिंह, डॉ संजीव कुमार सिन्हा, बास्की नीरज, डॉ सुशील टुडू, डॉ स्नेहलता मुर्मू, डॉ सुशील टुडू, डॉ विनोद कुमार शर्मा, मनोज, पंकज एवं दीपक कुमार दास आदि उपस्थित थे।

### एसकेएमयू एमएड. सेमेस्टर-1 परीक्षा फार्म भरे जाएंगे 12 से

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का एमएड सेमेस्टर-1 का परीक्षा प्रपत्र ऑनलाइन भरने की तिथि मंगलवार को घोषित हुआ। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी 12 से 18 अगस्त तक ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। 19 से 21 अगस्त के बीच हार्ड कॉपी संबंधित कॉलेज में जमा कर सकतें हैं। उक्त परीक्षा प्रपत्र विश्वविद्यालय के आधिकारिक वेबसाइट से ऑनलाइन भरा जा सकेगा।

### निर्मल महतो की शहादत दिवस पर कार्यकताओं ने दी श्रद्धांजलि

**दुमका।** शहर से सटे के रिंग रोड स्थित आजसू जिला कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं ने आजसू के संस्थापक सदस्य सह झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता निर्मल महतो की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मंगलवार को किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुजीत मुर्मू ने किया। कार्यक्रम में पार्टी नेताओं द्वारा निर्मल महतो की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने झारखंड आंदोलन में उनके योगदान की चर्चा की। इस मौके पर विजेंदर सिंह, जयदेव मंडल, संगीता मरांडी, सुदीप मंडल सहित कई कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के नीति और सिद्धांतो से प्रभावित होकर एक दर्जन लोगों ने पार्टी का दामन थामा।

### 8 सालों के इंतजार के बाद दंपत्ति की गोद भरी

**दुमका।** झारखण्ड के सराकेला-खरसावां जिले में रहनेवाले और जमशेदपुर के एक बैंक के अधिकारी और उनकी पत्नी की सुनी गोद मंगलवार को भर गयी। तीन साल का बालक प्रियांश (काल्पनिक नाम) को अपने गोद में लेकर यह दंपत्ति बेहद खुश है। शादी के आठ सालों बाद भी यह दंपत्ति संतान सुख से वंचित था। 2019 में इस दंपत्ति ने बच्चे को गोद लेने का फैसला किया और कारा के वेबसाइट पर अपना निबंधन करवाया।

### तीन युवक सरिसवा नदी में गिरे,एक लापता

**पूर्वी चंपारण, (हि.स.)।** जिले के रक्सौल में नेपाल से आने वाली सरिसवा नदी में तीन युवक असंतुलित होकर गिर गये। जिसमें दो ने तैर कर अपनी जान बचा ली, एक युवक अभी तक पता नहीं चल सका। पुलिस के मुताबिक रक्सौल के सुंदरपुर निवासी तीन युवक नेपाल के वीरगंज से लौट रहे थे।इसी बीच अचानक तीनों असंतुलित होकर तेज बह रही सरिसवा नदी में गिर गए। उसके बाद तीनों खुद को बचाने की कोशिश करने लगे। जिनमें दो युवक लक्ष्मण चौधरी एवं रमाकांत चौधरी तैरना जानते थे।

# सदन में संख्याबल नहीं पीएम के मौन पर सवाल

## अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बोले तेजस्वी यादव

एजेंसी



**पटना।** राजद नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा है कि संसद में अविश्वास प्रस्ताव भाजपा की संख्या बल को देखकर नहीं बल्कि प्रधानमंत्री की मणिपुर मामले में चुप्पी को लेकर लाया गया है। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि दिल्ली में मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है। वो थोड़ी ना इस बात को साबित करने के लिए हो रही है कि किसके पास कितनी संख्या है, बात तो ये हो रही है कि मणिपुर को लेकर प्रधानमंत्री मौन धारण क्यों किए हुए हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि बात हो रही है कि मणिपुरी यदि जलता है तो भारत जलता है. प्रधानमंत्री मौन हैं, कैसे हो रहा है. क्या हो रहा है, नहीं हो रहा है. किसी भी चीज को लेकर वह कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है।

**इन बयानों से उनका संस्कार झलकता है :** तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारे परिवार को कोई गाली दे या ना दे, हमको क्या फर्क पड़ रहा है। देख लीजिए क्या उन लोगों का संस्कार है। जनता देख रही है जितना गाली पड़ता है, उतना हम मजबूत हो रहे हैं। भाजपा के लोग हमारे परिवार को जितनी पता नहीं यह लोग क्या बोलते रहता है। सच से इसका कोई लेना-देना है। क्या बोले ना बोले, आप लोग तो जान ही रहे हैं ना इन लोगों का क्या काम है? भाजपा के तरफ से इंडिया गठबंधन को घमंडिया गठबंधन कहे जाने को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि इन्हीं बातों से हो भाजपा का संस्कार मालूम चलता है। भाजपा का यह संस्कार है देख लिजिए वो लोग किसी तरह की बात करते हैं, हम तो उन्हीं बातों पर विशेष धयान नहीं देते हैं. कहने दिगिए उनको जो भी कहना है।

**हमको कोई फर्क नहीं पड़ता :** लोकसभा में आज अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जोरदार बहस जारी है. इस दौरान भाजपा के कई सांसद राजद परिवार के साथ जेडीयू का गठबंधन बनाने को लेकर सवाल उठाया गया और राजद परिवार को लेकर कई तरह की बातें कही गई। अब इन्हीं आरोपों को लेकर तेजस्वी यादव से सवाल किया गया है तो उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि हमारे परिवार को कोई गाली दे या ना दे हमको क्या फर्क पड़ रहा है. जनता सबकुछ देख रही है. हमें जितना गाली पड़ता है उतना हम मजबूत होते हैं। देख लीजिए क्या उन लोगों(भाजपा ) का संस्कार है।

**चार्जशीट एक्सेप्टबल होने पर लेना होगा बेल :** अगली सुनवाई में ये तय होगा कि चार्जशीट एक्सेप्टबल है या नहीं। अगर कोर्ट तेजस्वी के खिलाफ चार्जशीट स्वीकार कर लेता है तो उन्हें इस मामले में बेल लेनी पड़ेगी. आज सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि अभी लालू यादव और तीन रेलवे अधिकारियों के खिलाफ केस चलाने के लिए केंद्र सरकार से इजाजत नहीं मिली है। सीबीआई ने इसके लिए कोर्ट से एक महीने का समय मांगा, जिसपर कोर्ट ने 12 सितंबर को सुनवाई की तिथि निर्धारित कर दी।

**लालू के रेलमंत्री रहते हुआ था घोटाला :** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे की नियुक्त में एक बड़ा घोटाला हुआ था। इस घोटाले की जांच का जिम्मा सीबीआई को मिला था। सीबीआई की जांच के दौरान यह बात सामने आयी कि तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद ने रेलवे में नौकरी देने के एवज में लोगों से जमीनें और फ्लेट रजिस्ट्री कराया था। जमीनों और फ्लैट की रजिस्ट्री लालू प्रसाद की पत्नी राबड़ी देवी, उनकी बड़ी बेटी मीसा भारत, हेमा यादव और तेजस्वी यादव के नाम से कराई गई थी. इस मामले में सीबीआई के साथ-साथ ईडी भी मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच कर रही है। इस मामले में सीबीआई लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के खिलाफ पहले ही चार्जशीट दाखिल कर चुकी है, जिसमें उन्हें बेल मिल चुकी है. पिछले दिनों सीबीआई ने तेजस्वी यादव के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी, जिस पर आज दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई होनी है।

### अब 12 सितंबर को होगी सुनवाई

इस बीच, रेलवे में नौकरी देने के बदले जमीन और फ्लैट रजिस्ट्री कराने के मामले में डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के खिलाफ सीबीआई की तरफ से दायर किए गए चार्जशीट पर होने वाली सुनवाई आज टल गई। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में आज मामले की सुनवाई होनी थी. सीबीआई ने बीते 3 जुलाई को तेजस्वी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था. सीबीआई द्वारा तेजस्वी के खिलाफ दायर चार्जशीट पर अब 12 सितंबर को सुनवाई होगी।

# भाजपा नेता का मुस्लिम युवक से थूक चटाने का वीडियो वायरल



**दुमका (हि.स.)।** भाजपा के पूर्व विधायक देवेंद्र कुंवर पर एक युवक से उठक-बैठक करवाने, सरेआम थूक चटाने और लात मारने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जरमुंडी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुंवर ने भरी सभा में खुद अदालत लगाकर फैसला सुनाते हुए सजा भी दे दी। मामले में पूर्व विधायक देवेंद्र कुंवर का कहना है कि यह लड़का बगल के ही गांव साधुडीह का रहने वाला है और इसका नाम तौसीफ है। उसके दादा उनकी जमीन पर फल की दुकान चलाते हैं। गांव के ही कुछ लोगों ने रविवार को उनसे शिकायत की थी कि तौसीफ नदी में स्नान करने वाली गांव की महिलाओं का वीडियो बनाता है। इसके बाद ग्रामीण तौसीफ को उनके पास ले आये और पंचायत बुलाई गई। इस पंचायत में जमा लोग तौसीफ के प्रति काफी उग्र थे और वे ही उसे थूक चटवाने का दबाव दे रहे थे। जब वह ऐसा नहीं कर रहा था तो उन्हें लगा कि कहीं ग्रामीण ज्यादा आक्रोश में आकर इसकी पिटाई न करने लगें, इसीलिए उन्होंने उसे लात मार दी। पूर्व विधायक ने सफाई देते हुए कहा कि पंचायत के बाद वे उसको घर पर भी ले गए। पूर्व विधायक ने थूक चटाने की बात को झूठा करार देते हुए कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है। वह जमीन पर झुककर सभी से माफी मांग रहा था। उस वीडियो के छोटे से क्लिप को दूसरे ढंग से पेश करके उन्हें बदनाम करने की साजिश की जा रही है। थाना प्रभारी ने मामले में अनभिज्ञता जताई है लेकिन उन्होंने कहा कि मामला सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि यह वीडियो कब का है अब तक पता नहीं चला है। न्यूज स्कोप इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। उल्लेखनीय है कि देवेंद्र कुंवर जरमुंडी के पूर्व विधायक रह चुके हैं। वे बाबूलाल मरांडी के भी करीबी रहे हैं। वह 2009 और 14 में झाविमो के टिकट पर जरमुंडी से चुनाव लड़े थे लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। कुंवर ने 2019 में भी भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था लेकिन हार गए थे।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर आयुक्त ने की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर संताल परगना प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डालेल की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में आयुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमा,औदात्य और राजकीय सम्मान का प्रतीक है। राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन द्वारा मुख्य समारोह स्थल पुलिस लाईन,दुमका में झण्डोत्तोलन करेंगे। राज्यपाल के दौरे के दौरान दिए गए सभी निदेर्शों एवं दायित्वों का निर्वहन सभी पदाधिकारी पूरी तत्परता से करेंगे। झंडोत्तोलन मंच एवं मार्ग की सजावट, मंच पर वाटरप्रूफ शेड की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। समारोह स्थल पर अग्निशमन वाहन,शौचालय,पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन, दुमका को निर्देश दिया कि मेडिकल की टीम, एंबुलेंस एवं पूर्ण चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ फर्स्ट एड की पूरी व्यवस्था करेंगे।

### एसकेएमयू में सिलेबस निर्माण में छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा पर होगी विशेष जोर: कुलपति

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ. विमल प्रसाद सिंह ने कहा नई शिक्षा नीति के तहत चार वर्षीय यूजी प्रोग्राम के लिए सिलेबस का निर्माण में छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा संबंधित विषयों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सिलेबस का निर्माण राज्य सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के राष्ट्रीय शिक्षा नीति कार्यान्वयन प्रकोष्ठ द्वारा तैयार पाठ्यचर्या की रूपरेखा और क्रेडिट प्रणाली के ड्राफ्ट अनुसार तैयार किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा सभी मुख्य विषयों के अतिरिक्त छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास के लिए अन्य विषयों का भी सिलेबस तैयार किया जा रहा है। रोजगारोन्मुखी या वोकेशनल विषय संथाल परगना के क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं एवं संसाधनों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा वोकेशनल विषयों का सिलेबस तैयार किया जा रहा है। जिससे विश्वविद्यालय से अध्यन करने वाले छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक कार्य करने की ज्ञान औपचारिक शिक्षा के साथ मिल सके और आगे चलकर किसी विशेष व्यापार या पेशे के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हो तो उन्हें आसानी हो। बहुविषयक या मल्टीडिसीप्लिनरी विषय नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा इस बार बहुविषयक विषयों का भी सिलेबस तैयार किया जा रहा है। जिससे छात्र-छात्राओं को अपने संकाय से संबंधित विषयों के अतिरिक्त अन्य संकाय के विषयों का भी अध्यन करने का मौका मिले। क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम से विश्वविद्यालय से स्नातक करने वाले छात्र-छात्राओं में भाषाई दक्षता और लेखन कौशल को बढ़ावा देने के लिए क्षमता संवर्धन संबंधित विषयों का सिलेबस तैयार किया जा रहा है।

# पांच नक्सली गिरफ्तार, विस्फोटक बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** पश्चिम सिंहभूम जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षाबलो ने पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन नक्सली पूर्व विधायक गुरुचरण नायक के अंग रक्षकों पर हमला करने और नोआमुंडी में मैगजीन गोदाम लूट कांड में शामिल रहे हैं। गिरफ्तार नक्सलियों में 30 वर्षीय जय सिंह अंगरिया उर्फ राउतु अंगरिया, 36 वर्षीय मदन अंगरिया, 20 वर्षीय अभिषेक हंसदा उर्फ मटलू उर्फ चौड़े और 20 वर्षीय सुखलाल बाड़ा उर्फ चाड़ा टोंटो थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

जबकि 30 वर्षीय मोने तियु गोइलकेरा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ ने अभियान के दौरान पांचों नक्सली को गिरफ्तार किया है। हालांकि कुछ नक्सली जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। वही गिरफ्तार पांचों नक्सलियों के कब्जे से हथियार सहित कई समान बरामद किए गए है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि टोंटो थाना क्षेत्र में गांवबुरू जंगल के आसपास नक्सलियों के भ्रमणशील होने की सूचना मिली थी इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक अभियान के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा छापामारी करके पांचो को गिरफ्तार किया गया है। ये लोग सुरक्षाबलों को क्षति पहुंचाने के लिए आईईडी लगाने और पुलिस की गतिविधियों पर नजर रखने का काम भी करते थे। एसपी ने कहा कि गिरफ्तार नक्सलियों की निशानदेही पर विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किया गया। सुरक्षा की दृष्टिकोण से विस्फोटक को बीडीडीएस टीम ने मौके पर ही नष्ट कर दिया है।

# निर्मल महतो के शहादत दिवस पर 250 लोगों ने किया रक्तदान

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** शहीद निर्मल महतो कुड़मी भवन राखा आसनतलिया में सरस्वती देवी मेमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट के तत्वावधान में निर्मल महतो के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा सह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विधायक सुखराम उरांव, पूर्व विधायक बहादुर उरांव, सरस्वती देवी मेमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम सुंदर महतो, झारखंड राज्य आंदोलनकारी चिन्हितकरण आयोग के सदस्य भुवनेश्वर महतो द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं श्रद्धांजलि देकर की गई। रक्तदान शिविर में दो ब्लड बैंकों द्वारा 250 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। जिसमें चाईबासा ब्लड बैंक ने 144 और एमजीएम जमशेदपुर ब्लड बैंक की टीम ने 106 यूनिट रक्त संग्रह किया। शिविर में 22 महिलाओं ने भी रक्तदान किया। मौके पर विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि शहीद निर्मल महतो गरीबों की हक की लड़ाई लड़ते शहीद हुए थे। उनके सपनों को साकार करने की जरूरत है। पूर्व विधायक बहादुर उरांव ने कहा कि शहीद निर्मल महतो ने अलग झारखंड राज्य बनाने के लिए जो आंदोलन किया था वह कभी भुलाया नहीं जा सकता है। शिविर में मुख्य रूप से पूर्व विधायक शशि भूषण समाड, पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई, सिकंदर जामुदा, विनोद भगेरिया, प्रवीर प्रमाणिक, बलराज हिंदवार, नृपेंद्र महतो, बसंत महतो, करण महतो, रोमित सिंह, दुर्योधन महतो, गणेश महतो, अजय हिंदवार, विजय समाड, अरविंद महतो, पिंटू महतो, ओम प्रकाश महतो, गौरी शंकर महतो, नरेंद्र महतो ,शंकर लाल महतो , प्रदीप महतो, सूरज महतो, खिरोद महतो ब्रह्माकार गोप ,दिनेश महतो, मुकुंद महतो नृपेंद्र महतो, बसंत महतो, बासिल हेम्ब्रम, प्रेम नाथ महतो, युधिष्ठिर महतो समेत मौके पर समाज के बुद्धिजीवी तथा सामाजिक कार्यकर्ता काफी संख्या में उपस्थित थे।

**शहीद निर्मल महतो को विभिन्न जगहों पर दी गई श्रद्धांजलि :** टोटेमिक कुड़मी समाज की ओर से शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस चक्रधरपुर शहर के विभिन्न जगहों पर मनाया गया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी एवं सक्रिय सदस्यों ने कार्यक्रम में शामिल होकर शहीद निर्मल दा को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी आत्मा शांति की प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा सबसे पहले दन्दासाई, धातकीडीह, पंप रोड, संस्कार भवन बोड़दा में दी गई। इसमें समाज के कई पदाधिकारी समाजसेवी सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### महिला प्रताड़ना एक जघन्य अपराध: अरुण ओझा

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान में झुमरीतिलैया के गुमो स्थित काली मंडा प्रांगण सामुदायिक भवन में मंगलवार को चलंत लोक अदालत सह विद्युत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एलडीसीएस के अधिवक्ता अरुण कुमार ओझा उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिला प्रताड़ना एक जघन्य अपराध है, चाहे वह आर्थिक रूप से हो, मानसिक रूप से हो या शारीरिक रूप से हो। इसके लिए कानून में कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं हैं। हर क्षेत्र में वह लड़कों से कदम से कदम मिलाकर चल रही है और बेहतर काम कर रही है। वहीं उन्होंने कहा कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है, लिंग परीक्षण करना और कराना दोनों भी अपराध की श्रेणी में आता है, इसके लिए कानून में सजा का प्रावधान है। मौके पर पीएलबी कंचन कपूर, राजेश पांडे, अजय कुमार वर्मा, सुरेंद्र राणा, मनोज राणा, बालेश्वर राणा, राजू रविदास, संतोष राणा, सुरेश पंडित, बजरंगी लाल विश्वकर्मा, भीम लाल महतो, सीताराम वर्मा, महेश कुमार सहित कई महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मातृ छाया चौरिटेबल हॉस्पिटल ने मंगलवार को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर ग्राम बच्चेडीह पंचायत भवन में लगाया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों का इलाज एवं दवा नि:शुल्क दिया गया। वहीं मातृ छाया चौरिटेबल के संस्थापक जुगनू जयंत सिन्हा ने कहा कि जिनका एकमात्र संकल्प है कोई भी गरीब पैसों की कमी के कारण बीमारी से जूझे नहीं तथा इलाज की कमी से किसी व्यक्ति की मौत न हो जाय। विशाल हृदय एवं गरीबों के देवता के रूप में उभर रहे हैं ये हर क्षेत्र के लोगों को बढ़-चढ़कर सभी को सभी क्षेत्र में चाहे वह विद्यार्थी हो, चाहे किसान हो, चाहे खिलाड़ी हो हर हरसंभव मदद करते हैं। उनके मंजिल तक पहुंचाने की कोशिश करते हैं। वहीं दूधपनिया के बच्चों को फुटबॉल भी दिया गया एवं कामना किए हैं की अच्छे खिलाड़ी बनो। शिविर का उदघाटन स्थानीय मुखिया वीना देवी ने की। मौके पर शौर्य अजय प्रताप यादव, रविंद्र यादव, सोनू यादव, जागेश्वर यादव, उपेंद्र यादव, रोहित सिन्हा, अजय कुमार यादव, सुरेन्द्र यादव, कृष यादव आदि मौजूद थे।

### सड़क सुरक्षा नियमों को सख्ती से पालन करें: डीटीओ

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सड़क सुरक्षा के तहत यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने को लेकर नव पदस्थापित डीटीओ विजय कुमार सोनी काफी सजग दिखे। योगदान देने के दूसरे दिन मंगलवार को परिवहन पदाधिकारी श्री सोनी ने यातायात नियमों को लेकर झुमरीतिलैया शहर का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने शहर की पार्किंग व्यवस्था, सुचारू रूप से निर्धारित रूट में वाहनों का परिचालन, नो एंट्री का पालन, सीट बेल्ट व हेलमेट का सही से पालन तथा दोपहिया वाहनों की गति पर नियंत्रण जैसी यातायात नियमों से जुड़ी हर पहलुओं पर गौर किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीटीओ श्री सोनी ने कहा कि जिले में ट्रैफिक व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, साथ ही नाबालिक बच्चों द्वारा दोपहिया वाहनों के प्रयोग करते पाए जाने पर अभिभावकों पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी, जरूरत पड़ी तो इनसे जुमार्ना की राशि भी वसूली जाएगी। उन्होंने कहा सड़क सुरक्षा नियमों को सख्ती से पालन किया जाएगा। इधर डीटीओ के निर्देश पर तिलैया थाना क्षेत्र में दो पहिया वाहन को लेकर जांच अभियान चलाया गया, जहां 12 मोटरसाइकिल से 18 हजार रुपया जुमार्ना वसूला गया। वहीं डीटीओ कार्यालय के कर्मी अभिषेक मरांडी ने बताया कि तिलैया थाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया, जहां बिना हेलमेट, ट्रिपल लोड, बिना लाइसेंस के 12 दो पहिया वाहन मालिकों से 18 हजार जुमार्ना वसूला गया। मौके पर पुलिस के जवान मौजूद थे।

### तिलैया थाना प्रभारी पर मारपीट कर घर से निकालने को लेकर एसपी को दिया आवेदन

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत गुमो निवासी सुदामा देवी पति सिकंदर बर्णवाल ने एसपी कुमार गौरव को आवेदन सौंपकर तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार व अन्य के द्वारा मारपीट कर रात्रि में बिना कोई कागजात दिखाए सामान के साथ घर से बाहर निकाल देने का आरोप लगाया है। आवेदन में सुदामा देवी ने बताया है कि वर्ष 2010 में मेरी सास चंपा देवी के नाम से केवाला मौजा गुमो थाना तिलैया खाता नंबर 220/576 प्लॉट नंबर 5857/6498 रकबा 4.50 डी खरीदा था, जिस पर हम सपरिवार 12 वर्षों से खुशी-खुशी रहते चले आ रहे हैं। 6 अगस्त दिन रविवार को मेरी 12 वर्ष की पुत्री 9 वर्ष का पुत्र एवं मेरी मां जब घर पर अकेली थी, तो मुन्ना मोदी पिता दशरथ मोदी पानी टंकी रोड झुमरीतिलैया निवासी व अन्य मेरे घर में घुस गए तथा मेरे घर का समान फेंकने लगे तथा कीमती सामान को लुटने लगे। जिसके बाद मैंने 100 नंबर पर कॉल की तो पुलिस आई और दोनों पक्षों से घर का कागजात मांगा। सुदामा देवी ने आगे बताया कि 26 जुलाई को रामसेवक मोदी व अन्य मेरे गेट का ताला तोड़कर घर में घुस गए, मारपीट की और सामान लूट लिया था, जिसकी शिकायत तिलैया थाना में की थी, तब मेरे आवेदन पर प्राथमिक की दर्ज नहीं की गई, तत्पश्चात 5 अगस्त को मैंने एसपी को आवेदन दी थी, जिसकी वजह से थाना प्रभारी विनोद कुमार ने 6 अगस्त को हम सबको मारपीट कर रात्रि में घर से निकलवा दिए।

### एमपीडब्लू ने सड़क पर गिरा पर्स किया वापस

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के एमपीडब्लू गुप्तेश्वर प्रसाद ने मानवता के साथ ईमानदारी पेश करते हुए सिंघिताली निवासी राजेन्द्र चौबे के पुत्र अरुण चौबे का सड़क पर गिरा हुआ पर्स वापस किया है। जिसमें पांच हजार नगद, एटीएम कार्ड व अन्य दस्तावेज भी थे। जानकारी के अनुसार गुप्तेश्वर बाईक से अस्पताल आ रहे थे, जिन्हें ब्लॉक गेट के पास गिरा हुआ पर्स मिला। जिसमे पांच हजार रु नगद, एटीएम कार्ड व आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज था। इसके बाद अस्पताल पहुंचकर अन्य कर्मियों को इसकी जानकारी दी। चर्चा के बीच ही एक व्यक्ति दौड़ता हुआ आया और अपना पर्स बताते हुए कहा कि अस्पताल से ही बाईक से पेट्रोल लेने जा रहा था। इसी बीच पर्स पॉकेट से गिर गया था। पम्प पर पहुंचने के बाद पता चला कि पर्स खो गया है। खोजते हुए दोबारा अस्पताल पहुंचा तो भीड़ देखर वहां पहुंचा तो पता चला की उक्त समान मेरा ही है।

### दो बच्चों के पिता ने घर मे अकेली नाबालिग से किया अनैतिक यौनाचार, मामला दर्ज

सरैयाहाट। जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के एक गाँव में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जहाँ एक ग्यारह वर्षीय बच्ची के साथ दो बच्चों के पिता उसके पड़ोसी ने अनैतिक यौनाचार कर सारी हदें पार कर दी। घटना को लेकर पीड़ित बच्ची की माँ ने सरैयाहाट थाना में मामला दर्ज करवाते हुए बताया है की सोमवार को वे बैंक गई हुई थी, दोपहर करीब दो बजे ट्यूशन से लौट उसकी बेटी घर में अकेली थी इसी दौरान उसका पड़ोसी नरेश मंडल घर में घुस उसके साथ छेड़खानी करने लगा। इस तरह का गलत काम करने से मना करने पर मारपीट कर कहा की किसी को यह बात नहीं बताना नहीं तो अंजाम बुरा होगा। उसके बाद नाबालिग अकेली घर में रोने लगी। उसके कुछ देर बाद जब नाबालिग की मां घर आई तो अपनी बेटी को रोता देखकर पुछा कि क्या बात है। उसके बाद उसने सारी बात बताई। जिसकी जानकारी नाबालिग की मां ने पति को दिया। जो में एक्सिस बैंक में कार्यरत है।

### भाजपाईयों ने की बैठक

**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय में एक बैठक की गई। बैठक में राष्ट्रीय कार्यक्रम विभाजन विभीषिका कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया गया। ज्ञात हो कि विभाजन विभीषिका कार्यक्रम के दौरान 13 अगस्त को जिला कार्यालय में प्रदर्शनी लगाया जाएगा। रामाशीष तिवारी को कार्यक्रम का प्रभारी एवं विकास तिवारी को सह प्रभारी बनाया गया है। वहीं 14 अगस्त को मौन जुलूस चिनियां मोड़ काली स्थान से मझिआंव मोड़ तक निकाली जाएगी।